सूर्योदय : 5:11
सूर्यास्त : 6:59
अधिकतम तापमान : 38.7
न्यूनतम : 26.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-350 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 12 जून 2026
25 जिलहिज्जा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# भारत पूरे भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा

- नीति आयोग की 11वीं बैठक में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- सामूहिक जिम्मेदारी से ही बनेगा विकसित भारत
- युवाओं को बेहतर शिक्षा, कौशल और रोजगार प्राथमिकता




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, तब भी भारत पूरे आत्मविश्वास और पक्के इरादे के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि जैसे-जैसे हम 'विकसित भारत' के सपने की ओर बढ़ रहे हैं, केंद्र और सभी राज्य सरकारों की सामूहिक जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास इस समय युवाओं की सबसे बड़ी आबादी है। यह एक ऐसा ऐतिहासिक अवसर है जिसे हम किसी भी कीमत पर गंवा नहीं सकते। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता युवाओं को बेहतर शिक्षा, बाजार की मांग के हिसाब से हुनर और रोजगार के नए अवसर देना होना चाहिए। पीएम मोदी ने जोर दिया कि मजबूत और सक्षम युवा ही विकसित भारत के सफर की सबसे बड़ी ताकत बनेंगे।

व्यापार को बढ़ावा देने पर बात करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत ने दुनिया के कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इससे भारतीय सामान के निर्यात के लिए नए रास्ते खुले हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते हमारे छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए एक बड़ा मौका हैं। अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाकर वैश्विक बाजारों के लिए खुद को तैयार करना होगा।

बैठक में पीएम मोदी ने महिला नेतृत्व की बात पर भी खासा जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए महिलाओं का विकास और उनकी भागीदारी सबसे मजबूत स्तंभ है। पीएम मोदी ने कहा कि खेती-किसानी से लेकर स्टार्टअप, विज्ञान और इनोवेशन तक हर क्षेत्र में देश की महिलाएं अपना बड़ा योगदान दे रही हैं। उन्होंने सभी राज्यों से अपील की कि वे महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता बनाएं।

इसके अलावा बैठक में पीएम मोदी ने सहकारी संघवाद यानी केंद्र और राज्य सरकारों के मिलकर काम करने की भावना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को आपस में बातचीत और सहयोग बढ़ाना चाहिए।

### रोजगार और कौशल विकास पर जोर

बैठक के बारे में जानकारी देते हुए नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों ने रोजगार के मुद्दे पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल विकास सबसे ज्यादा जरूरी है। उपाध्यक्ष के मुताबिक, उद्योगपतियों की अक्सर यह शिकायत रहती है कि उन्हें बाजार की जरूरत के हिसाब से हुनरमंद लोग नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम 1990 या 2000 के दशक की पुरानी तकनीकों के भरोसे नहीं बैठ सकते। जैसे-जैसे तकनीक बदल रही है, हमें नए हुनर सीखने होंगे।

### मानव विकास और जापान का उदाहरण

इस बार की बैठक का मुख्य एजेंडा विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास था। उपाध्यक्ष ने बताया कि इसमें इंसान के बचपन से लेकर बुढ़ापे तक के चारों चरणों, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और वृद्धावस्था पर बारीकी से चर्चा हुई। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए एक बेहद दिलचस्प बात कही। उन्होंने बताया कि मेइजी बहाली के दौरान जापान की तरक्की तब शुरू हुई थी, जब वहां साक्षरता दर 40 प्रतिशत तक पहुंची थी। वहीं, भारत में आज साक्षरता दर पहले ही 70 प्रतिशत से ऊपर जा चुकी है। ऐसे में एक साक्षर, स्वस्थ और शिक्षित आबादी ही देश की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। सभी राज्यों ने अपनी-अपनी योजनाओं को इस मंच पर साझा किया। बैठक में पश्चिम बंगाल को लेकर पूछे गए सवाल पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने वहां के इतिहास का हवाला देते हुए मदद की बात जरूर उठाई, लेकिन इस पर कोई बहुत विस्तृत या ठोस चर्चा नहीं हुई। उन्होंने याद दिलाया कि वह खुद सात मई तक पश्चिम बंगाल से विधायक थे। इसके अलावा, बैठक में बिजली की कीमतों और ऊर्जा सुरक्षा पर लंबा मंथन हुआ। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों ने घरों, स्कूलों और अस्पतालों की छतों पर सोलर पैनल लगाने पर जोर दिया, ताकि ग्रिड पर निर्भरता और सब्सिडी का बोझ कम हो सके। कई सदस्यों ने यह भी कहा कि तकनीक बदलने के कारण अब परमाणु ऊर्जा पूरी तरह सुरक्षित है और हमें चेरनोबिल जैसी घटनाओं से डरने की जरूरत नहीं है।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक ऊर्जा संकट के प्रतिकूल प्रभाव से सुरक्षित : योगी



- नीति आयोग की बैठक में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विगत 12 वर्षों में अपने यशस्वी नेतृत्व, दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं अथक परिश्रम से भारत को वैश्विक मंच पर एक नई वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सक्षम नेतृत्व में भारत वैश्विक ऊर्जा संकट के प्रतिकूल प्रभाव से सुरक्षित है। 07 विशेष वचनों का पालन करने का प्रधानमंत्री का देशवासियों से आह्वान, राष्ट्र प्रथम और आत्मनिर्भरता के संकल्पों से जुड़ने की नई राह दिखाता है। 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रत्येक राज्य, जिला और गाँव को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने का मंत्र दिया था।

'विकसित भारत' के सामूहिक संकल्प से प्रेरित होकर उत्तर प्रदेश में विकसित उत्तर प्रदेश/2047 विजन डॉक्युमेण्ट तैयार किया गया है। इस संकल्पना के क्रियान्वयन के क्रम में, राज्य सरकार के समक्ष कुछ महत्वपूर्ण विषय हैं, जिन पर उन्होंने नीति आयोग एवं भारत सरकार से सकारात्मक विचार करने का अनुरोध किया। प्रदेश में आंगनवाड़ी केन्द्र बन रहे हैं। प्रदेश में लगभग 72 हजार सह-स्थित आंगनवाड़ी केन्द्रों को बालवाटिका के रूप में संचालित किया जा रहा है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित 11.84 लाख रुपये की लागत के साथ-साथ, राज्य सरकार ने 30.22 लाख की लागत से 2,000 वर्गफीट में आधुनिक आंगनवाड़ी केन्द्रों का नवीन प्रतिमान अंगीकार किया है।

# ममता के भतीजे पर भड़के कल्याण बनर्जी

**टीएमसी में भगदड़ जारी**

- अपमान बर्दाश्त नहीं, दीदी मुझे चुने या अभिषेक को



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में अंदरूनी मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। पार्टी सांसद और वरिष्ठ नेता कल्याण बनर्जी ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए उनके नेतृत्व और व्यवहार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मीडिया से बातचीत में कल्याण बनर्जी ने कहा कि वह अब अभिषेक बनर्जी से जुड़े किसी भी कानूनी मामले की पैरवी नहीं करेंगे, क्योंकि उन्हें उनका 'घमंडी रवैया' पसंद नहीं है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने वकालत के पेशे में 45 साल बिताए हैं और कई मौजूदा नेता कभी उनके जूनियर के रूप में काम कर चुके हैं। कल्याण बनर्जी ने कहा, 'अभिषेक बनर्जी मेरा अपमान नहीं कर सकते। राजनीति में भी मैं उनसे वरिष्ठ हूं। उन्हें यह समझना होगा कि उनकी वजह से पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है और आज पार्टी जिस संकट से गुजर रही है, उसके लिए भी वही जिम्मेदार हैं।

### अभिषेक ने पार्टी को बर्बाद कर दिया

कल्याण बनर्जी ने कहा कि वह अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते और इस मुद्दे पर पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी से भी अपील करेंगे। कल्याण बनर्जी ने कहा, मैं दीदी से कहना चाहता हूं कि अगर आप अभिषेक पर ही निर्भर रहना चाहती हैं तो उन्हीं के साथ रहिए, मुझे छोड़ दीजिए। लेकिन अगर आप उनसे अलग होती हैं तो मैं आपके साथ हूं। उन्होंने पार्टी को बर्बाद कर दिया है।' कल्याण बनर्जी के इस बयान ने राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी है।

## ईरान ने पश्चिम एशिया में अमरीकी ठिकानों को बनाया निशाना

- हमले में कुवैत में अली अल-सलेम व अहमद अल-जाबेर एयर बेस शामिल

**तेहरान।** ईरान ने भी अमरीका के कई ठिकानों पर हमले किए हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दक्षिणी ईरान पर अमरीकी हमलों के बाद, मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल कर पश्चिम एशिया में 18 अमरीकी ठिकानों पर हमले किए हैं। इनमें कुवैत में अली अल-सलेम और अहमद अल-जाबेर एयर बेस शामिल हैं।

ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी के हवाले से जारी बयान में कहा गया है कि गुरुवार तड़के, आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स और नेवी ने अमरीकी सेना के '18 ठिकानों' पर दो चरणों में हमले किए। ये हमले 'हमलावर को सज़ा देने और अमरीकी सेना के हमले के जवाब में' किए गए थे। इनमें कुवैत में अली अल-सलेम और अहमद अल-जाबेर एयर बेस के साथ-साथ बहरीन में शेख ईसा एयर बेस भी शामिल थे। ईरानी समाचार एजेंसी के अनुसार, इस्लामिक रिपब्लिक ने उत्तरी इराक में अमेरिकी हरीर एयर बेस पर भी हमला किया। ईरान ने इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में अमेरिकी रडार साइट और होर्मुज और फारस की खाड़ी में अमेरिकी जहाजों पर भी हमला किया।

## यूपी में टूटे बिजली आपूर्ति के सारे रिकॉर्ड, 31,894 मेगावाट पहुंची मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली की मांग लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश देश में इतिहास की सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति कर रहा है और यह आंकड़ा अन्य राज्यों की तुलना में भी सबसे अधिक है।

मंत्री के अनुसार, गत 9 जून की रात को बिजली की पीक डिमांड 31,678 मेगावाट दर्ज की गई थी। लेकिन 10 जून की रात यह आंकड़ा पार करते हुए 31,894 मेगावाट तक पहुंच गया। यह अब तक की सर्वाधिक पीक डिमांड है। बढ़ते उपभोग के बीच यह आंकड़ा बढ़ती बिजली जरूरत को दर्शाता है।

## ओमान के पास एक और भारतीय जहाज 'जलवीर' पर हमला, 20 लोग थे सवार



**नई दिल्ली।** ओमान के शिनस बंदरगाह के पास एक भारतीय जहाज पर हमला हुआ है। जिस भारतीय जहाज पर ये हमला हुआ है उसका नाम एमटी जलवीर है। रिपोर्टों के मुताबिक जहाज पर करीब 20 भारतीय नागरिक सवार हैं, हालांकि उनकी सुरक्षा और स्थिति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। अधिकारियों की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उन्हें गुरुवार को शिनास बंदरगाह के पास एक पोत से संबंधित घटना की सूचना मिली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है।

बयान के अनुसार घटना के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाने के लिए स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। फिलहाल घटना के कारणों और संभावित प्रभावों को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस हमले की जानकारी ओमान में भारतीय एंबेसी की ओर से दी गई है।

बता दें कि ओमान तट के पास बीते बुधवार को भी एक कमर्शियल जहाज पर हमला हुआ था। इस जहाज में कुल 28 लोग सवार थे। इनमें से 24 भारतीय थे। इस हमले के बाद तीन भारतीय लापता बताए जा रहे हैं, जबकि 21 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा की है।

### अमेरिका ने जहाज पर हमले की बात कबूली

**टाम्पा।** अमेरिका ने माना है कि उसने गिनी-बिसाऊ के झंडे वाले एमटी जलवीर को निशाना बनाया है। कथित तौर पर उनके निर्देशों का पालन न करने के कारण ओमान की खाड़ी में एक तेल टैंकर को निष्क्रिय किया गया। सेंटकॉम ने इसे लेकर बयान जारी किया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, जहाज ईरानी तेल के परिवहन की कोशिश कर रहा था और ईरान के खिलाफ लागू नाकाबंदी का उल्लंघन कर रहा था।




# डीएम का डूडा कार्यालय में निरीक्षण, लापरवाही मिलने पर डूडा पीओ समेत दो का वेतन रोका

**आईजीआरएस में असंतुष्ट फीडबैक पर भड़कीं जिलाधिकारी, लापरवाही पर कड़ी फटकार, शिकायतकर्ता से फोन पर बात कर समस्या सुलझाने के दिए निर्देश**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने गुरुवार को आईजीआरएस के निस्तारण के असंतुष्ट फीडबैक के आधार पर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा कर कार्यालय की उपस्थिति पंजिका, अभिलेखों के रखरखाव, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया। डीएम ने लंबित प्रकरण की शिकायत मिलने पर परियोजना अधिकारी डूडा का वेतन रोकने के निर्देश दिए साथ ही शिकायतकर्ता से वार्ता कर समस्या का निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और लाभार्थियों को समय से लाभ उपलब्ध कराने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कार्यालय में अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख रखाव, साफ सफाई और बेहतर कार्य संस्कृति बनाए रखने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कार्यालय के उपस्थित रजिस्टर का गहन जांच करते समय कर्मचारी सीएलपीसी (सिटी लाइवलीहुड्स प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर) अर्पित पांडे बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका समयबद्ध तरीके पर समाधान किया जाए, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने परियोजना अधिकारी डूडा का वेतन रोकते हुए शिकायतकर्ता से स्वयं बात कर समस्या का वास्तविक निराकरण के लिए कड़े निर्देश दिए। डीएम ने जिलाधिकारी ने विभागीय कार्यों में और अधिक तेजी लाने तथा शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

## बीएचयू से छात्र-छात्राओं के लिए कैंट तक बस सेवा शुरू

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर को वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाली विद्युत बस सेवा आज गुरुवार से प्रारंभ कर दिया गया। बताया गया कि, विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं आमजन के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विश्वविद्यालय को वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाली नई बस सेवा कि शुरुआत की गई है। इस योजना के अंतर्गत आठ विद्युत बसें इस मार्ग पर संचालित की जाएंगी, जिससे विश्वविद्यालय के हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों की यात्रा सुगम होगी।

यह सेवा समाज के व्यापक हित में विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे लोकहित के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण परिणाम है। वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से प्रारम्भ की गई यह पहल यात्रियों को पर्यावरण-अनुकूल, किफायती एवं सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को प्रोत्साहित करने तथा विश्वविद्यालय और शहर के मध्य बेहतर संपर्क की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ का मॉक अभ्यास

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** आगामी मॉनसून-2026 के दौरान संभावित बाढ़ एवं उससे उत्पन्न होने वाली आपात परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आज उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में एक व्यापक संयुक्त मॉक अभ्यास का सफल आयोजन किया गया। यह अभ्यास उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तथा जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, नागरिक पुलिस, जल पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सहयोगी एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से सम्पन्न हुआ। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न एजेंसियों के मध्य समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग का परीक्षण एवं सुदृढ़ीकरण करना था, जिससे जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके। मॉक अभ्यास में एनडीआरएफ की फ्लड वॉटर रेस्क्यू टीमों ने उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में सक्रिय भागीदारी निभाई।

यह अभ्यास गोरखपुर, महराजगंज, लखनऊ, उन्नाव, गाजीपुर एवं वाराणसी सहित बाढ़ संभावित जनपदों में आयोजित किया गया, जहां विभिन्न आपदा परिदृश्यों का यथार्थपरक प्रदर्शन किया गया। इस अभ्यास के दौरान नदी में व्यक्ति के डूबने की घटना, यात्री नौका के पलटने, अचानक आई बाढ़ के कारण प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों के सुरक्षित बचाव एवं निकासी जैसे महत्वपूर्ण परिदृश्यों पर आधारित खोज एवं बचाव अभियान संचालित किए गए। इन अभियानों में आधुनिक बचाव उपकरणों, नावों एवं विशेष आपदा प्रतिक्रिया तकनीकों का सफल प्रदर्शन किया गया। पूरे अभ्यास के दौरान इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम के दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया गया। अभ्यास के समापन पर सभी सहभागी एजेंसियों जिला प्रशासन, पुलिस, जल पुलिस, यातायात पुलिस, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग एवं एनडीआरएफ ने संयुक्त रूप से अपने प्रदर्शन की समीक्षा की तथा आपसी समन्वय एवं आपदा प्रबंधन क्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि, एनडीआरएफ अत्याधुनिक उपकरणों, उच्च प्रशिक्षित मानव संसाधन के साथ किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए पूर्णतः सक्षम एवं तैयार है।

# हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार, पिस्टल व कारतूस बरामद

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** सिगरा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित एक आरोपी को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त .32 बोर की अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बताया गया कि, पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डीसीपी काशी जोन, एडीसीपी काशी जोन एवं एसीपी चेतगंज के नेतृत्व में सिगरा पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान यशस्वी ललित श्रीवास्तव (28 वर्ष) निवासी राजाजीपुरम, थाना तालकटोरा, लखनऊ के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, 4 मई 2026 की रात करीब 12:40 बजे महमूरगंज निवासी संजय यादव अपने घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान एक सफेद रंग की अल्टो कार से पहुंचे बदमाशों में से एक ने उन पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान हमलावरों ने संजय यादव को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई थी। पीड़ित की तहरीर पर सिगरा थाने में हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी यशस्वी ललित श्रीवास्तव को लखनऊ के खरगपुर स्थित कैलाशपुरी कॉलोनी में होटल शिमला ग्रांड के कमरा नंबर 201 से गुरुवार तड़के करीब 3:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से .32 बोर की एक अवैध पिस्टल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1), 3(5), आर्म्स एक्ट की धारा 3/25/27 तथा आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम की धारा 7 के तहत दर्ज मुकदमे में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## डाफी स्थित सत्कार होटल पर पीएनजी नेचुरल गैस सेवा शुरू

**वाराणसी।** गेल (इंडिया) ने (सीजीडी) परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ, सुरक्षित एवं किफायती ऊर्जा के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए डाफी क्षेत्र स्थित 'सत्कार होटल' में पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति आज गुरुवार को सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दी गई है। वही बताया गया कि,इस आपूर्ति परियोजना का सफल क्रियान्वयन गेल की प्रोजेक्ट्स टीम द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व नवाज़िश अली अंसारी,उप महाप्रबंधक द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री अंसारी ने बताया कि, वाराणसी सीजीडी परियोजना का समग्र संचालन सुशील कुमार, महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि, डाफी स्थित 'सत्कार होटल प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है।

# मुड़हरा गांव में जल संकट : बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण पानी के संकट से नहीं हो रही युवाओं की शादी

**नमामि गंगे योजना के तहत ढाई साल पहले बिछी थी पाइपलाइन, टेस्टिंग के बाद से नल सूखे; आक्रोशित महिलाओं ने खाली बर्तन रख जताया विरोध**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शहर कोतवाली के मुडहरा गांव में नमामि गंगे योजना के तहत करोडो रुपये की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया साथ ही घर घर पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन भी बिछाई गई, बावजूद इसके ग्रामीणों को बूंद बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। तीन हैंडपंप और एक कुए के भरोसे पूरा गांव निर्भर है। इस समस्या का सबसे ज्यादा असर गांव की महिलाओं में पड़ने से उनमे आक्रोश व्याप्त है साथ ही गांव में पानी के संकट का असर अब गांव के युवाओं में पड़ने लगा है। पानी की किल्लत को देखते हुए कोई भी परिवार इस गांव के युवाओं को अपनी पुत्री का रिश्ता करने के लिए तैयार नहीं हैं। गांव में कोई धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम किया जाता है तो उसके लिए पानी के टैंकर मंगाना पड़ता है। इस समस्या को लेकर महिलाओं ने पानी के खाली बर्तन रखकर अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है।

सदर तहसील के मुड़हरा गांव में नमामि गंगे योजना के तहत पाइपलाइन बिछाई गई और पानी की टंकी का निर्माण भी कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ढाई साल बीत जाने के बाद भी उन्हें केवल पानी की टेस्टिंग ही देखने को मिली। टेस्टिंग के बाद से आज तक नलों से पानी की एक बूंद भी नहीं निकली। 2 हजार की आबादी वाले इस गांव में लोग भीषण गर्मी के बीच केवल तीन हैंडपंपों और एक मंदिर के कुएं पर निर्भर हैं। इनमें से दो हैंडपंपों का पानी इतना खारा है कि उसे पीना तो दूर, सामान्य उपयोग में भी नहीं लाया जा सकता। बताया कि गांव के बाहर लगा एक मात्र हैंडपंप ही लोगों की प्यास बुझाने का सहारा बना हुआ है। गांव की महिलाओं का कहना है कि उनकी पूरी जिंदगी पानी भरकर ले जाने में गुजर रही है। अब यही समस्या उनके बच्चों की पढ़ाई और भविष्य पर भी असर डाल रही है। महिलाओं का कहना है कि दिन का बड़ा हिस्सा पानी की व्यवस्था करने में निकल जाता है, जिससे दूसरे काम प्रभावित होते हैं। गांव के बाहर लगे हैंडपंप में सुबह से शाम तक महिलाओं, बच्चों की कतार में पानी के इंतजार में रहते हैं।

# डायल-112 पीआरवी पुलिस टीम की तत्परता से बची महिला व दो मासूम बच्चों की जान

**मेमू एक्सप्रेस आने से ठीक पहले पटरी से हटाकर मां व दो बच्चों को बचाया**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में संचालित डायल-112 पीआरवी वाहनों द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल आपात सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में पीआरवी पुलिस टीम द्वारा निरंतर सराहनीय कार्य पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ किए जा रहे हैं।

10 मई 2026 को कालरद्ध आसिफ खान पुत्र शराफत खान निवासी मोहल्ला भाटीपुरा, थाना कोतवाली महोबा द्वारा डायल-112 पर सूचना दी गई कि एक महिला अपने दो बच्चों के साथ खजुराहो-महोबा रेलवे लाइन पर आत्महत्या करने के लिए पटरी पर मौजूद है।

उक्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में संचालित पीआरवी-7334 मौके के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर कालर द्वारा बताया गया कि खजुराहो मेमू एक्सप्रेस के आगमन का समय निकट है तथा महिला अपने बच्चों सहित रेलवे ट्रैक पर बैठी हुई है।

पीआरवी टीम द्वारा बिना विलंब किए खजुराहो-महोबा रेल मार्ग पर खंभा संख्या 1272/01 के पास पहुंचकर देखा गया कि महिला मुस्कान मंसूरी अपने दो बच्चों जोया एवं साहिल के साथ पटरी पर बैठी हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीआरवी कर्मियों ने अत्यंत तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला एवं बच्चों को समझा-बुझाकर तत्काल रेलवे ट्रैक से सुरक्षित स्थान पर हटाया तथा उनकी जान बचायी।

पूछताछ में महिला द्वारा पारिवारिक कलह एवं ससुराल पक्ष से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास करने की बात बताई गई। पीआरवी टीम द्वारा महिला की काउंसिलिंग करते हुए उसे समस्या के समाधान के लिए आश्वस्त किया गया। तत्पश्चात घटना की सूचना प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा, प्रभारी डायल-112 एवं संबंधित अधिकारियों को दी गई। मौके पर उपनिरीक्षक शिवम पांडे मय हमराह पुलिस बल पहुंचे, जिनको महिला एवं बच्चों को सकुशल सुपुर्द करते हुए घटना से अवगत कराया गया।

# मंसूरी समाज के शादी समारोह में चार मुस्लिम और एक हिन्दू जोड़े की हुई शादी

**आल इंडिया मंसूरी समाज समिति ने प्रेमपूर्वक उपहार देकर दुल्हनों को किया विदा**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** आल इंडिया मंसूरी समाज का इज्तिमाई शादी सम्मेलन गुरूवार को कस्बा खरेला के एक गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। सम्मेलन में पांच जोड़ों ने एक दूसरे को अपना हमसफर चुना। विवाह सम्मेलन में चार मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया, जबकि एक हिन्दू जोड़े की शादी एक आश्रम में पंडित ने हिन्दू रीति रिवाज के तहत विवाह संपन्न कराया गया। विवाह पूर्ण होने के बाद समिति के लोगों ने नए दंपत्तियों को शादी की मुबारकबाद दी भेंट स्वरूप उपहार देकर विदा किया।

शादी समारोह चार जोड़ों का निकाह हाफिज जब्बार ने कुबूल कराया। वहीं एक हिन्दू जोड़े की हिन्दू रीति रिवाज के साथ आश्रम में शादी सम्पन्न कराई गई। मुस्लिम जोड़ों में मुबारक खां, मुस्कान, बब्लू, सन्नो, शब्बीर, हसना खातून, वही, रूखसाना ने एक दूसरे को अपना हमसफर चुना, जबकि एक हिन्दू समाज से अरूण कुमार चित्रकूट के साथ रानी पिपरौधा हमीरपुर का विवाह संपन्न हुआ। सभी जोड़ों को मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने उपहार एवं प्रेम भेंट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि ने कहा कि मंसूरी समाज बहुत पिछड़ा समाज है, जिसके रोजगार के संसाधन न होने के कारण जो अपने बच्चों की शादी करने में असमर्थ होते हैं। कहा कि ऐसे लोगों की मदद के लिए आल इंडिया मंसूरी समाज प्रत्येक वर्ष शादी सम्मेलन का आयोजन कर गरीब परिवारों की मदद करता चला आ रहा है और उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाता है। आल इंडिया मंसूरी समाज के मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रहीम बक्स मंसूरी ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पिछड़े समाज को जागरूक करना व उनका उत्साह वर्धन करना है। युवा पीढ़ी को शिक्षित बनाने और बुजुर्गो का सम्मान करने की प्रेरणा देना है। जिलाध्यक्ष राका मंसूरी व पसमांदा मुस्लिम समाज के जिलाध्यक्ष अंसार मंसूरी और सम्मेलन अध्यक्ष शकील मंसूरी ने बताया कि सम्मेलन में आने वाले जोड़ों के खानपान, ठहरने और उपहारों की व्यवस्था की गई थी।

## अंतर्जनपदीय कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ एडीजी जोन आगरा द्वारा



**अलीगढ़।** एडीजी जोन आगरा एसके भगत द्वारा 3 वीं अंतर्जनपदीय आगरा जोन आगरा पुलिस कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता वर्ष-2026 का छेरत स्थित पुलिस लाईन में भव्य परेड के साथ शुभारंभ किया गया। 'समस्त खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर पूर्ण खेल भावना के साथ प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। 3 दिवसीय प्रतियोगिता में आगरा जोन के 8 जनपदों की टीमों के 288 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न



**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी नगर किंशुक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं व गतिविधियों के साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य एवं कोविड), स्पॉन्सरशिप, दत्तक ग्रहण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पीएम केयर्स चिल्ड्रन, बाल श्रम उन्मूलन, आर0आर0 कार्यक्रम व हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन से सम्बन्धित विषयों पर विस्तृत चर्चा हुयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत 2222 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अन्तर्गत 254 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है जबकि 139 बच्चों को लैपटॉप वितरित किया गया है। उन्होंने स्पॉन्सरशिप योजना के अन्तर्गत 18 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। एडीएम सिटी ने निर्देशित किया है कि मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत बाल संरक्षण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किये जाएं साथ ही ब्लॉक बाल संरक्षण समिति एवं ग्राम बाल संरक्षण समिति की नियमित रूप से बैठक कराते हुये सूचना उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करने, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति में लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण का बल दिया है।

## भक्ति और उत्साह के साथ निकली भगवान शिव की भव्य बारात, श्रद्धालुओं ने किया जगह-जगह स्वागत

**गोण्डा।** जनपद के ग्रामसभा लालेमऊ स्थित अमाहुवा कुटी से भगवान शिव की भव्य बारात बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण के बीच निकाली गई। बारात अमाहुवा कुटी से प्रस्थान कर ग्रामसभा बसेरिया, सकतपुर, शिवलाघाट मंदिर और ग्रामसभा कंजेमऊ होते हुए पुनः आश्रम पहुंची। बारात में बाबा जगराम दास, कुंवर राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बच्चा साहेब, प्रधान कौशलेंद्र प्रताप सिंह (लालेमऊ), डॉ. रोहित तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की बारात का स्वागत किया और 'हर-हर महादेव' के लगे नारे जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# मेगा बाढ़ मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** संभावित बाढ़ आपदा की स्थिति में जनपद की तैयारियों का परीक्षण एवं विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, फर्रुखाबाद द्वारा दिनांक 11 जून, 2026 को राज्य स्तरीय मेगा बाढ़ मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। जनपद की तीनों तहसीलों के चिन्हित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आयोजित इस अभ्यास का शुभारम्भ प्रातः 09:00 बजे किया गया तथा विभिन्न आपदा परिदृश्यों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन एवं अभ्यास करते हुए इसका समापन सायं 04:30 बजे किया गया।

मॉक ड्रिल के अंतर्गत तहसील सदर के ग्राम पंखियाँ की मड़ैया, मजरा कटरी धरमपुर, थाना मऊदरवाजा, विकास खण्ड बढ़पुर में बाढ़ चौकी, राहत शिविर (शेल्टर होम) एवं फील्ड हॉस्पिटल की स्थापना का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रभावित व्यक्तियों को राहत शिविरों तक सुरक्षित पहुंचाने, आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा राहत सामग्री वितरण की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया।

तहसील अमृतपुर में बाढ़ के दौरान नाव पलटने की काल्पनिक घटना का परिदृश्य तैयार कर प्रभावित व्यक्तियों के सुरक्षित रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, चिकित्सकीय सहायता तथा त्वरित राहत कार्यों का सफल प्रदर्शन किया गया। आपदा प्रतिक्रिया दलों द्वारा बचाव कार्यों में आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग का भी प्रदर्शन किया गया।

इसी प्रकार तहसील कायमगंज के ग्राम गुटैटी दक्षिण, थाना एवं विकास खण्ड शमसाबाद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित निकालकर वाहनों के माध्यम से राहत शिविरों तक पहुंचाने, राहत सामग्री वितरण, चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वित कार्यवाही का सफल अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान तीनों तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारियों ने नोडल अधिकारी एवं इंसिडेंट कमाण्डर के रूप में संपूर्ण गतिविधियों का नेतृत्व किया तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए अभ्यास को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

इस अवसर पर जनपद की विभिन्न आपदा प्रतिक्रिया एजेंसियों एवं विभागों द्वारा सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। मॉक ड्रिल में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), आर्मी, पुलिस विभाग, फ्लड पीएसी, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीमें एवं एम्बुलेंस सेवाएं, आपदा मित्र, अग्नि सचेतक, राजस्व विभाग, होमगार्ड, सिंचाई विभाग, ग्राम स्तरीय आपदा प्रबंधन समितियां तथा अन्य संबंधित विभागों एवं एजेंसियों ने प्रतिभाग करते हुए आपसी समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया।

मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों एवं आपदा प्रतिक्रिया बलों की तैयारियों का मूल्यांकन करना, उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता का परीक्षण करना, विभागीय समन्वय को सुदृढ़ बनाना तथा जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही का अभ्यास करना था।

## भाजपा सांसद मुकेश राजपूत द्वारा रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अमृत योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन कार्य से संबंधित अधिकारियों को उत्तम गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सांसद मुकेश राजपूत ने रेलवे स्टेशन पर वृक्षारोपण भी किया साथ में जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी मौजूद रहे।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए सांसद मुकेश राजपूत ने बताया फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन का कार्य अमृत योजना के तहत कराया जा रहा है यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसके अंतर्गत जिसमें मुख्य कार्यों में यात्री सुविधाओं का आधुनिकीकरण जिसमें प्रतीक्षालय, लिफ्ट,एस्केलेटर, मुफ्त वाईफाई सुविधा सम्मिलित है। स्टेशन का कायाकल्प जिसमें सुंदर प्रवेश द्वार चौड़े प्लेटफार्म और दिव्यांग जनों के लिए विशेष सुविधाएं शामिल है फर्रुखाबाद जनपद का रेलवे स्टेशन अमृत योजना में चयनित हुआ था जिसके अंतर्गत स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है अधिकारियों की जानकारी के मुताबिक यह कार्य मई-जून 2027 तक पूर्ण करने की अवधि तय की गई है जिसके लिए अधिकारियों को जून 2027 से पूर्व ही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं अच्छी गुणवत्ता के साथ सारे कार्यों को किया जाए।

# राम मंदिर में कथित घोटाले के आरोपों पर राजर्षि महंत एकनाथ महाराज का बड़ा हमला



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** तापसी छावनी पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य के उत्तराधिकारी राजर्षि महंत एकनाथ महाराज ने राम मंदिर में कथित घोटाले के आरोपों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि मंदिरों और धार्मिक संस्थाओं के संरक्षक ही भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों में घिरने लगें तो यह केवल आर्थिक मामला नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर भी चोट है।राजर्षि महंत एकनाथ महाराज ने कहा कि धर्म और मंदिरों की रक्षा का कार्य सदियों से संत-महात्माओं और धर्माचार्यों ने किया है, लेकिन आज कुछ लोग भगवा वस्त्र धारण कर धर्म के नाम पर अपना कारोबार चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आस्था के नाम पर एकत्रित होने वाले धन का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि आम हिंदू श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई भगवान को समर्पित करता है, लेकिन यदि वही धन कुछ लोगों की व्यक्तिगत संपत्ति, ऐशो-आराम और पीढ़ियों के वैभव का साधन बन जाए तो यह अत्यंत गंभीर विषय है। उनके अनुसार ऐसे लोगों को कानून के दायरे में लाकर जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

राजर्षि महंत ने एक बड़ा सुझाव देते हुए कहा कि मंदिरों में भक्तों द्वारा समर्पित धन का उपयोग राष्ट्र और समाज के कल्याण में होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि मंदिरों की आय का पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी छोटे-बड़े मंदिरों के पुजारियों को नियमित वेतन दिया जाए। उन्होंने कहा कि मंदिरों में आने वाला धन सरकार की निगरानी में जनकल्याणकारी योजनाओं, गरीबों के उत्थान, भूखों के भोजन और जरूरतमंदों की सहायता में लगाया जाना चाहिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी मंदिरों के लिए ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिसमें पुजारियों को निर्धारित मानदेय मिले और मंदिरों की आय का पारदर्शी उपयोग समाजहित में

## ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रात्रि चौपाल में करेंगे प्रवास

**अयोध्या।** क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित समाधान और ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से विधायक वेद प्रकाश गुप्ता जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ गांवों में रात्रि चौपाल आयोजित करेंगे। इस दौरान वह ग्रामीणों की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण की दिशा में आवश्यक निर्देश देंगे। साथ ही दोनों स्थानों पर रात्रि प्रवास कर ग्रामीणों के बीच समय भी बिताएंगे।कार्यक्रम के अनुसार 13 जून को विकास खंड पूरा बाजार की ग्राम सभा हैंसा तथा 15 जून को ग्राम सभा अकवारा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।गुरुवार को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह के साथ दोनों कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया।

## ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रात्रि चौपाल में करेंगे प्रवास

**अयोध्या।** क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित समाधान और ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से विधायक वेद प्रकाश गुप्ता जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ गांवों में रात्रि चौपाल आयोजित करेंगे। इस दौरान वह ग्रामीणों की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण की दिशा में आवश्यक निर्देश देंगे। साथ ही दोनों स्थानों पर रात्रि प्रवास कर ग्रामीणों के बीच समय भी बिताएंगे।कार्यक्रम के अनुसार 13 जून को विकास खंड पूरा बाजार की ग्राम सभा हैंसा तथा 15 जून को ग्राम सभा अकवारा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।गुरुवार को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह के साथ दोनों कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया।

## निरीक्षणः रीडगंज चौराहे पर सफाई के लिए बनेगा चैंबर

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** रीडगंज चौराहे पर सफाई के लिए चेंबर का निर्माण होगा और नाला की सफाई कराकर मरम्मत कराई जाएगी। यह निर्देश महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर निगम की अधिकारियों को दी। वह नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। चौक लाइट गेट से सुबह सवा सात बजे निरीक्षण अभियान की शुरुआत हुई। विकास प्राधिकरण के पुराने कार्यालय के सामने नाला की सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई। महापौर के साथ चल रहे पूर्व उपसभापति राजेश गौड़ ने मंगल पांडे वार्ड के इस नाले को सफाई अभियान में न शामिल किए जाने पर आपत्ति जताई। महापौर रीडगंज चौराहे पर पहुंचे तो वहां नाला में पानी का बहाव बंद था। नाला भी क्षतिग्रस्त नजर आया। महापौर ने नाला की मरम्मत कराने और उस पर पत्थर रखवाने तथा चौराहे पर सफाई के लिए चैंबर बनाने का निर्देश दिया। यहां भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने अशोक वृक्ष के पास चबूतरा बनाने का सुझाव रखा, जिस पर महापौर ने चबूतरा बनाने का भरोसा दिया। यहां से साकेत प्रिंटिंग प्रेस होते हुए महापौर राठहवेली की ओर बढ़े तो नगर आयुक्त ने रामपथ पर वाटर कियाक्स की जांच की।

## 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर में वॉलीबॉल एवं सेपक टकरा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**फतेहपुर।** 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर के खेल मैदान में गुरुवार को 30वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन वॉलीबॉल क्लस्टर (वॉलीबॉल एवं सेपक टकरा) प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता 11 जून से 13 जून तक आयोजित की जा रही है, जिसमें पूर्वी जोन की विभिन्न वाहिनियों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर के सेनानायक एवं आयोजन सचिव मनोज कुमार अवस्थी (आईपीएस) के निर्देशन में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पूर्वी जोन की 10 टीमों के कुल 163 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। वॉलीबॉल और सेपक टकरा प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक (आईपीएस) रहे। उन्होंने सभी टीमों के मैनेजरों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद बैंड की धुनों के बीच सभी टीमों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। खिलाड़ियों के अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उपस्थित अधिकारियों व दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

## ग्राम समाज की भूमि पर निर्माण को लेकर विवाद, डीएम से निष्पक्ष जांच की मांग

**खागा/फतेहपुर।** तहसील खागा क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर गौंती में ग्राम समाज की भूमि पर कथित निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने मामले की निष्पक्ष जांच और पैमाइश कराने की मांग जिलाधिकारी से की है। मोहम्मदपुर गौंती निवासी अनिल सिंह पुत्र स्वर्गीय लाल सिंह एवं नसरुल हसन पुत्र अब्दुल हसन ने प्रशासन को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम समाज की भूमि से संबंधित गाटा संख्या 5690 एवं 5691 के पास निर्माण कार्य कराया गया है। उनका कहना है कि राजस्व अभिलेखों के आधार पर पैमाइश कर यह स्पष्ट किया जाए कि निर्माण निजी भूमि पर है या ग्राम समाज की भूमि प्रभावित हुई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार संबंधित भूमि के निकट स्थित क्षेत्र में किए गए निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आशंका है। उन्होंने प्रशासन से मौके की जांच, सीमांकन और सत्यापन कराने के साथ ही दोष पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की है। मामले में उपजिलाधिकारी खागा डॉ. अभिनीत कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद विभागीय कर्मचारियों से जांच कराई गई थी। जांच के दौरान मौके पर कोई निर्माण कार्य होता नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि उपलब्ध रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की गई है। वहीं चकबंदी अधिकारी विनोद जैसल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की उपलब्धता होने पर राजस्व विभाग के साथ संयुक्त पैमाइश कराई जाएगी।

## मोहम्मदपुर गौंती गांव पहुंचीं सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल

### सपा नेता अब्दुल राफ़े के घर पहुंची विधायक



**फतेहपुर।** हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर गौंती में गुरुवार को सिराथू विधानसभा की विधायक डॉ पल्लवी पटेल पहुंचीं। उनके आगमन पर क्षेत्रीय लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने युवा समाजवादी नेता एवं सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव अब्दुल राफे के आवास पर आयोजित बैठक में ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं और आगामी विधानसभा चुनाव-2027 को लेकर चर्चा की। बैठक के दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और क्षेत्र के विकास से जुड़े सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना चाहिए तथा उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। इस दौरान सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। ग्रामीणों ने गौंती पुल से टांडा मार्ग के निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि यह मार्ग कौशांबी जिले की सिराथू विधानसभा और फतेहपुर जिले की हुसैनगंज विधानसभा को जोड़ता है, लेकिन सड़क की स्थिति खराब होने से लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्तर पर मामला उठाने का आश्वासन दिया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव-2027 को लेकर भी राजनीतिक चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने संगठन की मजबूती तथा जनसंपर्क बढ़ाने पर अपने विचार रखे। विधायक ने जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अब्दुल राफे, अब्दुल काफी, मानसिंह, प्रेमसिंह, अतुल यादव, अजय गौतम, डॉ. मनोज, कुंवारी रानी परी यादव, मुस्तफीज अहमद, शहादत अली सहित लगभग आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

## 45 दिन की वेल्डिंग ट्रेनिंग से युवाओं को मिल रहा रोजगार का अवसर

*अवधनामा संवाददाता*



**फतेहपुर।** युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में भिटौरा रोड स्थित जमालपुर तिराहा पर संचालित प्रथम वेल्डिंग ट्रेनिंग सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (हस्ष्ठष्ट) से मान्यता प्राप्त इस केंद्र में 45 दिवसीय वेल्डिंग प्रशिक्षण देकर युवक-युवतियों को रोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है।

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित इस केंद्र को वर्टिस इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट के सीएसआर फंड से सहयोग प्राप्त है। संस्था का दावा है कि अब तक 450 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण के बाद रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा चुके हैं। केंद्र में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का हाईस्कूल उत्तीर्ण होना तथा आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को निशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। सीएसआर मैनेजर फिरोज़ खान ने बताया कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवा उद्योगों में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

सेंटर इंचार्ज दिलीप कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण पूरी तरह व्यावहारिक और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। वेल्डिंग ट्रेड के मास्टर ट्रेनर विपिन कुमार ने बताया कि 45 दिनों के प्रशिक्षण में सुरक्षा मानकों, मापन तकनीक, बेसिक इलेक्ट्रिकल ज्ञान, आर्क वेल्डिंग, मिग/मैग वेल्डिंग, गैस कटिंग तथा निरीक्षण एवं परीक्षण जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर शिक्षा भी प्रदान की जाती है।

कंप्यूटर ट्रेनर कुमकुम शुक्ला ने बताया कि विद्यार्थियों को बेसिक से लेकर एडवांस स्तर तक का कंप्यूटर ज्ञान दिया जाता है, जिससे रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और उपलब्ध सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उनके भविष्य को नई दिशा देने और रोजगार प्राप्त करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

## डीएम ने की चकबंदी कार्यों एवं लंबित वादों की समीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों एवं लंबित वादों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न तहसीलों में प्रचलित चकबंदी कार्यों की प्रगति, न्यायालयों में लंबित वादों तथा ग्रामवार चकबंदी प्रक्रिया की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पीठासीन अधिकारीवार लंबित वादों की प्रगति का परीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि 3 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित सभी प्रकरणों की नियमित सुनवाई सुनिश्चित करते हुए उनका गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं है तथा पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है, उन ग्रामों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को तत्काल प्रेषित की जाए, ताकि शासन स्तर पर आवश्यक निर्णय लेते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि चकबंदी प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी क्षेत्रीय भ्रमण बढ़ाएं, ग्रामीणों से संवाद स्थापित करें तथा उनकी शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान करते हुए कार्यों को सुचारु रूप से आगे बढ़ाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) निरंकार सिंह, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी (एसओसी) संजय कुमार विश्वास, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे मे ट्रेक्टर ड्राइवार की दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** बीती रात्रि मे ट्रेक्टर से मिक्सर मशीन को अमेठी ले जा रहे चालक की सड़क हादसे में दर्दनाक हुई मौत से परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस नें डम्पर की टक्कर से मिक्सर समेत खंती में गिरे ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक के शव को निकाल कर पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार अमेठी जिले के थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के सेरसई मजरे सातन पुरवा निवासी रामकरण यादव (55) पुत्र स्व. रामसेवक यादव पेशे से ट्रैक्टर चालक था। बुधवार की रात हैदरगढ़ से ट्रैक्टर में मिक्सर मशीन टोचिंग करके अमेठी लौट रहा था। रात साढ़े आठ बजे हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में बिखरा-गोसूपुर मार्ग पर खनन में जुटे डम्पर नें मिक्सर मशीन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर से ट्रैक्टर मिक्सर मशीन समेत ससक किनारे खंती में जा गिरा। इस हादसे से हुई तेज आवाजों से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। लोगो की भीड़ लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस नें आनन-फानन में ट्रैक्टर चालक रामकरण का दबा हुआ शव बाहर निकलवाया। चालक की मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनो नें बताया कि मृतक के पत्नी और बच्चे नहीं है। राम करण ट्रैक्टर चलाकर अपना गुजारा करता था।

## घुंघटेर पुलिस ने भइयाओ को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** घुंघटेर पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तों को अवैध स्मैक समेत एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक घुंघटेर थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्या अपने हमराही उप निरक्षक आदर्श पाण्डेय हेड कांस्टेबल मुकेश बौद्द कांस्टेबल अरविन्द राजभर, बृजेश यादव के साथ क्षेत्र मे अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे। तभी सूचना मिली की दो व्यक्ति मोटरसाइकिल यूपी 41 डी 7265 से अवैध स्मैक लेकर आने वाले है। जिसके बाद पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार मोहम्मद सलमान व शमसेर आलम (दोनों अभियुक्त सगे भाई बताये जा रहे है) पुत्रगण मोहम्मद अनवर उर्फ़ फसन्नू निवासीगण ग्राम टिकरा उसमा थाना ज़ैदपुर को रोकर पूछताछ की तभी पुलिस को शक हुआ तो उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 382 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया। पुलिस दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीकृत कर जेल रवाना कर दिया है।

## अधिवक्ताओं ने नीतियों के खिलाफ खोला मोर्चा



**नौतनवा (महराजगंज)।** उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं पंजीयन विभाग द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) के माध्यम से निबंधन कार्य कराए जाने के आदेश के विरोध में मंगलवार को नौतनवा तहसील के अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में धरना देकर सरकार के निर्णय के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह आदेश अधिवक्ताओं के हितों के प्रतिकूल है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक सरकार इस आदेश को वापस नहीं लेती, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। रेवेन्यू बार एसोसिएशन के कनिष्ठ उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद शुक्ला एडवोकेट ने कहा कि प्रदेश सरकार अधिवक्ताओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है और उनके अधिकारों का अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्री दयानंद यादव के नेतृत्व में बैठक कर आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार भी किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने सरकार एवं स्टांप-पंजीयन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आदेश वापस लेने की मांग की। अधिवक्ताओं का कहना था कि सीएससी के माध्यम से निबंधन कार्य कराए जाने से उनके पेशे और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

## कोहड़वल-निचलौल मार्ग बदहाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने की मरम्मत की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** मिठौरा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोहड़वल से मुख्य चौराहा होते हुए निचलौल तक जाने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग जर्जर होकर राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और टूट-फूट होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है, जबकि बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सड़क के कारण दोपहिया वाहन चालक अक्सर अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। क्षेत्र के छात्र, कर्मचारी, किसान और अन्य राहगीर प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन सड़क की बदहाली के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मिठौरा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र मणि पांडेय ने संबंधित विभाग को शिकायत पत्र भेजकर मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि निचलौल-कोहड़वल मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। सड़क की स्थिति खराब होने से लोगों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द सड़क का निर्माण एवं मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग करते हुए कहा कि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई।

## फ्रंट कार्यालय के विरोध में तीसरे दिन भी हड़ताल जारी

### अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** उप निबंधन कार्यालय सदर में फ्रंट कार्यालय खोले जाने के शासनादेश के विरोध में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टांप विक्रेताओं, फोटोकॉपी संचालकों एवं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कार्य से जुड़े लोगों की हड़ताल गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रही। प्रदर्शनकारियों ने तहसील गेट पर नारेबाजी करते हुए सरकार के निर्णय का विरोध जताया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शुक्ला, लेखक संघ के अध्यक्ष चंद्रभान विश्वकर्मा तथा ई-स्टांपिंग से जुड़े शेषमणि गुप्ता ने आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि फ्रंट कार्यालय व्यवस्था लागू होने से अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही आम जनता पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक फ्रंट कार्यालय खोले जाने का आदेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक उप निबंधन कार्यालय में बैनामा समेत किसी भी प्रकार का दस्तावेजी कार्य नहीं किया जाएगा। इस दौरान एआईजी स्टांप एवं आयुक्त आलोक कुमार शुक्ल भी आंदोलनकारियों से वार्ता करने पहुंचे। मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, ई-स्टांप विक्रेता एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई।

## बाढ़ से निपटने की तैयारियों का मॉकड्रिल, डीएम-एसपी ने परखी व्यवस्थाएं

**फतेहपुर।** बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए गुरुवार को जनपद में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने तहसील बिंदकी के बिंदकी फार्म गांव पहुंचकर मॉकड्रिल की निगरानी की और विभागों की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पांडु नदी के कटान प्रभावित क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को गांवों को कटान से बचाने के लिए तत्काल परियोजना तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गंभीर रोगियों, धात्री महिलाओं तथा पशुओं की सूची तैयार करने और बाढ़ प्रभावित गांवों में टीकाकरण अभियान समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

## बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारी परखी गई

### सफलतापूर्वक संपन्न हुई बाढ़ मॉक ड्रिल



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) के निर्देशन में जनपद महराजगंज में बाढ़ मॉक ड्रिल-2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस अभ्यास का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों की तत्परता, आपसी समन्वय तथा राहत एवं बचाव कार्यों की प्रभावशीलता का परीक्षण करना था। जनपद की चारों तहसीलों में अलग-अलग परिदृश्यों के आधार पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। सदर तहसील के डोमरा गांव में बाढ़ से घिरे लोगों के रेस्क्यू, राहत सामग्री वितरण और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का अभ्यास किया गया। फरेंदा में राहत शिविर, बाढ़ चौकी एवं फील्ड अस्पताल की स्थापना कर आपदा प्रभावित लोगों को भोजन, पेयजल और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। वहीं निचलौल के गेडहवा गांव में नाव पलटने की काल्पनिक घटना पर आधारित खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया, जबकि नौतनवा में बाढ़ से अवसंरचना क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में राहत एवं पुनर्वास कार्यों का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान जिला आपदा परिचालन केंद्र (डीईओसी) को सक्रिय रखा गया तथा इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम (आईआरएस) के तहत सभी विभागों ने समन्वित रूप से कार्य किया।

अवधनामा



# डीएम/इंसीडेट कमान्डर के निर्देशन में हुआ मॉकड्रिल का संयुक्त अभ्यास

**एनडीआरएफ टीम व जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण द्वारा आपात स्थिति से निपटने के लिए दी गयी जानकारी**

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** उप्र राज्य आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार बाढ़ प्रबन्धन हेतु जिलाधिकारी/इंसीडेट कमान्डर शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशन में एनडीआरफ गोरखपुर की टीम व जिले के स्वास्थ्य विभाग, जिला पुलिस, पीएससी, आदि टीमों द्वारा बाढ़ आपदा होने पर खोज, राहत व बचाव कार्य के लिए मॉकड्रिल का संयुक्त अभ्यास गुरुवार को तहसील बांसी के रानी मोहभक्त लक्ष्मी घाट पर सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि आज जनपद में मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। एनडीआरएफ टीम व जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण द्वारा आपात स्थिति से निपटने के लिए घरेलू सामानो से बचाव के उपकरण के बारे में जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने तहसील बांसी स्थित अभ्यास स्थल का निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल है, इसलिए सभी विभागों को पूर्ण सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा आमजन को समय रहते आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। मॉक ड्रिल में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, सिंचाई विभाग, नगर निकाय, ग्राम्य विकास विभाग, विद्युत विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्वयंसेवकों एवं आपदा मित्रों ने भी अभ्यास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला प्रशासन द्वारा जनपद में बाढ़ आने पर की जाने वाली रेस्क्यू के बारे में लोगो को जानकारी दी गयी।

जिलाधिकारी/इंसीडेट कमान्डर शिवशरणप्पा जीएन के नेतृत्व में जनपद में माकड्रिल एक्सरसाइज का कार्यक्रम इस प्रकार सम्पन्न हुआ कि जैसे वास्तविक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर पूरा प्रशासनिक अमला विभागवार अपने-अपने दायित्वों का निर्धारित अवधि में सम्पन्न करा रहे है। आपदा कन्ट्रोल रूम नम्बर 0544297010, 0544297030 है। किसी भी आपात स्थिति में सहायता हेतु सम्पर्क करे।

मॉकड्रिल कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती, क्षेत्राधिकारी बांसी, तहसीलदार बांसी, अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड, एन.डी.आर.एफ. आपदा मित्र/सखी, तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों आदि की उपस्थिति रही।

## टीजीटी कला में प्राविधिक कला को मान्यता की मांग, मुख्यमंत्री से गुहार

**गोण्डा।** टीजीटी कला परीक्षा में प्राविधिक कला विषय को मान्यता देने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। गोण्डा के छात्रों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर प्राविधिक कला के अभ्यर्थियों को कम से कम एक अवसर देने की गुहार लगाई है। छात्रों का कहना है कि मान्यता न मिलने से हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है।

छात्र राजदीप, अमरदीप, दिव्या दिव्यदर्शनी, शिवा प्रियदर्शनी और पूजा मनमोहिनी ने पत्र में लिखा है कि पिछले कई वर्षों से हजारों विद्यार्थी टीजीटी कला में अवसर मिलने की उम्मीद से प्राविधिक कला विषय की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने इसी आशा में अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी नहीं की। लेकिन अब नियमों का हवाला देकर उन्हें परीक्षा में शामिल होने से वंचित किया जा रहा है। छात्रों का तर्क है कि गत वर्षों में टीजीटी कला विषय में रिक्तियों की संख्या बेहद कम रही है। इसकी वजह से पहले ही बहुत से अभ्यर्थियों को मौका नहीं मिल सका।

# डीएम की अध्यक्षता में प्रवक्ता राइका (प्रा0) 2025 को लेकर हुई बैठक

**जनपद में बनाए गये हैं 6 परीक्षा केन्द्र, जिस पर 3253 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में प्रवक्ता (पुरूष/महिला) राजकीय इन्टर कालेज (प्रा0) 2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने संबधित प्रधानाचार्यो एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि केन्द्र पर समय से समस्त तैयारियां पूर्ण करा ले। परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण, सीसीटीवी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अनुचित गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा सभी केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनपद में 6 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिस पर 3253 अभ्यर्थी परीक्षा देगें। अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 08 बजे से होगा तथा 8.45 बजे गेट बन्द हो जायेगा। निषिद्ध सामग्री का प्रवेश नही होना चाहिए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, प्रधानाचार्य, केन्द्र प्रभारी एवं अन्य संबधित उपस्थित रहे।

# बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर मॉकड्रिल/एक्सरसाइज-2026 का हुआ आयोजन

**माकड्रिल के दौरान पानी में डूब रहे व्यक्ति को एसडीआरएफ व मेडिकल टीम ने बाहर निकालकर बचाई जान**

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** बृहस्पतिवार को शासन के निर्देशानुसार जनपद के तीन तहसीलों में बाढ़ पूर्व तैयारी के संबंध में मॉकड्रिल एक्सरसाइज-2026 का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ऐलीपरसौली के मजरा गोडियन पुरवा में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल/ एक्सरसाइज-2026 का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल एक्सरसाइज-2026 का उद्देश्य बाढ़ से पूर्व संभावित आपात स्थिति में प्रशासन, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, एवं अन्य विभागों की तत्परता की जानकारी ली गई। मॉकड्रिल के दौरान जिलाधिकारी ने खुद मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने नावों, जीवन रक्षक उपकरणों, मेडिकल टीम, पशु चिकित्सा दल, एवं राशन वितरण, पशु चारा, दवा छिड़काव आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधन पहले से उपलब्ध रखें और राहत शिविरों की तैयारी पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाए। मॉकड्रिल /एक्सरसाइज-2026 कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गांव का एक व्यक्ति किसी कार्य से नदी के किनारे गया था जो पानी में डूबने लगा, मौके पर उपस्थित एसडीआरएफ की टीम ने तुरंत डूब रहे व्यक्ति को बाहर निकाला और समय से मेडिकल उपचार के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से हास्पिटल भेज दिया, और वहां पर सही और समय से इलाज होने के कारण व्यक्ति को बचा लिया गया।

## आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पीस कमेटी के सदस्यों ने चलाया जनसंपर्क

**टांडा, अंबेडकरनगर।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से टांडा नगर के विभिन्न मोहल्लों में पीस कमेटी के सदस्यों एवं समाजसेवियों द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान मोहल्ला नैपुरा, सकरावल पूरब, गोठवा, बरिया, नालापार, निमतल मस्जिद, खदियावा स्कूल के पास, गढ़हा, नाउ टोला, साई टोला सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर स्थानीय लोगों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना गया।

पीस कमेटी के सदस्यों ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके लिए समय रहते सभी समस्याओं को चिन्हित कर संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा तथा उनका समाधान त्योहार से पूर्व कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

# जनपद में तीन स्थानों पर आयोजित हुआ बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने तथा राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के लिए जनपद के तीन तहसीलों कैसरगंज, नानपारा व महसी में व्यापक मॉक ड्रिल (पूर्वाभ्यास) आयोजित किया गया। अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा प्रभावित लोगों को त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्थाओं का परीक्षण करना है।

मॉकड्रिल मे तहसील महसी के ग्राम बौण्डी स्थित रामघाट सिलौटा मे अचानक बाढ़ का पानी आने से गांव खाली कराने व प्रभावितों को बाढ़ शरणालय ले जाने का अभ्यास किया गया, तहसील कैसरगंज के ग्राम तप्पेसिपाह (घाघराघाट) पर अचानक नाव पलटने तथा एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु पीड़ित को स्वास्थ्य केन्द्र ले जाने का अभ्यास किया गया तथा तहसील नानपारा के ग्राम बौण्डी में पूर्वाभ्यास के दौरान बाढ़ का पानी तेजी से आबादी क्षेत्र में प्रवेश करने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों एवं बाढ़ शरणालयों तक पहुंचाने, चेतावनी संदेशों का प्रसारण कराने, राहत शिविर स्थापित करने तथा प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही की गयी। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बौण्डी में मेडिकल कैम्प स्थापित कर प्रभावित व्यक्तियों के उपचार की व्यवस्था का परीक्षण किया गया। पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने और राहत सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास किया गया। ग्राम बौण्डी, तहसील नानपारा में नदी के टापू पर फंसे किसानों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया गया।

## एमएलसी कोटे से बन रही सड़क या किसानों की भूमि पर कब्जे की तैयारी

**अंबेडकर नगर।** जनपद के अकबरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम रघुपुर में एमएलसी निधि से निर्मित हो रही सड़क को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। जहां एक ओर सड़क निर्माण को विकास की दिशा में उठाया गया कदम बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गांव के दर्जनों ग्रामीण इसे किसानों की जमीन पर अतिक्रमण और दबाव बनाकर किए जा रहे चौड़ीकरण का मामला बता रहे हैं।गांव निवासी सुनील कुमार यादव, राज दीपक एवं अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में वर्षों से चला आ रहा लगभग 8 फीट 3 इंच चौड़ा रास्ता अचानक बिना किसी स्पष्ट सूचना, सहमति और सार्वजनिक जानकारी के 16 फीट चौड़ा किया जा रहा है। तथा खेतों के सिंचाई के लिए बनाई गई नाली को भी पाठ लिया जा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के नाम पर जेसीबी मशीनों से रास्ते के दोनों ओर स्थित खेतों की खुदाई कर किसानों की भूमि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल राजगीर की उपचार के दौरान मौत

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए 45 वर्षीय राजगीर की उपचार के दौरान मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था, जिसके निधन से परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निजामपुर जैनापुर निवासी नरेंद्र पुत्र अग्रदि (45 वर्ष) राजगीर का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बुधवार की देर शाम वह रोज की तरह मजदूरी का कार्य समाप्त कर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वह परूईया आश्रम के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नरेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 एवं एंबुलेंस सेवा 108 को सूचना दी। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल नरेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी स्थिति नाजुक होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीजीआई भेजा गया। जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। नरेंद्र अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका पुत्र लगभग 22 वर्ष का है, जिसकी एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी। वहीं बड़ी पुत्री की उम्र करीब 20 वर्ष तथा छोटी पुत्री की उम्र लगभग 16 वर्ष बताई जा रही है। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी पूरी तरह नरेंद्र के कंधों पर थी और वह मजदूरी कर परिवार का पालन करते थे।

# मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ मुकेश यादव के निर्देशन में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर में प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) मेंटल हेल्थ एंड वेल-बीइंग कमेटी के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अवसाद, एंजायटी, डिसोसिएटिव डिसऑर्डर एवं अन्य मानसिक विकारों के विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अवसाद किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है तथा इसका उपचार चिकित्सा, काउंसलिंग (साइकोथेरेपी) एवं जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव के माध्यम से संभव है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को मानसिक तनाव की पहचान, समय पर सहायता प्राप्त करने तथा आत्महत्या की रोकथाम के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग, व्यवहारिक समस्याओं तथा बदलती जीवनशैली से उत्पन्न चुनौतियों पर संवाद किया गया। योग, ध्यान (मेडिटेशन), सकारात्मक सोच एवं काउंसलिंग को मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ करने के प्रभावी उपायों के रूप में बताया गया।कार्यक्रम के दौरान डिप्रेशन, एंजायटी, तनाव प्रबंधन एवं अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। प्रतिभागियों को मानसिक रोगों के लक्षणों, कारणों एवं उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे तथा विषय के प्रति विशेष रुचि एवं जागरूकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम में गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अम्बेडकर नगर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। साथ ही एमबीबीएस के छात्र भी उपस्थित रहे। फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग से डॉ. आशीष यादव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर कुसुमलता, बीना, उर्मिला, मिथिलेश कुमारी एवं अनीता देवी तथा नर्सिंग ऑफिसर सविता मौर्य, चंदा एवं अलमारा कार्यक्रम में शामिल रहीं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में टीचर्स एसोसिएशन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में काउंसलर विनोद कनौजिया, स्टाफ नर्स अनुराग त्रिपाठी, डाटा मैनेजर स्वीटी शर्मा, आउटसोर्सिंग कर्मचारी सुरेश तथा एल.टी.-1 हाल से हिमांचल एवं राजित राम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डीएम ने किया सहकारी समिति बसन्तपुर का निरीक्षण



**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने विकास खण्ड बांसी अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0, बसन्तपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा खाद वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि केन्द्र पर 500 बोरी उर्वरक का आवंटन प्राप्त हुआ है। फार्मर रजिस्ट्री के अनुसार खाद का वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि खाद के साथ किसी भी प्रकार की टैगिंग नही होना चाहिए। टैगिंग शत-प्रतिशत बन्द है। इस प्रकार की शिकायत मिलने पर संबधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ नियमानुसार खाद वितरण कराने का निर्देश दिया।

## इटवा थाना में पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना परिसर में गुरुवार को आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ पुलिस पवीन प्रकाश ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, ताजियादारों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीओ पुलिस पवीन प्रकाश ने सभी उपस्थित लोगों से मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में मुहर्रम जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ने आश्वस्त किया कि पर्व के दौरान क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी।

## खड़ंजे की भूमि पर अवैध कब्ज़ा शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

**अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद अकबरपुर के वार्ड संख्या 10 अहिरिया में सार्वजनिक खड़ंजे की भूमि पर कथित अवैध कब्जे की। शिकायत किए जाने के बावजूद एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है।क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है, जिसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई थी। शिकायत के बाद कार्रवाई की उम्मीद थी, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कार्रवाई में हो रही देरी से कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और उन्हें कब्जा मजबूत करने का अवसर मिल रहा है। लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि कथित कब्जा करने वालों में नगर पालिका से जुड़ा एक कर्मचारी भी शामिल है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

# जलालपुर में शीत पर्यवेक्षक की भावभीनी विदाई

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** नलकूप सिंचाई खंड, जलालपुर में बुधवार को शीत पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत रहे राधेश्याम दुबे के सेवानिवृत्त होने पर एक गरिमामय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मियों ने उनके लंबे एवं उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीतला सिंह ने की। अपने संबोधन में उन्होंने राधेश्याम दुबे के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन किया। उनके कार्य व्यवहार और समर्पण की भावना हमेशा कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

कार्यक्रम का संचालन सुनील यादव ने किया। उन्होंने राधेश्याम दुबे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में विभाग के प्रति पूरी जिम्मेदारी और लगन के साथ कार्य किया। उनके सहयोगात्मक स्वभाव और कार्यकुशलता को कर्मचारी लंबे समय तक याद रखेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों एवं अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए राधेश्याम दुबे के साथ बिताए गए अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने सदैव विभागीय कार्यों को प्राथमिकता दी और अपने व्यवहार से सभी का सम्मान प्राप्त किया। सभी ने उनके सुखद, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

समारोह में राजेश कुमार पांडेय, वर्जित निशा, प्रदीप कुमार वर्मा, विजय प्रकाश, ओम प्रकाश, प्रवीण कुमार, शशिकला, कुसुमलता, पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारी देवेंद्र सिंह, भारत लाल, संतराम, लालमणि, आनंद, अतुल एवं स्वामीनाथ सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

हालांकि समारोह की सबसे चर्चित बात यह रही कि विभाग के सहायक अभियंता नागेंद्र कुमार तथा किसी भी जूनियर इंजीनियर की कार्यक्रम में उपस्थिति नहीं रही। कर्मचारियों के बीच यह विषय चर्चा का केंद्र बना रहा। इसके बावजूद उपस्थित कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया और राधेश्याम दुबे को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। समारोह का समापन उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

## जन-कल्याणकारी योजनाओं के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गोण्डा।** ग्राम रानी पुरवा विकास खण्ड झंझरी में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन टीम द्वारा जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव एवं जेंडर स्पेशलिस्ट राज कुमार आर्य व ज्योत्स्ना सिंह द्वारा महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने लाभार्थियों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभ प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दिया। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता एवं आवश्यकता पड़ने पर उनके प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी।

# इमाम बारगाह अबु तालिब पर लगा शीतल पानी मशीन

**इमाम हुसैन अस ने कहा था कि जब भी ठंडा पानी पीना मेरी प्यास को याद कर लेना : मौलाना शाहकार हुसैन**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पड़ रही भीषण गर्मी और मोहर्रम को देखते हुए हल्लौर के निवासी नौशाद रिजवी की जानिब से इमाम बारगाह अबु तालिब अस के बाहर शीतल पानी मशीन का इंतजाम किया है। जिसकी चारों ओर काफी सराहना हो रही है।

गुरुवार को क्षेत्र के हल्लौर बाजार मार्ग स्थित इमाम बारगाह अबु तालिब अस के बाहर हल्लौर निवासी नौशाद रिज़्वी पुत्र सज्जाद हुसैन की जानिब से शीतल पानी मशीन का इमाम ए जुमा हल्लौर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने इसका शुभारंभ करवाया। मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि हमारे मजहब में पानी का बड़ा महत्व है। मौलाना ने अपने बयान में कहा कि मौजूदा समय में और आने वाले मोहर्रम में राहगीरो को शीतल पानी की बहुत जरूरत थी जिसको ध्यान में रखते हुए हल्लौर के नौशाद रिजवी की जानिब से यह मशीन लगाई गई है। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन अस ने भी कहा था कि जब भी ठंडा पानी पीना तो मेरी प्यास को याद कर लेना। मौलाना ने कहा कि काफी दिनों से लोगों को पानी की दिक्कते उठानी पड़ रही थी। यह मशीन लोगों के लिए एक वरदान साबित होगी। इस दौरान काजिम रज़ा, इंतेखाब राजू मेडिकल तसकीन हैदर रिज़वान अहमद मोहम्मद बिल्डर राहिब रिज़वी रोबिन सिंह महफूज़ सलमान जमाल बीके आदि लोग मौजूद रहे।

## नरेंद्र मोदी के 12 साल

नरेंद्र मोदी बीते 12 लंबे सालों से, यानी 4400 दिनों से, निरंतर तीसरी बार देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं। यह कोई सामान्य घटना या राजनीतिक, लोकतांत्रिक स्वीकृति ही नहीं है, बल्कि देश के जनमत का निष्कर्ष है। भारत का प्रधानमंत्री बनना अपने आप में हिमालय लांघने जैसा कीर्तिमान है। यह लोकतंत्र के सशक्तिकरण का भी प्रमाण है। भारत जैसे बहुक्षेत्रीय, बहुभाषायी, बहुसांस्कृतिक, बहुनस्लीय, बहुधर्मी देश का इतने लंबे कार्यकाल तक प्रधानमंत्री बने रहना विविधता की मुहर भी है। लेकिन प्रधानमंत्रियों की आपसी तुलना नहीं की जानी चाहिए। न तो जवाहर लाल नेहरू 'महानतम' थे और न ही नरेंद्र मोदी 'कमतर महान' हैं। वे लोकतंत्र के जनादेश के वाहक हैं और देश का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्रियों की राजनीतिक परिस्थितियां, कालखंड भिन्न होते हैं, लिहाजा तुलना बुनियादी और शास्त्रीय आधार पर गलत है। देश में वीपी सिंह, चंद्रशेखर, देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल सरीखे प्रधानमंत्री भी हुए हैं, जिन्हें राजनीतिक कारणों से एक साल का कार्यकाल भी नसीब नहीं हुआ, लेकिन वे भी प्रधानमंत्रियों की जमात में शामिल हैं। उनके नाम भी राष्ट्रीय उपलब्धियां दर्ज होंगी! नेहरू इसलिए सर्वाधिक उल्लेखनीय रहे हैं, क्योंकि उन्हें 'स्वतंत्र भारत' का सबसे पहले नेतृत्व करने का अवसर मिला। उन्हें राष्ट्रीय निर्माण के 'बुनियादी पत्थर' रखने का दायित्व मिला। उन्होंने आईआईटी, आईआईएम, एम्स, भारी उद्योग, भाखड़ा जैसे बांध, रेलवे के शुरुआती विस्तार आदि को आकार दिया। बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने उनका खूब विस्तार कराया। आज देश के प्रमुख राज्यों में आईआईटी और एम्स मौजूद हैं। सभी समान स्तरीय हैं। नेहरू को 'सुई' से शुरुआत करनी पड़ी। उन्होंने भी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गलतियां कीं, लेकिन यह तो इनसानी फितरत है। लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया, उन्हें पीछे कर दिया, ऐसी हुंकारों से भाजपाई मंत्रियों, नेताओं और काडर को बचना चाहिए। नेहरू के कालखंड में देश की जीडीपी एक ट्रिलियन डॉलर से बहुत कम थी और मोदी को जब सत्ता सौंपी गई, तो जीडीपी 2 ट्रिलियन डॉलर को पार कर चुकी थी और आज 12 साल बाद हम 4 ट्रिलियन डॉलर की, विश्व की छठी बड़ी अर्थव्यवस्था हैं।

आजादी के बाद देश की आबादी करीब 5 गुना अधिक हो चुकी है, लिहाजा जीडीपी भी उसी अनुपात में बढ़ रही है। दरअसल कई मायनों में प्रधानमंत्री मोदी 'अपारंपरिक प्रधानमंत्री' हैं। उन्होंने जन-धन बैंक खाते, उज्ज्वला गैस, शौचालय, सरकारी मदद से पक्के घर, हर नल में जल, आयुष्मान भारत, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करना, तीन तलाक संबंधी कानून, वैश्विक महामारी कोरोना के संदर्भ में 220 करोड़ से अधिक कोरोना टीके की खुराक मुफ्त देना, कोरोना टीके का भारत में ही आविष्कार आदि 'अपारंपरिक' कार्यक्रम और योजनाएं हैं। इनकी व्यवस्था में खामियां हैं, विसंगतियां हैं, जनता को शिकायतें हैं, लेकिन ये नीतिगत अभियान निरंतर जारी हैं। ऐसा किसी भी पूर्व प्रधानमंत्री ने नहीं सोचा। प्रधानमंत्री मोदी को इसका राजनीतिक लाभ मिलता रहा है। कोरोना के दौर से 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को 5 किलो मुफ्त राशन हर महीने मुहैया कराया जा रहा है और 2029 तक जारी रहेगा, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ और जानकार सवाल करते रहे हैं कि यदि इन (अब 81.35 करोड़) लोगों को मुफ्त राशन न बांटा जाए, तो क्या ये लोग भूखे मर जाएंगे? यदि देश की यही स्थिति है, तो गरीबी के आंकड़ों का यथार्थ भयावह है। फिर 25 करोड़ लोगों को गरीबी-रेखा से बाहर निकालने के दावे बेमानी हैं। हम मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर निरंतर सवाल उठाते रहे हैं। यह हमारा संवैधानिक, लोकतांत्रिक जनादेश है। प्रधानमंत्री मोदी के कालखंड में नक्सलवाद लगभग समाप्त कर दिया गया है। आतंकवाद कभी-कभार सांसें लेने लगता है, अलबत्ता अलगाववाद के साथ उसका भी सूपड़ा साफ कर दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी को 32 देशों ने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है, यह भारत का ही सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 से अधिक देशों की संसद को संबोधित भी किया है, यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी अभूतपूर्व है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने, तो देश के 8 राज्यों में ही भाजपा-एनडीए की सरकारें थीं, लेकिन आज यह विस्तार 22 राज्यों तक हो गया है और भाजपा-एनडीए देश के 75 फीसदी से अधिक भूभाग पर शासन कर रहे हैं, लेकिन मोदी को अभी लंबा रास्ता तय करना है और भारत को 'विकसित देश' बनाना है।

गाँव के पेड़ो की छाँव,
नानी दादी की धीमी बात,
बोझिल पलों के माथे पर
रख देती स्नेहिल हाथ।
दोपहरी जब तप जाती ,
धरती अंगारे बोती,
पीपल की शीतल बाँहों में
हवा चुपचाप सोती ।
उसकी शाखों पर बैठ-बैठ
गौरैयाँ गीत सुनाती ,
सूने मन की पगडंडी पर
मुस्कानों के फूल उगाती।
कितने सावन, पतझर
उसने चुपचाप देखे ,
बच्चों के सपनों से लेकर
बूढ़ों के दुःख सहे ।

कहीं चौपाल बिछी ,
वहीं हँसी के मेले ,
सौंधी सी मिट्टी में तब
विश्वास के दीप अकेले ।
अब भी यादों की चिड़िया
मन की देहरी पर आती ,
गाँव के पीपल की छाँव
धीरे-धीरे मुस्काती ।
लगता जैसे समय कहीं
उसके नीचे ठहरा होगा,
कोई भूला-बिसरा अपना
अब भी मेरा चेहरा होगा।
गाँव के पेड़ की छाँव
सिर्फ़ एक पेड़ नहीं ,
यह तो सदियों की धड़कन,
जो कभी धीमी नहीं होती।

**संजीव ठाकुर**

## रस्मुल ख़त यानी लिपि बदलने के असरात

**सैयद इकबाल रिजवी शारिब**

बात छोटी सी है लेकिन अहम इस लिए है हमें जानना चाहिए और आसान लफ़्ज़ों में समझ लेना चाहिए। ज़बानो की ज़िन्दगी में रस्मुलख़त का एक ख़ास रोल है. जिसे अक्सर खुद ज़बान इस्तेमाल करने वाले भी नहीं समझते। हिंदी को देवनागरी लिपि में लिखना ही बेहतर है वरना धर्मेंद्र को लोग धरमिंदर और 'प्रवीन' या 'प्रवीण' को 'परवीन' कहना शरुअ कर देते हैं. अगर आप प्रकार को उर्दू रस्मुलख़त में लिखेंगे तो उसे अवाम परकार ही पढ़ेंगे।

चूँकि पंजाबी ज़बान गुरमुखी से पहले उर्दू रस्मुलख़त में लिखी जाती थी तो आज भी वहां' जसविंदर' ही होते हैं 'जसवेंद्र' नहीं होते। यही हाल उर्दू को देवनागरी लिपि में लिखने से होता है, इसलिए उर्दू के रस्मुलख़त बदलने पर एक लम्बी बहस रही. कई जय्यद उर्दू दाँ इस पर आपस में उलझे रहे। लेकिन लिपि बदलने का फ़र्क़ तो पड़ता है।

मसअलन जब हम उर्दू के अलफ़ाज़ देवनागरी में लिखते हैं तो, मुद्दआ, फ़ैसला, देखता , जागता, ढालता, अलविदा यह सब अलफ़ाज़ हम क़ाफ़िया लगते हैं। लेकिन जब यही आप उर्दू रस्मुलख़त में लिखते हैं तो आखरी लफ्ज़ हो जाता है। क्यूंकि इस में हर्फ़े रवी 'अलिफ़' से बदल कर' ऐन हो गया है। में अलिफ़ नहीं है आख़िर में। अब इसको जस्टिफाई करने के लिए बहोत कुछ कहा जा सकता है कि यह सौती क़ाफ़िया हो सकता है वग़ैरह वग़ैरह मगर इन्हेराफ़ तो इन्हेराफ़ है। यह तो बस छोटी से एक मिसाल है वरना ऐसे बहुत से मराहिल आते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**परिवार की आर्थिक विवशताएं बच्चों को स्कूल की बजाय काम की दुनिया में धकेल देती हैं। लेकिन गरीबी का समाधान बच्चों से काम कराना नहीं, बल्कि परिवारों को सम्मानजनक रोजगार और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। बाल श्रम केवल आर्थिक समस्या नहीं है; यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यह बच्चों से उनका बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, आत्मविश्वास और भविष्य छीन लेता है। जो बच्चा विद्यालय में होना चाहिए, वह यदि कारखाने में है, तो यह केवल उस बच्चे की नहीं, पूरे समाज की विफलता है। बाल श्रम गरीबी का चक्र भी बनाए रखता है, क्योंकि अशिक्षित बच्चा बड़ा होकर कम आय वाले कार्यों तक सीमित रह जाता है।**

# बचपन को श्रम नहीं, शिक्षा और सम्मान का अधिकार मिलें

हर वर्ष 12 जून को मनाया जाने वाला बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि मानवता के अंतःकरण को झकझोरने वाला अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि दुनिया का कोई भी बच्चा मजदूर बनने के लिए पैदा नहीं होता। उसके हाथों में औजार, ईंट, बर्तन, हथौड़े, कूड़े की बोरी या कारखानों की मशीनें नहीं, बल्कि किताबें, खिलौने, रंग, सुनहले सपने और संभावनाएं होनी चाहिए। बचपन जीवन का वह स्वर्णिम काल है



ललित गर्ग

जिसमें व्यक्ति के व्यक्तित्व, संस्कार, शिक्षा और भविष्य की नींव रखी जाती है। यदि यही काल श्रम, शोषण और अभाव की भट्टी में झोंक दिया जाए तो केवल एक बच्चे का नहीं, पूरे समाज और राष्ट्र का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन- आईअलओ द्वारा 2002 में शुरू किए गए इस दिवस का उद्देश्य बाल श्रम की भयावहता के प्रति वैश्विक चेतना जगाना और इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देना है। वर्ष 2026 में भी यह दिवस ऐसे समय पर आ रहा है जब दुनिया तकनीकी विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आर्थिक प्रगति के नए आयाम छू रही है, लेकिन दूसरी ओर करोड़ों बच्चे आज भी शिक्षा और बचपन के अधिकार से वंचित हैं। यह विडम्बना मानव सभ्यता के सामने एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। जब हम किसी ढाबे, होटल, चाय की दुकान, कारखाने, गैरेज, ईंट-भट्टे, खेत या ट्रैफिक सिग्नल पर किसी मासूम बच्चे को कठिन श्रम करते देखते हैं, तब अक्सर हमारी संवेदना कुछ क्षणों के लिए जागती है और फिर हम अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि कब तक हम इस पीड़ा को सामान्य मानते रहेंगे? क्या हम उस बचपन की चीख नहीं सुन पा रहे जो अपने अधिकारों से वंचित होकर मजदूरी के अंधेरे में खो रहा है?

आज भी विश्व में करोड़ों बच्चे किसी न किसी रूप में बाल श्रम में संलग्न हैं। इनमें से बड़ी संख्या खतरनाक परिस्थितियों में काम करती है, जहां उनका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता, विस्थापन, तस्करी, युद्ध, प्राकृतिक आपदाएं और कमजोर सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थाएं बाल श्रम की प्रमुख वजहें हैं। परिवार की आर्थिक विवशताएं बच्चों को स्कूल की बजाय काम की दुनिया में धकेल देती हैं। लेकिन गरीबी का समाधान बच्चों से काम कराना नहीं, बल्कि परिवारों को सम्मानजनक रोजगार और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। बाल श्रम केवल आर्थिक समस्या नहीं है; यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यह बच्चों से उनका बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, आत्मविश्वास और भविष्य छीन लेता है। जो बच्चा विद्यालय में होना चाहिए, वह यदि कारखाने में है, तो यह केवल उस बच्चे की नहीं, पूरे समाज



की विफलता है। बाल श्रम गरीबी का चक्र भी बनाए रखता है, क्योंकि अशिक्षित बच्चा बड़ा होकर कम आय वाले कार्यों तक सीमित रह जाता है और अगली पीढ़ी भी उसी अभाव में जीने को मजबूर होती है।

भारत सहित अनेक देशों में बाल श्रम रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईअलओ के कन्वेंशन 138 और कन्वेंशन 182 न्यूनतम कार्य आयु और बाल श्रम के सबसे खतरनाक रूपों पर रोक लगाने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। भारत में भी बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम तथा शिक्षा का अधिकार कानून मौजूद हैं। लेकिन कानूनों की प्रभावशीलता उनके कठोर और ईमानदार क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। कई बार कानूनी प्रावधान होने के बावजूद बाल श्रम छिपे हुए रूपों में जारी रहता है। आज आवश्यकता केवल कानून बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें सामाजिक आंदोलन का स्वरूप देने की है। बाल श्रम को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जन-जागरण अभियान चलाए जाने चाहिए। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, मीडिया, उद्योग जगत और नागरिक समाज को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण और महिला अधिकारों को लेकर वैश्विक चेतना विकसित हुई है, उसी प्रकार बाल अधिकारों के लिए भी विश्वव्यापी जनमत तैयार करना होगा। कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य मानते नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? मिसाल के तौर पर एक कानून बनाकर हमने बच्चों से उनका बचपन छिनने की कुचेष्टा की है। इस कानून में हमने यदि पारिवारिक कामधंधा या रोजगार है तो 4 से 14 की उम्र के बच्चों से कानूनन काम कराया जा सकता है और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह कैसी विडम्बना है कि जब इस उम्र के बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, खानदानी व्यवसाय के नाम पर एक पूरी पीढ़ी को शिक्षा, खेलकूद और सामान्य बाल्य सुलभ व्यवहार से वंचित किया जा रहा है और हम अपनी पीठ थपथपाए जा रहे हैं। बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं।

विशेष रूप से डिजिटल युग में तकनीक का उपयोग बाल श्रम उन्मूलन के लिए किया जा सकता है। प्रत्येक उद्योग और आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शी निगरानी, बाल श्रम शिकायतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल, त्वरित कार्रवाई तंत्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणालियां विकसित की जा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी आपूर्ति श्रृंखला में कहीं भी बाल श्रम का उपयोग न हो। जो कंपनियां ऐसा करती पाई जाएं, उनके विरुद्ध कठोर आर्थिक और कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। बाल श्रम समाप्त करने का सबसे प्रभावी उपाय गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा है। केवल विद्यालय खोल देना पर्याप्त नहीं है; शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों को आकर्षित करे, जीवनोपयोगी कौशल दे और उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों का विस्तार आवश्यक है। यदि परिवार की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित होगी तो बच्चों को मजदूरी के लिए भेजने की मजबूरी भी कम होगी। हमें यह भी समझना होगा कि बचपन केवल जीवित रहने का नाम नहीं है; बचपन का अर्थ है सपने देखने की स्वतंत्रता, खेलने का अधिकार, सीखने का अवसर, स्नेहपूर्ण वातावरण और सुरक्षित भविष्य। जिस समाज में बच्चे मुस्कुरा नहीं सकते, वह समाज कभी वास्तविक विकास नहीं कर सकता। आर्थिक विकास की ऊंची इमारतें तब तक अधूरी हैं जब तक उनके नीचे किसी बच्चे का कुचला हुआ बचपन पड़ा हो।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के अनुकरणीय आदेश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में कहा कि पुलिस अधिकारी लगातार नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, यह सोचकर कि उनके गलत कामों पर किसी का ध्यान नहीं जाएगा। उन्हें लगता है कि हज़ारों उल्लंघनों में से शायद ही कोई नागरिक अपने अधिकारों को लागू करवाने और उन्हें जवाबदेह ठहराने के लिए आगे आएगा। इस कड़ी टिप्पणी के साथ जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस संजीव कुमार की बेंच ने एक व्यक्ति को 25,000 रुपये का अंतरिम मुआवजा देने का




रोहित माहेश्वरी

आदेश दिया, जिसे सिर्फ़ एक घरेलू झगड़े के कारण 24 घंटे तक पुलिस हिरासत में गैर-कानूनी तरीके से रखा गया था। 26 नवंबर 2022 को प्रयागराज के रहने वाले और याचिकाकर्ता (मतंबर मिश्रा) अपने खेतों से घर लौटे। तभी एक पुलिस चौकी के तत्कालीन प्रभारी सब-इंस्पेक्टर सूर्य प्रकाश दुबे उनके घर में घुसे और उन्हें घसीटते हुए बाहर ले गए, जबकि उन्होंने सिर्फ़ लुंगी और कुर्ता पहना हुआ था। बिना कोई कारण बताए मिश्रा को पुलिस स्टेशन ले जाया गया और 24 घंटे के लिए लॉकअप में बंद कर दिया गया। हिरासत के दौरान, एसआई दुबे ने उन्हें छोड़ने के बदले 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी। पूरी पुलिस कार्रवाई याचिकाकर्ता के भाई की बहू द्वारा दर्ज कराई गई घरेलू हिंसा की शिकायत के आधार पर शुरू की गई, एक ऐसा मामला जिसमें कोई संज्ञेय अपराध दर्ज नहीं किया गया।

**26 नवंबर 2022 को प्रयागराज के रहने वाले और याचिकाकर्ता (मतंबर मिश्रा) अपने खेतों से घर लौटे। तभी एक पुलिस चौकी के तत्कालीन प्रभारी सब-इंस्पेक्टर सूर्य प्रकाश दुबे उनके घर में घुसे और उन्हें घसीटते हुए बाहर ले गए, जबकि उन्होंने सिर्फ़ लुंगी और कुर्ता पहना हुआ था। बिना कोई कारण बताए मिश्रा को पुलिस स्टेशन ले जाया गया और 24 घंटे के लिए लॉकअप में बंद कर दिया गया। हिरासत के दौरान, एसआई दुबे ने उन्हें छोड़ने के बदले 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी।**

हाईकोर्ट के सामने एसआई ने अपनी कार्रवाई का बचाव करते हुए तर्क दिया कि याचिकाकर्ता आपसी समझौते के ज़रिए विवाद को सुलझाने के लिए स्वेच्छा से पुलिस चौकी में उनसे मिलने आया था। हालांकि, बेंच ने इस दलील को खारिज कर दिया और कहा कि 'आखिरकार दुबे कोई आध्यात्मिक गुरु, पंच परमेश्वर या समुदाय के नेता नहीं थे ', जिनके पास याचिकाकर्ता और उनकी बहू अपनी मर्जी से विवाद के समाधान और सलाह के लिए जाते। बेंच ने आगे कहा कि एक पुलिस अधिकारी के तौर पर लोग उनसे डरते थे, क्योंकि उनके पास राज्य की जबरदस्ती करने वाली ताकत थी, और यह 'असंभव' था कि याचिकाकर्ता अपनी मर्जी से समझौता करने के लिए उनके पास जाते। इसके अलावा, गैर-कानूनी हिरासत को छिपाने के लिए पुलिस ने मिश्रा को गैर-कानूनी हिरासत से रिहा करने के दो दिन बाद उनके खिलाफ सीआरपीसी की धारा 107 और 116 के तहत कार्रवाई शुरू की। बेंच ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई, क्योंकि उसने देखा कि ये कार्यवाही मुख्य रूप से सार्वजनिक शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए होती है और घरेलू हिंसा के निजी मामले में इनका इस्तेमाल कभी नहीं किया जा सकता।




बीते दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यूपी सरकार को आदेश दिया है कि वह उन नागरिकों को हर दिन 25,000 रुपये का मुआवजा दे, जिन्हें शांति भंग करने के आरोप में इंडियन नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत प्रिवेंटिव डिटेंशन यानी एहतियाती हिरासत के प्रावधानों के तहत 24 घंटे से ज़्यादा समय तक गैर-कानूनी रूप से हिरासत में रखा गया था। जस्टिस सिद्धार्थ और जस्टिस विनय कुमार द्विवेदी की बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि मुआवजे की रकम सीधे दोषी मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी की सैलरी से वसूली जाए। बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि आम तौर पर ऐसे लोगों की रिहाई के लिए जमानत की मांग नहीं की जानी चाहिए। इसके अलावा, पर्सनल बॉन्ड की रकम 20,000 रुपये से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए।

यह बेंच हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले दिव्यांग वकील चंद्र पाल सिंह की 'हेबियस कॉर्पस' यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर रही थी। 22 फरवरी को गाज़ियाबाद पुलिस उन्हें जबरदस्ती ले गई थी; यह कार्रवाई एक पड़ोसी की मामूली शिकायत पर की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने रास्ता रोकने वाला गेट लगा दिया था। कानून के मुताबिक उन्हें 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया, बल्कि अगले दिन असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस के सामने पेश किया गया। इसके बाद उन्हें सीआरपीसी की धारा 151/बीएनएसएस की धारा 170 के तहत जेल भेज दिया गया। अगले दिन उन्होंने और उनके भतीजे ने बीएनएसएस की धारा 170, 126 और 135 के तहत शांति बनाए रखने के लिए 50,000 रुपये का बॉन्ड भरा। इसके बावजूद उन्हें रिहा नहीं किया गया।

हाई कोर्ट के दखल के बाद, उन्हें 25 फरवरी को ही रिहा कर दिया गया, जबकि उनके भतीजे को 26 फरवरी को रिहा किया गया। बेंच ने गौर किया कि बीएनएसएस की धारा 170 में बॉन्ड या जमानत देने का कोई प्रावधान नहीं है। फिर भी, जब किसी को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है, तो मजिस्ट्रेट गैर-कानूनी रूप से 50,000 रुपये का बॉन्ड और उतनी ही रकम की एक या दो जमानत की मांग करते हैं। बेंच ने 'दौदयाल बनाम राजस्थान राज्य' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का ज़िक्र किया। इस फ़ैसले में 'नीलाबती बेहरा बनाम ओडिशा राज्य' (1993) के अहम मामले का हवाला दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि जब राज्य मौलिक अधिकारों की रक्षा करने की अपनी सार्वजनिक जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहता है, तो 'मिसाल के तौर पर हर्जाना' के रूप में आर्थिक मुआवजा दिया जा सकता है। कोर्ट ने 'अमित जानी बनाम यूपी राज्य और अन्य (2020)' और 'शिव कुमार वर्मा और अन्य बनाम यूपी राज्य और 3 अन्य' मामलों के फैसलों का भी ज़िक्र किया। इन फैसलों में कहा गया था कि सीआरपीसी के चैप्टर वी–999 के तहत हिरासत का आदेश तभी जारी किया जा सकता है जब बॉन्ड जमा न किया गया हो, न कि किसी और स्थिति में। यानी, हिरासत का आदेश सिर्फ़ बॉन्ड जमा न करने की स्थिति में ही जारी किया जा सकता है।

नागरिकों की व्यक्तिगत आजादी सबसे ऊपर है। किसी भी निर्दोष को बिना वैधानिक प्रक्रिया के जेल नहीं भेजा जा सकता।' यह बात इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बीते दिनों पुलिस कमिशनरेट प्रणाली में शांति भंग की धाराओं के दुरुपयोग पर कही। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने मंसूर अहमद उर्फ लल्लू की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने पाया कि मंसूर को 8 दिन तक अवैध रूप से न्यायिक हिरासत में रखा गया। इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का खुला उल्लंघन मानते हुए कोर्ट ने यूपी सरकार को पीड़ित को 2 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश दिया। यह राशि राज्य सरकार को 6 सप्ताह के भीतर अदा करनी होगी।

# मोदी -ट्रम्प संभावित मुलाकात से क्या बदल सकता है?

वैश्विक स्तरपर फ्रांस के एवियन-ले-बैंस में 52 वां शिखर सम्मेलन 15-17 जून को होने वाले जी-7 के दौरान भारत के प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच संभावित द्विपक्षीय बैठक की संभावना प्रबल मानी जा रही है। हालांकि दोनों देशों की ओर से अभी तक औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन भारतीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार व्यापार, वीजा नीति, ऊर्जा सहयोग और सामरिक साझेदारी जैसे विषय इस मुलाकात के केंद्र में रह सकते हैं।भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशकों



किशन भावनानी

में निरंतर मजबूत हुए हैं, किंतु 2026 में यह रिश्ता एक नए मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है। एक ओर दोनों देश रक्षा, प्रौद्योगिकी इंडो -पैसिफिक सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को आगे बढ़ा रहे हैं,वहीं दूसरी ओर टैरिफ, व्यापार असंतुलन और आव्रजन नीतियों को लेकर मतभेद भी सामने आए हैं। ऐसे समय में यदि मोदी और ट्रम्प की मुलाकात होती है तो यह केवल एक औपचारिक कूटनीतिक बैठक नहीं होगी, बल्कि आने वाले वर्षों के भारत-अमेरिका संबंधों की दिशा निर्धारित करने वाली वार्ता भी साबित हो सकती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि वर्तमान परिस्थितियों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा भारत -अमेरिका व्यापार समझौता है। दोनों देशों के बीच पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से व्यापक व्यापार वार्ताएं चल रही हैं और भारतीय वाणिज्य

**अमेरिकी प्रशासन का तर्क है कि यह कदम श्रम मानकों और व्यापारिक असंतुलन से जुड़े मुद्दों के कारण आवश्यक है,जबकि भारत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि वार्ता के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए। यदि जी-7 सम्मेलन के दौरान मोदी और ट्रम्प के बीच सकारात्मक चर्चा होती है तो इन प्रस्तावित टैरिफों में राहत मिलने की संभावना बन सकती है।भारत के लिए यह मुद्दा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात बाजार है।**

मंत्रालय ने संकेत दिया है कि जुलाई 2026 तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दिया जा सकता है। भारत का लक्ष्य अमेरिकी बाजार में अपने उत्पादों के लिए अधिक अनुकूल और प्रतिस्पर्धी शुल्क दरें प्राप्त करना है, जबकि अमेरिका चाहता है कि भारतीय बाजार में अमेरिकी वस्तुओं और सेवाओं के लिए सटीकता से अधिक पहुंच उपलब्ध हो।




साथियों, भारत अमेरिका व्यापार के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती अमेरिकी टैरिफ नीति है। हाल ही में अमेरिका ने भारत सहित कई देशों के आयात पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिकी प्रशासन का तर्क है कि यह कदम श्रम मानकों और व्यापारिक असंतुलन से जुड़े मुद्दों के कारण आवश्यक है,जबकि भारत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि वार्ता के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए। यदि जी-7 सम्मेलन के दौरान मोदी और ट्रम्प के बीच सकारात्मक चर्चा होती है तो इन प्रस्तावित टैरिफों में राहत मिलने की संभावना बन सकती है।भारत के लिए यह मुद्दा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। वस्त्र, औषधि, इंजीनियरिंग उत्पाद, रसायन और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के क्षेत्र में भारतीय कंपनियां अमेरिकी बाजार पर काफी निर्भर हैं। अतिरिक्त शुल्क लागू होने की स्थिति में भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है। इसलिए नई दिल्ली की प्राथमिकता यह होगी कि किसी भी संभावित व्यापार समझौते में भारतीय उद्योगों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

साथियों, दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा एच -1बी वीजा है, अमेरिका में काम करने वाले लाखों भारतीय पेशेवरों और आईटी उद्योग के लिए यह विषय अत्यंत संवेदनशील है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा वीजा नियमों को सख्त करने के संकेतों ने भारतीय आईटी कंपनियों और तकनीकी विशेषज्ञों के बीच चिंता पैदा की है। रिपोर्टों के अनुसार प्रधानमंत्री इस विषय को सीधे अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष उठा सकते हैं। भारतीय पक्ष का तर्क है कि भारतीय पेशेवर अमेरिकी अर्थव्यवस्था, नवाचार और तकनीकी विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं,इसलिए एच -1बी वीजा व्यवस्था को अत्यधिक प्रतिबंधात्मक बनाना दोनों देशों के हित में नहीं होगा। एच -1बी केवल रोजगार का विषय नहीं है बल्कि यह भारत- अमेरिका तकनीकी संबंधों की आधारशिला भी है। अमेरिका की प्रमुख तकनीकी कंपनियों में हजारों भारतीय इंजीनियर और विशेषज्ञ कार्यरत हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और सेमी कंडक्टर जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का सहयोग लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में वीजा व्यवस्था में स्थिरता बनाए रखना रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

साथियों, ऊर्जा सहयोग भी संभावित वार्ता का प्रमुख विषय माना जा रहा है। अमेरिका पहले ही भारत के लिए तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन चुका हैरिपोर्टों के अनुसार दोनों नेता ऊर्जा आपूर्ति, वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा तथा संभावित रूप से वेनेजुएला से जुड़े ऊर्जा सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा कर सकते हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक ऊर्जा बाजार भू- राजनीतिक तनावों से प्रभावित हैं, भारत अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की रणनीति पर काम कर रहा है।रणनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग भी इस मुलाकात का एक महत्वपूर्ण पहलू हो सकता है। चीन के बढ़ते प्रभाव, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति और उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रतिस्पर्धा ने भारत और अमेरिका को एक-दूसरे के और निकट लाया है। ट्रम्प प्रशासन भी चीन पर निर्भरता कम करने और वैकल्पिक आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करने की नीति पर जोर देता रहा है। इस संदर्भ में भारत एक स्वाभाविक साझेदार के रूप में सटीकता से उभरता है।

साथियों, हालांकि संबंधों में कुछ राजनीतिक संवेदन शीलताएं भी मौजूद हैं। ट्रम्प द्वारा अतीत में भारत- पाकिस्तान तनाव को लेकर किए गए कुछ दावों को भारत ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया था। इसके अतिरिक्त व्यापारिक विवादों और शुल्क संबंधी मतभेदों ने भी दोनों देशों के बीच असहजता पैदा की थी। फिर भी हाल के महीनों में उच्चस्तरीय संपर्कों और कूटनीतिक संवाद ने वातावरण को काफी हद तक सकारात्मक बनाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा और दोनों देशों के अधिकारियों के बीच लगातार वार्ताओं ने यह संकेत दिया है कि दोनों पक्ष मतभेदों को बातचीत के माध्यम से सुलझाने के इच्छुक हैं।व्यक्तिगत स्तर पर मोदी और ट्रम्प के संबंध भी चर्चा का विषय रहे हैं। दोनों नेताओं ने अपने पिछले कार्यकालों में कई बार सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे की सराहना की है। ट्रम्प ने हाल ही में भी मोदी को अपना 'अच्छा मित्र' बताया और भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर आशावाद व्यक्त किया। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में व्यक्तिगत समीकरण हमेशा निर्णायक नहीं होते, लेकिन वे कठिन वार्ताओं को आसान बनाने में सहायक अवश्य होते हैं।

# भ्रामक सूचना : सपा मुखिया को बदनाम करने की साजिशकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के नेता गौरव किशनपुरिया एडवोकेट के नेतृत्व में जिलामुख्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में गौरव किशनपुरिया द्वारा मांग की गई कि अदिति यादव की छवि खराब करने के उद्देश्य से साजिशन झूठी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और ऐसे अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाए।

बादल राज बंशल राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा ने कहा कि पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर सुनियोजित तरीके से झूठे और भ्रामक पोस्ट डाले जा रहे हैं, जिनका मकसद अदिति यादव की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाना है। पार्टी ने इसे एक परिवार पर हमला बताने के साथ-साथ समाज में बेटियों के सम्मान पर सीधा प्रहार करार दिया। और साथ ही ऐसे अपराधियों को जेल भेजने और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी के कहा कि जबसे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव द्वारा राम मंदिर निर्माण हेतु एकत्रित दान के उपयोग पर प्रश्नचिन्ह लगाए जाने के पश्चात भारतीय जनता पार्टी में असहजता देखी गई है। और उक्त प्रकटीकरण के प्रतिकार स्वरूप भाजपा द्वारा सुनियोजित तरीके से सोशल मीडिया मंचों का दुरुपयोग कर श्री अखिलेश यादव की सुपुत्री की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कहा भाजपा का महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का दावा केवल राजनीतिक नारा मात्र है, जिसका धरातल पर अभाव है। गौरव पांडे राष्ट्रीय सचिव समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने कहा समाजवादी पार्टी की नीति साफ है। बेटियों का अपमान हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता, तो समाजवादी कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर आन्दोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान बादल राज बंसल राष्ट्रीय सचिव, गौरव पांडे राष्ट्रीय सचिव, अभिषेक यादव महानगर महासचिव, रमेश सैनी महानगर अध्यक्ष बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, सोनू यादव उपाध्यक्ष, सीमा करण महिला सभा, सुरेश यादव अध्यक्ष, संजय समाजवादी, पूर्वी अग्रवाल महिला सभा, ललित मोहिनी स्वरुप शर्मा एडवोकेट, डेविड प्रजापति एडवोकेट , रुपेश यादव एडवोकेट, गोवर्धन सिंह यादव एडवोकेट, महेश उपाध्याय एडवोकेट, दीनदयाल पचोरी एडवोकेट प्रदेश सचिव, दिगंबर सिंह, राज गब्बर महासचिव, अंशु यादव एडवोकेट, प्रेमचंद एडवोकेट, प्रीतम निषाद, ऋषि पाराशर, नितिन सैनी एडवोकेट, प्रशांत एडवोकेट, मोनू यादव, मुकेश पहलवान, रमेश पचोरी एडवोकेट ,अभिषेक यादव, जावेद कुरैशी एडवोकेट, विनोद यादव एडवोकेट, सुनील चौधरी एडवोकेट, देवेंद्र यादव एडवोकेट, मंगल यादव एडवोकेट सहित आदि उपस्थित रहे।

## खाद्य विभाग की कार्रवाई से हड़कंप, विभिन्न स्थानों से लिए सैंपल

**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में अधिकमास/पुरूषोत्तम मास के महीने में आम जनमानस एवं श्रृद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)।। के नेतृत्व में खाद्य सचल दल के सदस्य मोहर सिंह कुशवाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा गोवर्धन से आइसक्रीम व मिर्च पावडर का एक-एक नमूना, धर्मेन्द्र सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा इण्डस्ट्रियल एरिया से सॉस का एक नमूना, कोसी कलां से जितेन्द्र सिंह द्वारा सॉस व हल्दी पावडर का एक-एक नमूना, गोवर्धन चौराहा स्थित रेस्टोरेंट से रीना शर्मा द्वारा पनीर की सब्जी का एक नमूना, रामनरेश, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा लक्ष्मीनगर स्थित डेयरी से पनीर व गणपति एन्क्लेव से बेसन का एक-एक नमूना इस प्रकार कुल 08 नमूनें संग्रहित किये गये। साथ ही बरसाना स्थित मिठाईयों की दुकानों पर अस्वास्थकर दशाओं में भंडारित लगभग 50 कि0ग्रा0 पेड़ा नष्ट कराया गया।

# पसमांदा समाज के हक़, हिस्सेदारी और भविष्य पर राष्ट्रीय मंथन 13 जून को

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पसमंदा समाज के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक मुद्दों पर व्यापक विमर्श तथा भावी रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से 13 जून 2026 को लखनऊ प्रेस क्लब में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक राष्ट्र स्तरीय पसमंदा मुस्लिम चिंतन कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, धार्मिक विद्वान, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक भाग लेकर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

वर्तमान समय में सामाजिक न्याय, समान अवसर, समावेशी विकास और प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दे राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में हैं। ऐसे में यह कार्यशाला पसमंदा समाज की वास्तविक समस्याओं, चुनौतियों और आकांक्षाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से रखने का प्रयास करेगी। कार्यशाला में शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक हिस्सेदारी, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक भेदभाव, धार्मिक संस्थाओं में प्रतिनिधित्व, सरकारी योजनाओं तक पहुंच तथा नेतृत्व निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने कहा कि देश में बड़ी आबादी होने के बावजूद पसमंदा समाज की सामाजिक, राजनीतिक और संस्थागत भागीदारी अभी भी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। उन्होंने कहा कि यह चिंतन कार्यशाला समाज के वंचित और उपेक्षित वर्गों के अधिकार, सम्मान और बराबरी से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से उठाने का एक महत्वपूर्ण मंच बनेगी।

महाज़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस तथा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शरीक अदीब अंसारी ने कहा कि पसमंदा समाज के सामने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व निर्माण की चुनौतियां आज भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि समय की आवश्यकता है कि समाज के विभिन्न वर्ग साझा मंच पर आकर अपनी प्राथमिकताओं को निर्धारित करें और भविष्य की दिशा तय करें। कार्यशाला का उद्देश्य केवल समस्याओं की पहचान करना नहीं, बल्कि उनके व्यावहारिक समाधान और ठोस कार्ययोजना तैयार करना भी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ करेंगे, जबकि मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शरीक अदीब अंसारी कार्यक्रम का समन्वय करेंगे।

कार्यशाला में प्रमुख अतिथियों के रूप में मौलाना डॉ. मुफ्ती ओबैदुल्लाह कासमी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया पसमंदा उलेमा बोर्ड), मुफ्ती सुहैल कासमी, सहित देशभर की अनेक प्रमुख हस्तियां अपने विचार रखेंगी।

# नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में संयुक्त जांच से हड़कंप

- आधा दर्जन होटल और गेस्ट हाउस होंगे बंद

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** प्रशासन और अग्निशमन विभाग ने संयुक्त रूप से शहर के होटल और गेस्ट हाउसों के खिलाफ एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्र, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह और पर्यटन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मथुरा के विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस औचक निरीक्षण के तहत टीम ने धौलीप्याऊ, मयूर विहार और मालगोदाम रोड के मुख्य क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कुल 33 होटल और गेस्ट हाउसों का बारीकी से निरीक्षण किया, जिससे होटल व्यवसायियों में हड़कंप मच गया।

इस प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान टीम ने मुख्य रूप से सराय एक्ट में पंजीकरण, फायर सेफ्टी हेतु अग्निशमन विभाग की एनओसी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति और स्वीकृत मानचित्र की जांच की। इसके साथ ही सुरक्षा के लिहाज से आगंतुक रजिस्टर में आईडी के साथ प्रविष्टि, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और विद्युत सुरक्षा मानकों को भी परखा गया।

निरीक्षण के दौरान भारी अनियमितताएं और नियमों की अनदेखी पाए जाने पर टीम ने सख्त रुख अपनाया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरी तरह मानक विहीन पाए गए 6 गेस्ट हाउस और होटलों को बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्र ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अवैध व असुरक्षित रूप से संचालित संस्थानों के खिलाफ आगे भी ऐसी ही दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

# ब्रह्मज्ञान और सत्संग से ही मुक्ति सम्भव है: निरंकारी संत

- राधिका विहार में हुआ निरंकारी मिशन का खुला सत्संग
- निरंकारी भक्तों ने कहा हर बंदे में है भगवान सभी से प्यार करो

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** दूध में होता घी हमें दिखता नहीं, अंग संग है प्रभु नजर आता नहीं, सुंदर यह समां सुहाना, इसे अब न तुम गंवाना, हे इंसानों स्वीकार करो। निरंकारी मिशन का है नारा, जग में हो भाईचारा, न तकरार करो। हर बंदे में है भगवान सभी से प्यार करो।

जागरूक करने वाली उपरोक्त पंक्तियां गुरूवार की प्रातबेला में निरंकारी भक्तों ने सुनाई। मौका था सौंख रोड स्थित राधिका विहार के खुले प्रांगण में आयोजित सत्संग का जिसमें निरंकारी संत विजय बहादुर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि जब तक हम किसी को देख नहीं लेते मन मानता नहीं। बिना मन माने उससे प्यार भी होने वाला नहीं, ऐसे ही बिना प्रेम के भक्ति नहीं हो सकती, जब प्रेममय भक्ति ही नहीं हुई तो हमारी जीवन नौका पार कैसे हो सकती है। भ्रम, संशय, विविध पद्धतियों से परे भक्ति स्वतंत्र होती है। भक्ति बांधती नहीं।

संतश्री ने कहा कि परमात्मा निर्गुण निराकार है, जो सर्वत्र सर्वव्यापक है। परमात्मा को मानने से भी ज्यादा जरूरी है कि परमात्मा को जानें, क्योंकि परमात्मा जानने योग्य है, सत्गुरू की कृपा से ब्रह्मानुभूति द्वारा परमात्मा को जाना जा सकता है। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज हर मानव को ब्रह्मज्ञान प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विवेक सिर्फ मनुष्य योनी में ही प्राप्त होता है, लेकिन यह विवेक सत्संग से ही जागृत होता है, इसलिए ही संत सत्संग के लिए प्रेरित करते है, क्योंकि सत्संग आनंद और कल्याण का मूल है। सत्संग से ही मानव जीवन का कल्याण होता है। सत्गुरू की कृपा से सत्संग सहज में ही सुलभ होता है। ब्रह्मज्ञान और सत्संग से ही मुक्ति सम्भव है।

मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि संत निरंकारी मिशन द्वारा आध्यात्मिक जागरूकता अभियान के तहत अलग अलग कॉलोनियों में खुले सत्संग आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों से स्थानीय लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं। निरंकारी भक्तों द्वारा संदेश देते हुए प्रभु मिलन की अनुभूतियां सुनाई जा रही है, जिसे सुनकर आसपास रहने वाले और टहलने वाले स्थानीय निवासी भी आत्मविभोर हो रहे हैं।

संचालन निरंकारी संत एस के रावत ने किया।

# कूलर में उतरे करंट की चपेट में आई बच्ची की हुई मौत

- परिजनों में मचा कोहराम, जनप्रतिनिधियों ने व्यक्त की शोक संवेदना

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर में रखे कूलर की बॉडी में करंट उतर आया जिससे चिपक कर एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने दुखी परिजनों को संवेदना व्यक्त की है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा निवासी अब्दुल कयूम की 8 वर्षीय पुत्री अलीशा की करंट से दर्दनाक मौत हो गई जिसे परिजनों में कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजनों ने बताया कि अलीशा बरामदा में सो रही थी सुबह जैसे ही उठी और वह कूलर में उतरे करंट की चपेट में आ गई जिससे चिपक कर उसकी मौत हो गई। अलीशा अपने दो भाइयों के बीच इकलौती छोटी बहन थी मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद सिद्दीकी, पूर्व प्रधान वकील अहमद, सपा नेता जावेद सिद्दीकी, सामाजिक कार्यकर्ता आमिर खान आदि सहित तमाम लोगों ने परिजनों को संवेदना व्यक्त की है।

# जनपद न्यायाधीश ने जिलाधिकारी और एस एसपी के साथ किया जिला कारागार का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** जिला जज विकास कुमार जी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार जी ने उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा द्वारा जिला कारागार परिसर में आगंतुकों/बंदियों के परिवारजनों की सुविधा हेतु नवनिर्मित मुलाकात लीगल ऐड हेल्प डेस्क का फीता काटकर उद्घाटन किया। नवनिर्मित मुलाकात लीगल ऐड हेल्प डेस्क का मुख्य उद्देश्य बंदियों के परिवारजनों को मदद /सहायता प्रदान करना है (मुलाकात से न्याय तक)।उद्घाटन के पश्चात् माननीय जिला जज विकास कुमार जी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार जी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला बंदी ग्रह, पाकशाला, चिकित्सालय, प्रशिक्षण केंद्र आदि का जायजा लिया। उन्होंने भोजना, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सीसीटीवी आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में माननीय जिला जज विकास कुमार जी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार जी ने जिला कारागार में उपस्थित बच्चों को टॉफी, चॉकलेट, लॉलीपॉप, बिस्किट, चिप्स, फ्रूटी आदि का वितरण किया। बच्चों द्वारा पहाड़े, गिनती, पोयम, फलों के नाम, ए0बी0सी0डी0, संडे-मंडे-ट्यूजडे आदि बताया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों के आत्मविश्वास (कॉन्फिडेंस) की तारीफ की। सभी बच्चों ने बहुत अच्छे से पढ़ी हुई चीजों को बताया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बच्चों को पढ़ाने वाली शिक्षिका को आगामी 15 अगस्त को सम्मानित करने के निर्देश दिए। जिला कारागार में उपस्थित महिला बन्दियों को लड्डू गोपाल माला बनाने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त 06 प्रशिक्षित महिलाओं को माननीय जिला जज विकास कुमार जी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए।

# बंदरों के हमले से डरकर छत से गिरा अधेड़ हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर क्षेत्र में बंदरों के आतंक से लोगों के बीच डर का माहौल है। नगर के मोहल्ला रामगंज में बंदरों के हमले से एक अधेड़ छत से नीचे आ गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों द्वारा एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे हालत गंभीर होने के कारण कानपुर रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह लगभग 9 बजे नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी 58 वर्षीय विमल दुबे के घर के बच्चे छत पर खेल रहे थे, तभी बंदरों का एक झुंड आ गया बच्चों को बंदरों के हमले से बचाने के लिए विमल उर्फ गुड्डू दुबे हाथों में डंडा लेकर छत पर पहुंचे, तभी बंदरों ने उन पर हमला कर दिया। जिससे वह छत से पड़ोसी के आंगन में जा गिरे। घटना से परिजनों के बीच कोहराम मच गया द्य मोहल्ले के लोगों ने आनन फानन मे ई रिक्शा पर लादकर निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां चिकित्सको ने उसकी हालत को गंभीर बताते हुए कानपुर ले जाने की सलाह दी। परिजनों द्वारा गंभीर रूप से घायल अधेड़ को रामा



हॉस्पिटल कानपुर में भर्ती कराया गया है। उधर नागरिकों प्रियम द्विवेदी, राकेश तिवारी, सोनू प्रजापति, मनोज वर्मा, कृष्णा वर्मा , शशांक वर्मा, कन्हैया वर्मा, रविकांत तिवारी ,पवन वर्मा, दिनेश श्रीवास्तव ,मुकेश शुक्ला, ज्ञान अग्निहोत्री आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि बंदरों ने इससे पहले सुनील दुबे की पत्नी सुधा देवी एवं तीन वर्षीय प्रियम की पुत्री गुड़िया, ब्रेड व्यापारी प्रशांत गुप्ता सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों को काट चुके हैं। लोगों ने जिला प्रशासन एवं वन विभाग प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि रेस्क्यू टीम भेज कर बंदरों को पकड़वाया जाए ताकि नागरिक निर्भीक होकर अपना जीवन यापन कर सकें।

# तीन वर्षों से बंद पानी की टंकी, पांच ग्रामों में गहराया पेयजल संकट

- ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन से की समस्या के निस्तारण की मांग

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विकासखंड तालग्राम की ग्राम पंचायत मुसाफिरपुर के गांव अयूबपुर में लगभग 1.49 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पानी की टंकी पिछले तीन वर्षों से बंद पड़ी है। इसके चलते अयूबपुर, हजीरापुर, मुसाफिरपुर, तलैया एवं चैखटा समेत पांच गांवों की पेयजल आपूर्ति बाधित है, जिससे हजारों ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गुरूवार को ग्रामीणों ध्यान सिंह, हरिप्रकाश, सुधीर कुमार, अवधेश कुमार, गेंदालाल, ज्ञान प्रकाश, बलवीर, चंद्रपाल, रामदास, भजनलाल, गोविंद कुमार का आरोप है कि पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद आज तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। नतीजतन लोगों को पेयजल और घरेलू उपयोग के लिए वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण बंद पड़ी पानी की टंकी के पास एकत्र हुए और धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर पेयजल आपूर्ति शुरू कराने की मांग की। ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार जनसुनवाई पोर्टल, जिलाधिकारी कार्यालय तथा तहसील समाधान दिवस में शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं, जल निगम के अधिशासी अभियंता बी.पी. सिंह ने कहा कि उन्हें इस समस्या की जानकारी नहीं थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर जुलाई माह तक जलापूर्ति बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा।

## कराटे में सी.एम.एस. की शांभवी ने जीता गोल्ड

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की कक्षा-6 की प्रतिभाशाली छात्रा शांभवी सिंह ने ज़िला स्तरीय कराटे चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। चौम्पियनशिप का आयोजन ऑल इंडिया वाडो-काई कराटे-डो एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चौम्पियनशिप में लखनऊ विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर कराटे में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, तकनीकी कौशल एवं दमखम के बलबूते गोल्ड मेडल अर्जित कर निकट भविष्य में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन करने के संकेत दिये हैं। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस होनहार बाल खिलाड़ी के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# 12 वर्ष विश्वास विकास और कल्याण का मोदी युग: सैनी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** 2014 से 2026 तक के 12 वर्ष भारत के लिए बदलाव के वर्ष रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व को तीन शब्द सबसे अच्छे से परिभाषित करते हैं विश्वास विकास और कल्याण। ओमप्रकाश सैनी एडवोकेट ने कहा कि 2014 में देश ने मोदी जी पर भरोसा किया। उन्होंने जनता से सीधा संवाद किया और पारदर्शी शासन दिया। जन-धन खातों से लेकर छ्रक्क्ष तक हर योजना ने बिचौलियों को खत्म कर सीधा लाभ पहुँचाया। आज दुनिया का भारत पर विश्वास बढ़ा है और भारत त्20 जैसे मंचों की अध्यक्षता कर रहा है। पंकज स्वरूप एडवोकेट ने कहा कि इन 12 वर्षों में बुनियादी ढांचे की तस्वीर बदल गई। 90,000+ किमी हाईवे वंदे भारत ट्रेनें नए एयरपोर्ट, मेट्रो का जाल और डिजिटल पेमेंट में भारत नंबर 1 बन गया। मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया ने करोड़ों युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार दिया। भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। वहीं गवेन्द्र पाल शर्मा ने कहा कि अंत्योदय के मंत्र पर काम हुआ। उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ से ज्यादा मुफ्त गैस कनेक्शन पीएम आवास से 4 करोड़ पक्के घर आयुष्मान भारत से 50 करोड़ लोगों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज मिला। 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन किसान सम्मान निधि से 11 करोड़ किसानों को सीधी मदद की है ये कल्याणकारी राज्य की मिसाल है। 12 साल पहले जो भारत नीतिगत लकवे और भ्रष्टाचार से जूझ रहा था आज वही भारत आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। कोरोना जैसी महामारी में मुफ्त वैक्सीन से लेकर चंद्रयान की सफलता तक हर क्षेत्र में भारत ने नई ऊँचाई छुई है। विशिष्ट जनसंपर्क के दौरान ओम प्रकाश सैनी एडवोकेट जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी मथुरा एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पंकज स्वरूप कौशिक एडवोकेट गवेंद्र पाल शर्मा एडवोकेट रामेश्वर सिंह तोमर एडवोकेट माथुर कौशिक एडवोकेट गोविंद दास एडवोकेट आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# परिवार परामर्श केन्द्र ने एक परिवार को बिखरनें से बचाया



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में महिला थाना स्थित परिवार परामर्श केंद्र में आयोजित काउंसलिंग के दौरान एक परिवार को टूटने से बचा लिया गया। आपसी मतभेदों के चलते अलग रह रहे पति-पत्नी ने परामर्श केंद्र की समझा-बुझानें के बाद अपने विवादों को भुलाकर पुनः साथ रहने का निर्णय लिया। गुरूवार को परिवार परामर्श केंद्र में निरीक्षक रंजना पाण्डेय, महिला उपनिरीक्षक गीता पाठक, महिला कांस्टेबल सीमा यादव एवं महिला कांस्टेबल अनामिका यादव द्वारा दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी को आपसी संवाद, विश्वास एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों के महत्व के बारे में समझाया गया। काफी देर तक चली काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई और पति-पत्नी ने सभी मतभेद समाप्त कर खुशी-खुशी साथ रहने की इच्छा जताई। परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने उन्हें भविष्य में किसी भी विवाद का समाधान बातचीत और आपसी समझदारी से करने की सलाह दी। परिवार परामर्श केंद्र की इस पहल से एक परिवार बिखरने से बच गया।

# आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाये

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खान जानू एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह उर्फ रीपू यादव के नेतृत्व में थानाध्यक्ष तालग्राम को ज्ञापन सौंपकर सोशल मीडिया पर कथित अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। गुरुवार को थानाध्यक्ष तालग्राम विनय 'र्मा को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पुत्री अदिति यादव के संबंध में सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां न केवल व्यक्तिगत गरिमा के विरुद्ध हैं, बल्कि महिलाओं के सम्मान को भी ठेस पहुंचाती हैं। सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियां समाज में गलत संदेश देती हैं तथा सामाजिक मर्यादाओं को आहत करती हैं। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अभद्र हरकत करने का साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन किसी की प्रतिष्ठा और सम्मान को ठेस पहुंचाने का अधिकार किसी को नहीं है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सपा नेताओं ने महिलाओं के सम्मान और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन से प्रभावी कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर तहसीन खान, इरशाद अली, नफीस अहमद (सागर), शिवनाथ सिंह यादव (दरोगा जी), सर्वेश प्रधान, सलमान खान, वन्टू ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकारी वाहन की रफ्तार पर सवाल

अवधनामा संवाददाता



■ बीमा समाप्त, 16 चालान और सभी ओवरस्पीडिंग के डीएसओ कार्यालय से संबद्ध वाहन बना चर्चा का विषय, नियमों के पालन पर उठे गंभीर प्रश्न

**बांदा।** जनपद में सरकारी विभागों में संचालित वाहनों की व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला एक मामला सामने आया है। पत्रकार द्वारा किए गए एक औचक आकलन में विभागीय कार्यों में प्रयुक्त वाहन संख्या P 32 JJ 7172, जिस पर 'डीएसओ' अंकित है, से जुड़ी कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। जांच के दौरान पता चला कि उक्त वाहन का बीमा अवधि समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद वाहन लगातार सड़कों पर दौड़ रहा है और विभागीय कार्यों में उपयोग किया जा रहा है। इससे सरकारी विभागों में वाहनों के दस्तावेजों की निगरानी और सत्यापन प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लग गया है। मामले का सबसे दिलचस्प और चिंताजनक पहलू यह है कि वाहन के नाम पर कुल 16 ई-चालान दर्ज हैं, जिनकी कुल राशि लगभग 32 हजार रुपये बताई जा रही है। विशेष बात यह है कि ये सभी 16 चालान केवल और केवल ओवरस्पीडिंग के कारण किए गए हैं। यानी वाहन बार-बार निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार दिखाई नहीं देता।

अब लोगों के बीच चर्चा है कि आखिर ऐसा कौन-सा अत्यावश्यक सरकारी कार्य था, जिसके चलते वाहन को बार-बार निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में दौड़ाया गया। व्यंग्यात्मक टिप्पणियां भी सुनने को मिल रही हैं कि शायद विभागीय कामकाज की गति से अधिक वाहन की गति पर ध्यान दिया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि एक-दो बार ओवरस्पीडिंग का चालान होना सामान्य माना जा सकता है, लेकिन लगातार 16 बार और सभी चालानों का एक ही श्रेणी–ओवरस्पीडिंग–का होना वाहन संचालन में लापरवाही और यातायात नियमों के प्रति उदासीनता की ओर संकेत करता है।

सवाल यह भी उठ रहा है कि जब आम नागरिकों पर यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती से कार्रवाई होती है, तब सरकारी विभागों से संबद्ध वाहनों के मामले में जवाबदेही कौन तय करेगा। बीमा समाप्त होने और लगातार ओवरस्पीडिंग के चालान सामने आने के बाद अब संबंधित विभाग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि वाहन का संचालन किन परिस्थितियों में किया जा रहा था और नियमों के पालन को लेकर क्या कदम उठाए गए।

जनपद में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग मांग कर रहे हैं कि सरकारी विभागों में संचालित सभी वाहनों के बीमा, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाणपत्र और चालान रिकॉर्ड की व्यापक जांच कराई जाए, ताकि नियमों का पालन केवल आम जनता तक सीमित न रहकर सरकारी तंत्र पर भी समान रूप से लागू हो।

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नरैनी में हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा

■ विधायक ओममणी वर्मा ने किया हवन-पूजन

अवधनामा संवाददाता



**नरैनी (बांदा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नरैनी विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक ओममणी वर्मा के नेतृत्व में मंडल कालिंजर के प्रसिद्ध गुढ़ा स्थित श्री हनुमान जी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, हवन-पूजन एवं आरती का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विधायक ओममणी वर्मा ने विधि-विधान के साथ हवन-पूजन कर हनुमान जी महाराज के दर्शन किए तथा देश की सुख-समृद्धि, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की कामना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा उनके नेतृत्व में राष्ट्र की निरंतर प्रगति और विकास के लिए विशेष प्रार्थना भी की।

इस अवसर पर विधायक वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के दौरान भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है, जिससे आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए देश का प्रत्येक नागरिक अपनी सहभागिता निभा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अर्जुन प्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कालिंजर ओमप्रकाश सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष नरैनी आदित्य चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बाजपेई, पूर्व जिला महामंत्री राकेश मिश्रा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में भक्ति, उत्साह और राष्ट्र सेवा की भावना का वातावरण देखने को मिला।

# यमुना नदी में 22 वर्षीय युवती का शव मिलने से सनसनी

**उरई (जालौन)।** कुठौंद थाना क्षेत्र में यमुना नदी से 22 वर्षीय युवती का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शंकरपुर चौकी क्षेत्र के गजरौरा घाट के पास ग्रामीणों ने नदी में एक युवती का शव उतराता देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कुठौंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाकर जांच शुरू की। युवती की पहचान नहीं हो सकी है, जिसके चलते आसपास के ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी (सीओ) जालौन भी मौके पर पहुंचे। वहीं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस प्रथम दृष्टया हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। युवती की मौत हत्या का परिणाम है या फिर आत्महत्या, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पहचान तथा मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# खनन पट्टाधारकों को 30 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य, एडीएम ने दिए सख्त निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) की अध्यक्षता में जनपद के उपखनिज बालू, मोरम, गिट्टी एवं पत्थर खनन पट्टाधारकों, अनुज्ञाधारकों तथा क्रेशर स्वामियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी जुलाई-अगस्त माह में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने की रणनीति पर चर्चा करते हुए सभी संबंधितों को निर्धारित मानकों के अनुसार पौधरोपण करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि वन विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण-पत्र में निर्धारित शर्तों के अनुरूप प्रत्येक खनन पट्टा क्षेत्र एवं क्रेशर परिसर के आसपास वृक्षारोपण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए खनन क्षेत्रों के निकट 5 से 10 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन कराया जाएगा, जहां फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाएंगे तथा उनकी सुरक्षा के लिए फेंसिंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

बैठक में जानकारी दी गई कि जनपद के 50 तालाबों के आसपास लगभग 30 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही सभी क्रेशर संचालकों को अपने-अपने परिसर के आसपास हरित पट्टी विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ पट्टाधारकों ने बैठक में भूमि की उपलब्धता को लेकर समस्या रखी, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि पट्टा क्षेत्र के आसपास पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं है तो तहसील प्रशासन के माध्यम से वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण के बाद पौधों की देखरेख एवं संरक्षण की पूरी जिम्मेदारी संबंधित पट्टाधारकों की होगी।

पौधों की उपलब्धता के संबंध में उठाए गए प्रश्नों पर प्रभागीय वनाधिकारी बांदा से वार्ता की गई। वन विभाग ने आश्वासन दिया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पट्टाधारकों को उनके व्यय पर आवश्यक पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे तथा वृक्षारोपण अभियान में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। बैठक में खनन व्यवसाय से जुड़े सभी प्रमुख पट्टाधारक, अनुज्ञाधारक एवं क्रेशर स्वामी उपस्थित रहे। प्रशासन की इस पहल को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे खनन प्रभावित क्षेत्रों में हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण संतुलन को मजबूती मिलेगी।

**भीषण गर्मी में नगर पालिका की राहत पहल**

# आयुक्त ने किया वाटर कूलरों का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** भीषण गर्मी और हीट वेव से जूझ रहे आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बांदा ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए आयुक्त कार्यालय एवं जिला अस्पताल (ट्रामा सेंटर) के समीप वाटर कूलरों की स्थापना कराई है। गुरुवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा अजीत सिंह एवं नगर पालिका परिषद बांदा की अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इन वाटर कूलरों का शुभारंभ किया। नगर पालिका परिषद परिसर में लगाए गए वाटर कूलरों से अब आम नागरिकों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों तथा पालिका कार्यालय आने वाले लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। वहीं जिला चिकित्सालय (ट्रामा सेंटर) में भी वाटर कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने से मरीजों और उनके परिजनों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी श्रीचंद ने कहा कि नगर पालिका नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना परिषद की प्राथमिकताओं में शामिल है और जनहित से जुड़े ऐसे कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के सम्मानित सभासदगण, प्रधान लिपिक श्री केदारनाथ सहित पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका की इस पहल का नागरिकों ने स्वागत करते हुए इसे जनहित में सराहनीय कदम बताया है।

# बीडीओ ने अपने मौजूदगी में आवारा पशुओं को पकड़वाकर पिपरा चंद्रभान गौशाला भिजवाया

अवधनामा संवाददाता



**रुद्रपुर देवरिया।** बुधवार को पिड़रा में आवारा सांड द्वारा एक किसान की हत्या कर देने के बाद स्थानीय प्रशासन ने निराश्रित पशुओं को पकड़वाकर पिपरा चंद्रभान गौशाला में भेजने की कार्यवाही बृहस्पतिवार को किया। जिसमें विकासखंड रुद्रपुर के खंड विकास अधिकारी एजाज अहमद ने अपने देखरेख में विकासखंड के समस्त सफाई कर्मचारी, सचिव, सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास व पंचायती राज व पशुपालन विभाग के डाक्टर व फार्मासिस्ट के नेतृत्व में पैंतीस निराश्रित पशुओं को पकड़वाया। विकासखंड के कैटिल कैचर से पशुओं को पकड़वाकर पिपरा चंद्रभान भेजा गया। विकासखंड के सचिवों के द्वारा सात वाहनों की व्यवस्था में पशुओं को भरकर भेजा गया।

विकासखंड के कैटिल कैचर वाहन के साथ बीडीओ एजाज अहमद, एडीओ वीरेंद्र प्रकाश मिश्रा, दीनानाथ प्रजापति, डॉक्टर बीके पटेल सचिव विकास भारती बैजनाथ गोंड,संतोष सिंह, आलोक सिंह सत्यदेव पांडे गौरव सोनकर विजय सिंह जितेंद्र, राकेश यादव, नेबुलाल, राजू सिंह सावन आदि मौजूद रहे।

## नेहरू से तुलना पर कांग्रेस का भाजपा पर हमला

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूरे होने पर जश्न मना रही है और पंडित जवाहरलाल नेहरू से तुलना करने का प्रयास कर रही है। लेकिन भाजपा को यह समझना चाहिए कि इतिहास केवल कुर्सी पर बिताए गए वर्षों से नहीं बनता, बल्कि देश के लिए किए गए त्याग और राष्ट्र निर्माण के कार्यों से बनता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अंग्रेजों की जेलों में नौ वर्ष बिताए, स्वतंत्रता संग्राम में अपना यौवन समर्पित किया और आजाद भारत की नींव रखी। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाएं खड़ी कीं, IIT, AIIMS, बड़े बांध, सार्वजनिक उद्योग और वैज्ञानिक भारत का सपना साकार किया। आज भाजपा जिन संस्थाओं और व्यवस्थाओं का लाभ उठा रही है, उनकी बुनियाद नेहरू जी और कांग्रेस ने रखी थी। भाजपा बताए कि 12 वर्षों के शासन के बाद देश को क्या मिला? बेरोजगारी के रिकॉर्ड स्तर, महंगाई की मार, किसानों की बदहाली, छोटे व्यापारियों पर आर्थिक दबाव और समाज में बढ़ती विभाजनकारी राजनीति। यदि केवल लंबे समय तक सत्ता में बने रहना ही महानता का पैमाना है, तो लोकतंत्र में किसी भी नेता का मूल्यांकन अधूरा होगा।

# ट्रक की चपेट में आई महिला, मौत



अवधनामा संवाददाता

**चंदौली।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के दुल्हीपुर में बुधवार की देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में महिला ट्रक की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में महिला का पति बाल-बाल बच गया।

बुधवार की देर रात इस हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि इफको कंपनी द्वारा सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण आए दिन ऐसी दुर्घटना होती है। खराब सड़क पर आज भी ट्रक तेज रफ्तार से चल रहा थी, जिससे ट्रक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गया। महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गई। कुछ ही सेकंड में ट्रक उसे कुचलते हुए आगे बढ़ गया जिससे मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान रुबीना बेगम (37) पत्नी शाहिद मोहम्मद निवासी कोयला बाजार, थाना आदमपुर वाराणसी के रूप में हुई। रुबीना अपने पति शाहिद के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में सरिक होकर वापस अपने घर वाराणसी जा रही थी। दुल्हीपुर के पास तेज रफ्तार ट्रक संख्या एचआर 58 डी 8958 मोटरसाइकिल सवार महिला को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। इस हादसे में महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक चला रहे पति बाल-बाल बच गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने बताया मामला परिजनों के तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से ट्रक चालक का पता लगाने के कोशिश जारी हैं।

# संगठनात्मक एवं जनकल्याणकारी अभियानों को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**औरा चौरी, देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय औरा चौरी में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विभिन्न संगठनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं अभियानों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विकसित भारत सम्मेलन, एक पेड़ मां के नाम अभियान, ब्लॉकों में विशेष शिविरों का आयोजन, महा संपर्क अभियान, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, बलिदान दिवस तथा आपातकाल स्मृति दिवस सहित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प की ओर तेजी से अग्रसर है। इस उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी जाएगी।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया गया। कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया गया। साथ ही स्वच्छता अभियान के माध्यम से गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने पर बल दिया गया।

इसके अतिरिक्त ब्लॉक स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने तथा महा संपर्क अभियान के माध्यम से आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक में आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाने, बलिदान दिवस के अवसर पर राष्ट्र एवं समाज के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सभी अभियानों को सफल बनाने के लिए संगठन की मजबूती एवं जनसहभागिता बढ़ाने का संकल्प लिया।

# भाजपाइयों ने प्रबुद्ध लोगों से सम्पर्क कर गिनाया उपलब्धि



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे विशेष सम्पर्क अभियान के तहत भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने राजकीय इंटर कालेज देवरिया के प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्र से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 12 वर्ष की उपलब्धियों की पुस्तिका और राष्ट्रधर्म पत्रिका भेंट किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश के अंदर सुशासन,गरीब कल्याण, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान, युवा, महिला का उत्थान कर केंद्र सरकार ने देश का मान-सम्मान विश्व पटल पर बढ़ाया है। अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 12 वर्षों के सफर में कई बड़े आर्थिक, सामाजिक और ढांचागत सुधार किए हैं।आयुष्मान भारत योजना के जरिए करोड़ों नागरिकों को 5 लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है। देश में जीएसटी लागू करना, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक का खात्मा और भव्य राम मंदिर का निर्माण इस काल के बड़े फैसले रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, विजय कुशवाहा, गोविंद सिंह, प्रभात रंजन मणि, देवेंद्र कुमार, विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक उपस्थित रहे।

# बाढ़ प्रभावित गांव प्रसहटा में मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**चंदौली।** संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने और ग्रामीणों को जागरुक करने के उद्देश्य से सकलडीहा तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव प्रसहटा में गुरुवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन, पुलिस एवं संबंधित विभागों की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का प्रदर्शन किया।

मॉक ड्रिल का निरीक्षण करने पहुंचे उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर, क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी शर्मा तथा तहसीलदार अनुराग सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान ग्रामीणों को बाढ़ के समय बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की प्रक्रिया तथा आपात स्थिति में प्रशासन से संपर्क करने के तरीकों की जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल में नाव संचालन, लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने तथा राहत सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का भी प्रदर्शन किया गया।

उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने कहा कि मानसून को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। वहीं क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी शर्मा ने आपदा की स्थिति में पुलिस एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। ग्रामीणों ने मॉक ड्रिल में सक्रिय भागीदारी करते हुए इसे उपयोगी बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य संभावित बाढ़ की स्थिति में जनहानि एवं संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम करना तथा लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरुक बनाना है।

## राशन कार्ड व खाद्यान्न संबंधी शिकायतें तत्काल बताने की अपील

**उरई (जालौन)।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जालौन द्वारा खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने तथा आमजन की राशन कार्ड संबंधी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय कार्यों के बेहतर संचालन एवं खाद्यान्न वितरण से संबंधित शिकायतें न आने की स्थिति में जॉइंट मजिस्ट्रेट द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने का भी संज्ञान लिया गया है। इसी क्रम में पूर्ति विभाग की ओर से जनपदवासियों से अपील की गई है कि यदि किसी पात्र व्यक्ति को राशन कार्ड बनवाने, नाम जोड़ने अथवा खाद्यान्न प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या आ रही हो, तो इसकी जानकारी तत्काल विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। पूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया है कि पात्र लाभार्थियों को शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाना विभाग की प्राथमिकता है।

# गलियों की खाक छानेंगे महापौर विनोद

■ तीसरे कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर जनचौपाल के तहत महानगर के सभी वार्डों में जनता से होंगे रूबरू

■ महापौर विनोद अग्रवाल ने विकास के साथ हाउसचैक्स व वाटर टैक्स से छूट मिलने का भरोसा भी जताया

अवधनामा संवाददाता



**मुरादाबाद।** तीसरे कार्यकाल के तीन वर्ष मुकम्मल होने पर महापौर विनोद अग्रवाल ने अब जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समझने और निराकरण कराने का फैसला लिया है।

सरकार जनता के द्वार का नारा लेकर तीन जुलाई तक वार्डों में जनचौपाल का आयोजन करने की तैयारी मुकम्मल कर ली गई है।गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में मेयर विनोद अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि बदलता मुरादाबाद-संवरता मुरादाबाद के नारे के साथ महानगर का विकास लगातार जारी है। बीस वर्ष पहले जलभराव सबसे बड़ी समस्या थी जिसका लगभग समाधान हो चुका है। अब झमाझम बारिश होने पर भी जलभराव नहीं होता है। बरसात के पानी की एक घंटे में पूरी तरह निकासी हो जाती है। उन्होंने बताया कि महानगर में 70 अंडरग्राउंड नाले हैं जिनकी सफाई का अभियान जारी है और मानसून आने से पहले अधिकांश की सफाई हो जाएगी। इसी तरह शहर में नालियों और सड़कों के साथ गलियों को निर्माण कराया है। क्लीन मुरादाबाद-ग्रीन मुरादाबाद योजना के तहत सड़कों के बीच में डिवाइडर बनाकर लाखों पेड़

लगाए गए हैं। उन्होंने स्वच्छ मुरादाबाद-स्वस्थ मुरादाबाद के तहत सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त की है और रात को भी सड़कों की सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड में तीन वर्षों के दौरान करीब तीन करोड़ से अधिक रुपये के विकास कराया जा चुका है। विकास योजनाएं तैयार करके शासन को भेजी गई हैं जिसकी स्वीकृति मिलने पर तेजी से और विकास कार्य कराए जाने हैं।

मेयर विनोद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री बनाने का रिकोर्ड बनाने पर पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए जनता की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ के नेतृत्व में महानगर का विकास तेजी से कराया गया है। उन्होंने कहा कि महानगर में हाउस टैक्स और वाटर टैक्स से राहत दिलाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा है जिसमें जुलाई तक निर्णय होने की उम्मीद है। उन्होंने दावा किया है कि प्रस्ताव स्वीकृत होने से जनता से टैक्स का बोझ बहुत कम हो जाएगा। इसी तरह सड़कों का चौड़ीकरण और सौंदर्यकरण का कार्य भी लगातार जारी है और कई योजनाएं शासन को स्वीकृति के लिए भेजी गई हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा उनका उद्देश्य है और इसी लिए जनचौपाल के जरिये वह वार्डों की समस्याओं से अवगत होंगे और समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

# हर मौसम में शीशे की तरह चमकेगी आपकी स्किन, घर पर बनाएं जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर

जेल मॉइश्चराइजर स्किन में जल्दी अब्जॉर्ब होता है। इससे आपकी स्किन में चिपचिपी महसूस नहीं होती है। क्योंकि यह वॉटर बेस्ड होता है और ऑयली स्किन से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन को बिना हैवीनेस या ऑयल के हाइड्रेटेड रखता है। आज हम आपको घर पर ही जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

चाहे कोई भी मौसम हो स्किन को हर मौसम में पर्याप्त नमी की जरूरत होती है। स्किन को नमी देने के लिए एक अच्छा मॉइश्चराइजर बेहद काम आता है। इसलिए हम सभी अपनी स्किन केयर के लिए मार्केट से लाए हुए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं। जबकि आप इसको खुद भी बना सकते हैं। आप मौसम के हिसाब को देखते हुए जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बना सकती हैं। क्योंकि जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लाइटवेट और नॉन ग्रीसी होता है।



वहीं जेल मॉइश्चराइजर स्किन में जल्दी अब्जॉर्ब होता है। इससे आपकी स्किन में चिपचिपी महसूस नहीं होती है। क्योंकि यह वॉटर बेस्ड होता है और ऑयली स्किन से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन को बिना हैवीनेस या ऑयल के हाइड्रेटेड रखता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर ही जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

**खीरे का जेल मॉइश्चराइजर**

गर्मियों में यह जेल माइश्चराइजर आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाने में सहायता करता है। इससे आपकी स्किन को पर्याप्त हाइड्रेशन मिलता है। वहीं धूप से झुलसी स्किन के लिए खीरा काफी अच्छा माना जाता है।

सामग्री

आधा खीरा

एलोवेरा जेल- 2 बड़े चम्मच

नारियल का तेल- 1 छोटा चम्मच

मिंट एसेंशियल ऑयल- 3-4 बूंदें

ऐसे बनाएं खीरे से जेल मॉइश्चराइजर

सबसे पहले खीरे को पीसकर छान लें और इसका ताजा जूस निकाल लें।

फिर एक कटोरी में खीरे के जूस को एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें।

इसके बाद इसमें एसेंशियल ऑयल और नारियल तेल डालकर अच्छे से मिलाएं।

आप इसको फ्रिज में भी स्टोर करके हर दिन इस्तेमाल कर सकते हैं।

# होममेड ग्रीन टी आइस क्यूब्स से खत्म होंगी झुर्रियां

## चेहरे पर आएगा गजब का निखार

ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। हम सभी अपनी स्किन को यंगर और ग्लोइंग बनाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। इसके लिए हम सभी मार्केट में मिलने वाले महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप इन प्रोडक्ट्स पर अधिक रुपए-पैसे खर्च करने की बजाय नेचुरल तरीके से स्किन को लंबे समय तक यंगर और ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं। बता दें कि ग्रीन टी आइस क्यूब स्किन पर उम्र बढ़ने वाले संकेतों को खत्म करने के साथ सूजन कम करने और स्किन को अधिक रिफ्रेशिंग दिखाने में सहायता करती है। दरअसल, ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। ऐसे में अगर आप अधिक समय तक स्किन को यंगर बनाए रखना चाहती हैं, तो आपको ग्रीन टी आइस क्यूब का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्रीन टी आइस क्यूब बनाकर कैसे इसका इस्तेमाल करें।

**ग्रीन टी और शहद आइस क्यूब**

यह आइस क्यूब स्किन को अधिक यंगर बनाने के साथ ही निखार भी देता है। इस आइस क्यूब के इस्तेमाल से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है।

**सामग्री**

ग्रीन टी बैग- 2

गर्म पानी- 1 कप

शहद- 1 चम्मच

**ऐसे बनाएं आइस क्यूब**

इसके लिए सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और उसको ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडी हो जाए तो इसमें शहद डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर इसे आइस क्यूब में डालकर फ्रीज कर लें।

जब यह जम जाए तो इसको एक पतले कपड़े या फिर रुमाल आदि में लपेटकर स्किन पर यूज करें।

**ग्रीन टी और खीरे का आइस क्यूब**



यह आइस क्यूब सूजन को खत्म करने में सहायक होता है। आप इस आइस क्यूब को विशेष रूप से आंखों के नीचे इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सामग्री**

ग्रीन टी- 1/2 कप उबली हुई

खीरे का जूस- 1/2 कप

**ऐसे बनाएं**

इसको बनाने के लिए ताजे खीरे को ब्लेंड करके छान लें।

अब खीरे के जूस के साथ ग्रीन टी को मिलाएं।

फिर इसको आइस क्यूब में डालकर जमने के लिए फ्रीज में रख दें।

वहीं जब यह आइस क्यूब बन जाए तो इसका इस्तेमाल करें।

ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब

बता दें कि ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब एक सूदिंग आइस क्यूब है। यह आपकी स्किन को यंगर बनाने के अलावा सूदिंग इफेक्ट भी देता है।

**सामग्री**

ग्रीन टी- 1 कप उबली हुई

ताज़ा एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

**ऐसे बनाएं**

ग्रीन टी और एलोवेरा जेल को एक साथ मिक्स करें।

फिर इसको आइस क्यूब ट्रे में डालकर फ्रीज कर दें।

# स्किन केयर के लिए घर पर बनाएं हर्बल फेस मिस्ट

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं। वहीं आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसको कस्टमाइज भी कर सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको घर पर हर्बल फेस मिस्ट बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

हम सभी चाहते हैं कि हर समय हमारी स्किन रिफ्रेशिंग लगे। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं होता है। दिनभर काम करने की थकान हमारी स्किन पर साफतौर पर नजर आती है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप फेस मिस्ट का इस्तेमाल करें। वैसे तो फेस मिस्ट आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन आप चाहें तो कुछ हर्ब्स की सहायता से घर पर भी फेस मिस्ट बना सकती हैं। जब आप घर पर हर्ब्स की मदद से फेस मिस्ट बनाती हैं, तो आपको अपनी स्किन को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**चमक**

**हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं।**

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं। वहीं आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसको कस्टमाइज भी कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर हर्बल फेस मिस्ट बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

ग्रीन टी और पुदीने के मिस्ट की सामग्री

उबली हुई ग्रीन टी- आधा कप

पुदीने के पत्ते- 5-6 ताज़े

विच हेज़ल- 1 छोटा चम्मच

**ऐसे बनाएं**



ग्रीन टी और पुदीने के पत्तों को 10 मिनट के लिए गर्म पानी में भिगो दें।

फिर इसको ठंडा होने के लिए रख दें। अब लिक्विड को छानकर इसे स्प्रे बोतल में डालें।

इसमें विच हेजल डालकर इसका इस्तेमाल करें।

खीरा और तुलसी से फेस मिस्ट की सामग्री

आधा खीरे का जूस

तुलसी की चाय- एक चौथाई कप

एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले खीरे को पीसकर उसका जूस छाल लें।

फिर तुलसी के पत्तों को गर्म पानी में उबालकर ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडा हो जाए, तो इसमें एलोवेरा जेल मिक्स करें और स्प्रे बोत में मिला लें।

अब इसको फ्रिज में स्टोर करें।

आप इसका सप्ताह भर तक इस्तेमाल कर सकते हैं।

संतरे के छिलके और शहद से के फेस मिस्ट की सामग्री

संतरे के छिलके- आधा कप

कच्चा शहद- 1 चम्मच

सेब का सिरका- 1 चम्मच

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले छिलकों को 10 मिनट के लिए पानी में उबालें।

अब इसको ठंडा करके छान लें।

फिर इसमें शहद और सेब का सिरका डालकर अच्छे से मिक्स करें।

अब इसको एक स्प्रे बोतल में भर लें और फ्रिज में स्टोर करें।

आप त्वचा को रिफ्रेशिंग फील कराने के लिए इससे स्प्रे करें।

# फैमिली फंक्शन में पाना चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो स्टाइल करें ये प्रिंटेड साड़ियां, वार्डरोब में जरूर करें शामिल

अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आप कुछ साड़ियों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ साड़ी ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं।

महिलाएं कई सारे फंक्शन में साड़ी पहनना पसंद करती हैं। साड़ी में आप न सिर्फ खूबसूरत नजर आती हैं, बल्कि इससे आपका लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। हालांकि साड़ी में आपको कई सारी डिजाइन्स मिल जाएंगी, जिनको आप फंक्शन के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। ऐसे में अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आप कुछ साड़ियों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ साड़ी ऑप्शन के बारे में बताने जा



रहे हैं।

**मल्टी कलर ऑर्गेंजा साड़ी**

फैमिली फंक्शन में बेस्ट और स्टाइलिश लुक पाने के लिए ऑर्गेंजा साड़ी वियर कर सकती हैं। इस साड़ी में आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस साड़ी में ऑर्गेंजा फैब्रिक है, जिसको आप किसी भी फैमिली फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। आप ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही जगहों से 1000 से 1500 तक की कीमत में खरीद सकते हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप पर्ल वाली ज्वेलरी के साथ फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

**प्रिंटेड साटन साड़ी**

अगर आप लाइट कलर में साड़ी पहनने की सोच रही हैं, तो आप प्रिंटेड साटन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी को स्टाइल करके आप भीड़ से अलग नजर आएंगी। इस साड़ी में आपको कई कलर ऑप्शन मिल जाएंगी। इसको आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसके साथ मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं आप हील्स पहन सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंट साड़ी**

अगर आप भी सिंपल और अट्रैक्टिव लुक पाना चाहती हैं, तो आपको फ्लोरल प्रिंट साड़ी वियर कर सकती हैं। इन दिनों यह साड़ी काफी ट्रेंड में हैं और इसमें आपका लुक बेहद प्यारा लगेगा। आप इस तरह की

# गर्मियों में दिखना चाहती हैं कूल और स्टाइलिश तो बनाएं ये ट्रेंडी हेयर स्टाइल, आप भी करें ट्राई

गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।

गर्मियों के मौसम में आउटफिट सिलेक्शन के बाद दूसरी समस्या हेयर स्टाइल की होती है। क्योंकि जब तक आप आउटफिट के साथ कूल हेयर स्टाइल नहीं बनाती हैं, तो आपका लुक परफेक्ट नहीं आता है। गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।



अगर आप भी गर्मियों में हर दिन अपनी हेयर स्टाइल को लेकर कंफ्यूज रहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप कैजुअल आउटिंग, ऑफिस, कॉलेज हर जगह बना सकती हैं। इन हेयर स्टाइल में आपका हर लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।

**रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल**

गर्मियों में आप रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए तमाम सारी रबर बैंड की जरूरत होगी। सबसे पहले नार्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूर पर रबर लगाना है और बालों को बीच से लूज करते जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्कर्ट और जींस के साथ ऐसी हेयर स्टाइल काफी कूल लुक देती है।

**हाफ हेयर बन स्टाइल**

आमतौर पर गर्मियों में लोग हेयर स्टाइल लुक जरूर बनाते हैं।

# स्किन टोन के हिसाब से चुने अपना लहंगा, जानिए कौन सा कलर कॉम्बिनेशन रहेगा बेस्ट

अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं। जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।

बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

**फेयर स्किन टोन**

अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं।

**मीडियम स्किन टोन**

मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइल स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप



अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं।

**डस्की स्किन टोन**

इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं। आप डीप ग्रीन के साथ कॉपर, मैजेंटा के साथ गोल्ड या फिर रस्ट ऑरेंज के साथ बेज कलर को कैरी कर सकती हैं।

# छोटे कद की लड़कियां पहनना चाहती हैं बोल्ड प्रिंट, इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते।

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं। लेकिन छोटी हाइट का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप ब्राइट और मज़ेदार प्रिंट्स से खुद को दूर रखें। बस जरूरत होती है सही स्टाइलिंग की। एक परफेक्ट स्टाइलिंग के साथ, ये बोल्ड प्रिंट्स आपको ज़्यादा लंबा, कॉन्फिडेंट और ट्रेंडी भी दिखा सकते हैं।

बस थोड़े से प्रॉपोर्शन्स से खेलकर और सही प्रिंट्स को चुनकर आप अपनी बॉडी को छुपाने

**निखार**

**बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं।**

की बजाय निखारें। चाहे वो फ्लोरल्स हों, स्ट्राइप्स हों या कुछ हटके जियोमैट्रिक डिज़ाइन्स, हर तरह के प्रिंट्स को आप अपने लिए काम में ला सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप छोटे कद में भी बोल्ड प्रिंट्स को स्टाइल कर सकती हैं-



**छोटे या मीडियम साइज के बोल्ड प्रिंट चुनें**

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते। इसलिए, बहुत बड़े फ्लोरल प्रिंट की बजाय थोड़ा छोटे फ्लोरल प्रिंट्स चुनें, जो कॉन्ट्रास्ट कलर में हों और सॉलिड बैकग्राउंड पर हों।

**वर्टिकल हो प्रिंट्स**

अगर आप बोल्ड प्रिंट में भी अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल प्रिंट्स को चुनें। ऊपर से नीचे जाने वाले लाइन वाले प्रिंट्स जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्स आपको लंबा दिखाते हैं। वर्टिकल प्रिंट वाला कुर्ती-पैंट सेट या को-ऑर्ड सेट पहनना परफेक्ट रहेगा।

**फिटेड या स्ट्रक्चर्ड हो आउटफिट्स**

यह एक बेहद ही छोटा लेकिन अच्छा तरीका है बोल्ड प्रिंट्स में लंबा नजर आने का। ध्यान रखें कि बोल्ड प्रिंट्स वैसे ही ध्यान खींचते हैं। अगर कपड़ा बहुत ढीला या बहता हुआ हो, तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए फिटिंग वाले टॉप्स, बेल्ट वाली ड्रेस या स्ट्रेट फिट बॉटम्स पहनें ताकि बैलेंस बना रहे।

**प्रिंट की जगह पर दें ध्यान**

कुछ ड्रेस में प्रिंट नीचे की ओर ज्यादा होता है या रैंडम फैला होता है। ऐसे कपड़े चुनें जिनमें प्रिंट बॉडी को फ्लैटर करे, जैसे कंधों के पास हल्का प्रिंट और नीचे डार्क।

# मेकअप किट में शामिल करें बेस्ट लिपस्टिक शेड

मेकअप की जान होती है लिपस्टिक, इसके बिना मेकअप भी फीका लगता है। अगर आप भी लिपस्टिक खरीदना चाहती हैं, तो इन शेड्स की लिपस्टिक जरुर लगाएं। इस लेख में हम आपके लिए कुछ यूनीक लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। यह शेड्स हर लड़की के मेकअप किट में होना चाहिए।

जब लुक्स की बात आती है, तो मेकअप लुक में जान डाल देता है। मेकअप की जान लिपस्टिक बिल्कुल है। हर एक लड़की के मेकअप किट में ये लिपस्टिक शेड्स जरुर होने चाहिए। कुछ लिपस्टिक शेड्स कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं जाते। ये हर स्किन टोन पर अच्छे लगते हैं। आप भी अपने मेकअप किट में हमेशा ट्रेंड में रहने वाली लिपस्टिक को एड कर सकते हैं। बेहतरीन लिपस्टिक शेड्स, हर ब्यूटी लवर के पास होने चाहिए। चाहे वो परफेक्ट न्यूड हो, पावर रेड हो या आकर्षक मौवे, ये शेड्स समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसलिए लड़कियां अपने मेकअप किट में इन शेड्स को जरुर शामिल करें।

**ब्राउन लिपस्टिक शेड**

आजकल सबसे ज्यादा ट्रेंड में ब्राउन लिपस्टिक कलर है, जो हर



एक लड़की के चेहरे पर सूट करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। आप अपने चॉइस के हिसाब से इन शेड्स को खरीद सकती हैं। ब्राउन लिपस्टिक ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकते हैं।

**वाइन लिपस्टिक शेड**

ट्रेंडी लिपस्टिक में वाइन शेड काफी ट्रेंड में है। अगर आपकी स्किन टोन फेयर है, तो आप वाइन कलर की लिपस्टिक जरुर ट्राई करें। यह लिपस्टिक नाइट और डे दोनों फंक्शन में काफी सुंदर लगती है। अगर आपको यह शेड डार्क लग रहा है, तो आप इसमें लाइट शेड भी ले सकते हैं।

**न्यूड लिपस्टिक**

आजकल न्यूड लिपस्टिक काफी प्रचलन में है। आप न्यूड लिपस्टिक को ऑफिस से लेकर कैजुअल लुक के लिए ट्राई कर सकते हैं। वैसे आजकल ब्राइड भी न्यूड मेकअप के साथ लिपस्टिक शेड भी न्यूड लगा रही हैं। आपको इसमें कई सारे शेड्स मिल जाएंगे। आप लिपस्टिक को ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकती है।

**रेड लिपस्टिक शेड**

अगर आप शादीशुदा है तो आपके लिए रेड लिपस्टिक परफेक्ट शेड है। जरुरी नहीं है कि मैरिड ही रेड लिपस्टिक ट्राई कर सकती है। आजकल तो अनमैरिड लड़कियां भी रेड लिपस्टिक को काफी पसंद कर रही है। गाजरी या कोरल रेड लिपस्टिक शेड्स काफी सुंदर लगते हैं।

**पिंक लिपस्टिक शेड**

पिंक शेड्स तो सभी काफी पसंद आता हैं क्योंकि यह एवरग्रीन लिपस्टिक शेड होता है। एथनिक लुक साथ पिंक लिपस्टिक बेहद प्यारी लगती है। हर लड़की को अपने मेकअप किट में पिंक लिपस्टिक शेड जरुर एड करें।

# सीआईएसएफ में तैयार हो रहे 'साइबर कमांडो', आईआईटी मद्रास में 35 जवान कर रहे छह सप्ताह का एडवांस कोर्स

**बचाव**

**सीआईएसएफ देश का एक ऐसा प्रमुख बल है जो सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों को सुरक्षा और आग से बचाव के लिए तकनीकी सलाह देता रहा है।**





**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के '5000 साइबर कमांडो' तैयार करने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने अपने जवानों के लिए एक विशेष साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के '5000 साइबर कमांडो' तैयार करने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने अपने जवानों के लिए एक विशेष साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। साइबर अपराधों से निपटने के लिए सीआईएसएफ के 35 जवान, आईआईटी मद्रास में छह सप्ताह का एडवांस कोर्स कर रहे हैं। यह कोर्स आठ जून से शुरू हुआ है। छह सप्ताह के इस कोर्स में जवानों को नेटवर्क और क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल फॉरेंसिक, साइबर खतरों की पहचान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंसिडेंट रिस्पॉन्स और कानूनी ढांचे जैसे महत्वपूर्ण विषयों की गहरी ट्रेनिंग दी जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य जवानों की साइबर क्षमताओं को बढ़ाना है, ताकि वे भविष्य में उभरने वाले डिजिटल खतरों और चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर सकें।

सीआईएसएफ अपने जवानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। यह गृह मंत्रालय के तहत आने वाले 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' के राष्ट्रव्यापी क्षमता निर्माण अभियान में भी बढ़-चढ़कर योगदान दे रहा है। सीआईएसएफ ने इसके लिए एक मजबूत ट्रेनिंग सिस्टम तैयार किया है। इसी का नतीजा है कि अब तक बल के 1600 से अधिक जवानों को नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी दिल्ली और गांधीनगर, डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी पुणे और नेशनल पुलिस अकादमी हैदराबाद जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में साइबर सुरक्षा और साइबर कमांडो का ट्रेनिंग कोर्स कराया जा चुका है।

सीआईएसएफ खुद को 'इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी ऑडिटिंग ऑर्गेनाइजेशन' के रूप में सीईआरटी-इन के साथ लिस्टेड कराने की दिशा में भी कदम उठा रहा है। इसके लिए जवानों को इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी और ISO/IEC 27001 सर्टिफिकेशन प्रोग्राम कराए जा रहे हैं, ताकि बल के भीतर ही साइबर सुरक्षा ऑडिटिंग, कम्प्लायंस और रिस्क मैनेजमेंट की क्षमताएं विकसित की जा सकें। एक आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार बल होने के नाते, सीआईएसएफ पर देश के सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण ठिकानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। इसमें हवाई अड्डे, परमाणु ऊर्जा संयंत्र, बंदरगाह, मेट्रो नेटवर्क और सरकारी इमारतें शामिल हैं। आज के दौर में जैसे-जैसे भौतिक सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा के बीच का दायरा सिमट रहा है, सीआईएसएफ इन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को हर तरह के साइबर हमलों से सुरक्षित रखने के लिए खुद को लगातार अपग्रेड कर रहा है। सीआईएसएफ देश का एक ऐसा प्रमुख बल है जो सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों को सुरक्षा और आग से बचाव के लिए तकनीकी सलाह देता रहा है। बल ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि, मुंबई और पुणे के बिजनेस पार्क्स, आईआईएम इंदौर, बीएचयू और दिल्ली पुलिस मुख्यालय जैसे बड़े और प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स को सुरक्षा परामर्श दिया है। अब साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ये प्रमाणित क्षमताएं हासिल करने के बाद, सीआईएसएफ एक 'पूर्ण सुरक्षा प्रदाता' के रूप में उभर रहा है।

# साइबर अपराधियों से सावधान, अब एआई से बना रहे असली लगने वाले डीपफेक वीडियो और नकली पहचान



**नई दिल्ली।** आज कल सिंथेटिक आइडेंटिटी बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन तकनीकों के जरिए फेशियल ऑथेंटिकेशन, लाइवनेस वेरिफिकेशन, वीडियो-केवाईसी, अकाउंट रिकवरी और फाइनेंशियल व डिजिटल सेवाओं तक पहुंच संभव हो गया है।

साइबर अपराधी अब असली लगने वाले डीपफेक वीडियो और नकली पहचान (सिंथेटिक आइडेंटिटी) बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का तेजी से इस्तेमाल कर रहे हैं। इन तकनीकों का इस्तेमाल फेशियल ऑथेंटिकेशन, लाइवनेस वेरिफिकेशन, वीडियो-केवाईसी, अकाउंट रिकवरी और फाइनेंशियल व डिजिटल सेवाओं तक अनधिकृत पहुंच (बिना इजाजत एक्सेस) पाने के लिए किया जा सकता है। एआई की मदद से साइबर अपराधी फाइनेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बना सकते हैं। यह एडवायजरी 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (आई4सी) द्वारा जारी की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले आई4सी के मुताबिक, धोखाधड़ी करने वाले लोग धोखे से की गई वीडियो कॉल, नकली ऑनलाइन जॉब इंटरव्यू या सोशल इंजीनियरिंग के तरीकों से हासिल की गई फेशियल रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल करके अकाउंट्स तक अनधिकृत पहुंच पाने की कोशिश कर सकते हैं। धोखाधड़ी करने वाले लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, मैसेजिंग ऐप, जॉब पोर्टल, डेटिंग प्लेटफॉर्म या फ़ोन कॉल के ज़रिए लोगों से संपर्क करते हैं। चेहरे का डेटा पब्लिक प्लेटफॉर्म से इकट्ठा किया जा सकता है। पीड़ितों को चेहरे की हरकतें करने के लिए भी मनाया जा सकता है, जैसे स्क्रीन की ओर देखना, सिर घुमाना, पलकें झपकाना या बोलना। धोखाधड़ी करने वाले इन इंटरैक्शन को चुपके से रिकॉर्ड कर सकते हैं।

रिकॉर्ड किए गए वीडियो को एआई-आधारित टूल का इस्तेमाल करके प्रोसेस किया जा सकता है ताकि एक असली जैसा दिखने वाला डिजिटल क्लोन बनाया जा सके। यह क्लोन पीड़ित के चेहरे की हरकतों, हाव-भाव/पलक झपकाने और आवाज की नकल कर सकता है। अगर डीपफेक का पता लगाने वाली तकनीक मौजूद न हो, तो इस सिंथेटिक मीडिया का इस्तेमाल चेहरे से पहचान करने (फेशियल ऑथेंटिकेशन) और जीवित होने की पुष्टि (लाइवनेस वेरिफिकेशन) करने वाले सिस्टम को बाईपास करने के लिए किया जा सकता है।

# गुजरात राज्यसभा चुनाव: चारों सीटों पर निर्विरोध जीते भाजपा उम्मीदवार



**गांधीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात की चारों राज्यसभा सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। निर्वाचन आयोग ने चारों को औपचारिक रूप से निर्विरोध घोषित किया है। चारों विजयी उम्मीदवार कौन हैं, गुजरात की चार राज्यसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को औपचारिक रूप से निर्विरोध घोषित किया गया है। इसलिए अब 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव गुजरात में नहीं होंगे। निर्वाचन आयोग ने भाजपा के राजुभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा, मानसिंह परमार और जितेंद्र मेघजीभाई कंजारिया को निर्विरोध घोषित किया है।

मौजूदा गुजरात विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों की संख्या 161 है। कांग्रेस की 12 और आम आदमी पार्टी की केवल पांच सीटें हैं। इसलिए किसी भी विपक्षी दल ने उम्मीदवार नहीं उतारा। इसी वजह निर्वाचन आयोग ने गुजरात में भाजपा के चारों उम्मीदवारों को निर्विरोध घोषित कर दिया है। मुकेश राठवा: छोटा उदयपुर जिले के क्वांट से ताल्लुक रखते हैं। यह एक जनजातीय क्षेत्र है। वह भाजपा के महासचिव और भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व राज्य उपाध्यक्ष रहे हैं।

जितेंद्र कंजारिया: सतवाड़ा समाज से आते हैं। देवभूमि द्वारका जिले के एक प्रमुख भाजपा नेता और कार्यकर्ता हैं। वह जिला पंचायत की कार्यकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष, खंभालिया के पूर्व विधायक मेघजीभाई कंजारिया के बेटे हैं। उनके पिता मेघजीभाई कंजारिया का 2021 में कोरोना के कारण निधन हो गया।

मानसिंह परमार: राजपूत समाज से ताल्लुक रखते हैं, जो वर्तमान में गुजरात प्रदेश भाजपा बख्शी पंच मोर्चा के अध्यक्ष का पदभार संभाल रहे हैं। राजू शुक्ला: ब्राह्मण समुदाय से हैं। कड़ी-कलोल इलाके के रहने वाले हैं। भाजपा कार्यकर्ता हैं और वर्तमान में सुरेंद्रनगर के प्रभारी हैं।

# फिलिस्तीन में विकास परियोजनाओं के लिए देगा 25 लाख डॉलर; युद्धविराम का समर्थन



**नई दिल्ली।** भारत ने इस्राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के लिए दो-राज्य समाधान का समर्थन किया है और गाजा में स्थायी संघर्ष विराम की मांग की है। भारत जल्द ही फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी को 25 लाख डॉलर भी सौंपेगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक उच्च स्तरीय चर्चा के दौरान भारत ने इस्राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराया है। भारत ने स्पष्ट किया कि वह गाजा में स्थायी युद्धविराम का समर्थन करता है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र की वैधता और विश्वसनीयता पर भी टिप्पणी की।

फिलिस्तीन के शरणार्थियों के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी को जल्द ही 25 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि की घोषणा की है। यह भारत के वार्षिक 50 लाख डॉलर के योगदान की पहली किस्त होगी। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने कहा कि गाजा में मानवीय स्थिति बेहद गंभीर है और इसके लिए तत्काल अंतरराष्ट्रीय ध्यान और सहायता की आवश्यकता है। भारत ने ना सिर्फ फिलिस्तीन बल्कि लेबनान और यमन की स्थिति पर भी टिप्पणी की। भारत ने लेबनान के संदर्भ में उसकी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करने का आह्वान किया। राजदूत पर्वतनेनी ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के साथ जुड़े भारतीय सैनिकों की सुरक्षा पर जोर दिया और कहा कि उनको निशाना नहीं बनाना चाहिए। इसके साथ ही भारत ने यमन के समुद्री नौवहन पर होने वाले हमलों की कड़ी निंदा करते हुए लाल सागर और अदन की खाड़ी में सुरक्षा को साझा अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी करार दिया।

भारत ने दशकों पुराने सुरक्षा परिषद के ढांचे में आमूल-चूल सुधार करने की भी मांग उठाई है। राजदूत पर्वतनेनी ने कहा, 'हमें नई वास्तविकताओं के अनुरूप ढलना होगा और अपने प्रयासों को जारी रखना होगा। उदाहरण के लिए, फिलिस्तीन मुद्दा पुराने मध्यस्थता ढांचों से भरा पड़ा है जो आज के संदर्भ में प्रासंगिक नहीं हैं। आज की गाजा शांति योजना और शांति बोर्ड का ढांचा पहले के ढांचों से बिल्कुल अलग है।'

इसके साथ ही भारत ने इस बात पर खास जोर दिया कि किसी भी संघर्ष में सबसे बड़ा नुकसान महिलाओं और बच्चों जैसे समूहों का होता है। इसलिए, विवादों को सुलझाने के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना अनिवार्य है। पर्वतनेनी ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र वैधता, विश्वसनीयता और प्रभावशीलता से जुड़े सवालों का सामना कर रहा है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्ष और अथाह मानवीय पीड़ा इसके प्रमुख कारण हैं।

## पश्चिम एशिया तनाव के बीच इंडिगो की ट्रैवल एडवाइजरी, फ्लाइट स्टेटस चेक कर घर से निकलें यात्री

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के चलते इंडिगो ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। कुवैत की उड़ानें अगले आदेश तक रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइन ने यात्रियों को एयरपोर्ट जाने से पहले वेबसाइट पर फ्लाइट स्टेटस चेक करने और सोशल मीडिया के जरिए अपडेट रहने की सलाह दी है। इंडिगो एयरलाइंस ने गुरुवार को पश्चिम एशिया के हालात को देखते हुए अपने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइन ने इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चिंता जताई है और यात्रियों से अपनी उड़ान का स्टेटस चेक करने की अपील की है। कंपनी ने कहा है कि वह स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार तालमेल बिठा रही है। इंडिगो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा की है।

# सम्मेलन से पहले फ्रांस-स्विट्जरलैंड में हाई अलर्ट, हिंसक प्रदर्शनों की आशंका के बीच कड़ी सुरक्षा




**जिनेवा।** फ्रांस के एवियां में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले फ्रांस और स्विट्जरलैंड ने कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया है। सीमा नियंत्रण, हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध और हजारों सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बीच संभावित हिंसक प्रदर्शनों को लेकर प्रशासन बेहद सतर्क है।

फ्रांस के एवियां-ले-बैंस में 15 से 17 जून तक आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले फ्रांस और स्विट्जरलैंड ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत दुनिया की प्रमुख देशों के नेताओं की मौजूदगी को देखते हुए दोनों ही देशों ने सीमा पार आवाजाही के साथ-साथ हवाई क्षेत्र और सार्वजनिक गतिविधियों पर तमाम प्रतिबंध लगाए हैं।

को आशंका है कि इस दौरान पर्यावरण, पूंजीवाद विरोधी और ट्रंप विरोधी गुट बड़े पैमाने पर प्रदर्शन कर सकते हैं। इस प्रदर्शन में हिंसा भड़कने की संभावना जताई जा रही है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि सम्मेलन के दौरान ट्रंप की नीतियों, जलवायु परिवर्तन, ईरान युद्ध, व्यापार शुल्क और पूंजीवाद जैसे मुद्दों पर बड़े विरोध प्रदर्शन हो सकते हैं। वर्ष 2003 में इसी क्षेत्र में आयोजित जी-8 सम्मेलन के दौरान हुई हिंसा और तोड़फोड़ को देखते हुए प्रशासन किसी भी जोखिम से बचना चाहता है।

स्विट्जरलैंड ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए लगभग 4,000 सैनिक तैनात किए हैं। वहीं फ्रांस ने 13,000 से अधिक पुलिस और जेंडरमेरी कर्मियों को सुरक्षा में लगाया है। सीमा चौकियों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक सुरक्षा कर्मी सीमा पर तैनात किए गए हैं। इस सम्मेलन के कारण कई सड़क मार्ग बंद रहेंगे और 35 सीमा पार मार्गों में से केवल सात ही खुले रहेंगे।

जिनेवा हवाई अड्डे और लेक जिनेवा क्षेत्र में भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। एवियां के आसपास के इलाकों में प्रवेश के लिए विशेष परमिट की व्यवस्था की गई है।

विरोध प्रदर्शनों की आशंका के चलते जिनेवा में कई व्यवसायों ने अपनी प्रतिष्ठानों के बाहर सुरक्षा बोर्ड लगा दिए हैं।

इसके साथ ही कुछ अंतरराष्ट्रीय संस्थानों, जिनमें विश्व व्यापार संगठन भी शामिल हैं, ने अपने दफ्तर अस्थायी रूप से बंद कर कर्मचारियों को घर से काम करने के निर्देश दिए हैं।

## पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की सड़कों पर क्यों बह रहा खून, कौन सी मांगों को कुचलने में जुटी सेना

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बिजली और आटे-दाल की बढ़ती कीमतों से शुरू हुआ जन-आक्रोश अब पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ एक विद्रोह में बदल चुका है। इस बीच पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने इस क्षेत्र में आम लोगों का दमन जारी रखा है, जिसके चलते पीओके में हिंसा भी छिड़ी है। इसे लेकर दुनिया के कई देशों और मानवाधिकार संगठनों ने चिंता जाहिर की।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की सड़कों पर खून बह रहा है। पाकिस्तान के केंद्रीय शासन और पाकिस्तानी सेना की बर्बरता के खिलाफ आवाज उठाने वाले मासूमों को कुचलने के लिए सैन्य आलाकमान ने प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने तक के आदेश सुना दिए हैं। इसका असर यह हुआ है कि पूरे पीओके में तनाव की स्थिति है।

# ओमान तट के पास एमटी जलवीर के इंजन रूम में लगी आग, सुरक्षित बचाए गए सभी भारतीय नाविक



**मस्कट।** ओमान के तट के पास रुझ जलवीर जहाज के इंजन रूम में आग लगने के कारण उसमें से धुआं निकलते देखा गया। जानकारी के मुताबिक, जहाज पर सवार सभी 20 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। जहाज को ट्रैक करने वाली वेबसाइट 'मैरीनट्रैफिक' के अनुसार, जलवीर एक डामर/बिटुमेन टैंकर है और गिनी-बिसाऊ के झंडे के नीचे चल रहा है। ओमान के तट के पास गुरुवार को एमटी जलवीर टैंकर के इंजन रूम में आग लगने की घटना सामने आई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जहाज से धुआं निकलता देखा गया। इस टैंकर पर भारतीय क्रू मौजूद था। जहाज पर सवार सभी 20 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। सूत्रों ने बताया कि एमटी जलवीर के इंजन रूम में आग लगी थी, जिसके कारण जहाज से धुआं निकल रहा था। यह घटना ओमान के तट के निकट हुई। जहाज पर मौजूद सभी भारतीय चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

जहाजों की निगरानी करने वाली वेबसाइट मरीन ट्रैफिक के अनुसार, जलवीर एक टैंकर है, जो गिनी-बिसाऊ के ध्वज के तहत संचालित होता है। इसकी कुल लंबाई 119.95 मीटर और चौड़ाई 16.84 मीटर है। इससे पहले ब्रिटेन की समुद्री निगरानी एजेंसी यूकेएमटीओ ने गुरुवार को बताया था कि उसे ओमान के सोहार बंदरगाह शहर के निकट एक टैंकर में आग लगने की सूचना मिली है। हालांकि एजेंसी ने संबंधित जहाज का नाम नहीं बताया था। यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने एक टैंकर के इंजन कक्ष में आग लगने की जानकारी दी है। एजेंसी ने कहा कि मामले की जांच जारी है और जहाजों को सतर्कता के साथ आवागमन करने की सलाह दी गई है। साथ ही बताया गया कि इस घटना का कोई पर्यावरणीय प्रभाव सामने नहीं आया है। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना को लेकर एक्स पर लिखा कि एमटी जलवीर से क्रू को शिनास पोर्ट तक निकालने का काम ओमान की रॉयल नेवी की मदद से किया जा रहा है और यह जल्द ही पूरा हो जाएगा। इससे पहले ओमान के समुद्री क्षेत्र से आई इन ताजा घटनाओं से पहले होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट पलाऊ ध्वज वाले जहाज एमटी सेटेबेलो पर हमला हुआ था। उस जहाज पर 24 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें से तीन की मौत हो गई थी। भारत ने बुधवार को खाड़ी क्षेत्र में व्यापारी जहाजों पर हो रहे हमलों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की थी और संवाद तथा कूटनीति पर जोर दिया था।

## कांगो में इबोला का कहर: संक्रमित मरीजों का आंकडा बढ़कर 635 हुआ, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी बनी बड़ी चुनौती

**किन्शासा।** कांगो में इबोला के मामले बढ़कर 635 हो गए हैं, जबकि 30 मरीज ठीक हुए हैं। अस्पतालों में सुविधाओं की कमी, खराब सड़कें और सुरक्षा चुनौतियां बचाव कार्य में बाधा बन रही हैं। प्रशासन अब निगरानी और जागरूकता पर जोर दे रहा है। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इबोला वायरस का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री रोजर कांबा ने जानकारी दी है कि नौ जून तक देश में इबोला के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 635 हो गई है। यह बीमारी 'बुंडीबुग्यो इबोला वायरस' के कारण फैली है। हालांकि, इस संकट के बीच राहत की खबर यह है कि अब तक 30 मरीज ठीक होकर घर लौट चुके हैं। हाल ही में आठ नए मरीज ठीक हुए हैं, जिनमें से सात इतुरी प्रांत के न्यानकुंडे और एक मोंगबवालू इलाके से है।

# अमेरिका-ईरान टकराव के बीच खाड़ी देशों पर भी हमले, कुवैत का एयर डिफेंस सिस्टम दे रहा जवाब



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने बुधवार रात दावा किया कि उन्होंने ईरान के कई शहरों को निशाना बनाया है। ईरान के अलग-अलग शहरों से तेज धमाकों की आवाजें भी सुनी गई हैं। इससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि यह कार्रवाई ईरान की आक्रामकता के जवाब में की जा रही है। ओमान के तट के पास रुझ जलवीर जहाज के इंजन रूम में आग लगने के कारण उससे धुआं निकलते देखा गया। जहाज पर सवार सभी 20 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, 'रुझ जलवीर से धुआं निकल रहा था। टैंकर के इंजन रूम में आग लग गई थी। ओमान के तट के पास मौजूद इस जहाज पर 20 भारतीय नाविक सवार थे और वे सभी सुरक्षित हैं।' जहाज को ट्रैक करने वाली वेबसाइट 'मैरीनट्रैफिक' के अनुसार, जलवीर एक डामर/बिटुमेन टैंकर है और गिनी-बिसाऊ के झंडे के नीचे चल रहा है। इसकी कुल लंबाई 119.95 मीटर और चौड़ाई 16.84 मीटर है। वहीं, ओमान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- MT जलवीर से चालक दल को शिनास बंदरगाह तक निकालने का काम रॉयल नेवी ऑफ ओमान की मदद से किया जा रहा है और यह जल्द ही पूरा हो जाएगा। ब्रिटिश समुद्री निगरानी एजेंसी KMTO ने गुरुवार को बताया कि उसे ओमान के बंदरगाह शहर सोहार के पास एक टैंकर में आग लगने की सूचना मिली है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं और जहाज़ों को सावधानी से गुजरने की सलाह दी है। 'KMTO को ओमान के सोहार से 21 नॉटिकल मील (हरू) उत्तर-पूर्व में एक घटना की सूचना मिली है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया है कि एक टैंकर के इंजन रूम में आग लग गई है। पर्यावरण पर किसी असर की सूचना नहीं है'। ओमान के समुद्री इलाके में नए हमलों की ये खबरें होर्मुज जलडमरूमध्य के पास पलाऊ-ध्वज वाले जहाज MT सेटेबेलो पर हुए हमले के बाद आई हैं, जिसमें 24 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे और उनमें से तीन की मौत हो गई थी।

वहीं, एमटी सेटेबेलो नामक जहाज पर हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई है। जहाज पर कुल 24 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें से 21 को बचा लिया गया।

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है और सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# फिलीपींस में भूकंप के बाद गहराया खाद्य संकट



**मनीला।** फिलीपींस में आए विनाशकारी भूकंप के बाद कई इलाकों में खाद्य सामग्री का संकट उत्पन्न हो गया है। लोगों को खाने पीने की वस्तुएं भी नहीं मिल पा रही हैं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर तैनात करने की मांग की है।

दक्षिणी फिलीपींस में आए भूकंप को चार दिन बीच चुके हैं, लकिन वहां के हालात आज भी सामान्य नहीं हो पाए हैं। हजारों लोगों को राहत शिविर में रहना पड़ रहा है। इसके साथ ही आपदा प्रभावित इलाकों में अब लोगों को खाने और पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

फिलीपींस के कई इलाके ऐसे हैं जहां पर लोगों की मदद के लिए पहुंच पाना प्रशासन के लिए काफी कठिन हो चला है। भूकंप के कारण कई मुख्य सड़कें या तो बाधित हो गई हैं या फिर खराब हो गई हैं। 7.8 तीव्रता के भूकंप ने कई गांवों का संपर्क भी तोड़ दिया है। इसी कारण से प्रशासन को फंसे हुए लोगों की मदद करने में भी समस्या आ रही है। इस प्राकृतिक आपदा में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक सारंगानी का ग्लान कस्ब है। जानकारी के मुताबिक इस इलाके में राहत कार्य के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

इसी सिलसिले में इलाके के मेयर विक्टर जेम्स याप ने ने सरकार से वायुसेना के हेलीकॉप्टर भेजने की बात कही है। विक्टर का कहना है कि उनके क्षेत्र के 31 में से 10 गांव अभी भी भूस्खलन के कारण पूरी तरह के कटे हुए हैं, जिस कारण से वहां राहत सामग्री पहुंचाने में कठिनाई हो रही है। मेयर विक्टर की मानें तो प्रभावित गांवों में लोगों के सामने खाद्य संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि लोग भूख से जूझ रहे हैं और जल्द से जल्द खाद्य सामग्री तथा पेयजल पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टरों की जरूरत है।

सारंगानी में अबतक सबसे ज्यादा 20 मौतें दर्ज की गई हैं। इनमें अधिकांश लोग भूस्खलन की चपेट में आए बताए जा रहे हैं। इसके अलावा जनरल सैंटोस, साउथ कोटाबाटो और दावाओ ऑक्सिडेंटल प्रांतों में भी भारी भरकम नुकसान हुआ है। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें।

अवधनामा



# एटीएम में फेवीक्विक लगाकर निकाल लिया 71 हजार रुपए

■ बैंककर्मी बन पिन जाना, कार्ड स्वाइप कर शॉपिंग की; 18 हजार की शराब खरीदी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र में ठगों ने शातिराना तरीके से एक व्यक्ति के खाते से 71,050 रुपए निकाल लिए। तीन युवक पहले एटीएम केबिन में पहुंचे। एटीएम के कार्ड स्लॉट में फेविक्विक लगा दिया, जिससे उसमें कार्ड फंस जाए।

कुछ देर बाद एक व्यक्ति रुपए निकालने एटीएम पहुंचा। जैसे ही उसने कार्ड डाला, वह मशीन में फंस गया। वह काफी देर तक परेशान होता रहा, तभी वहां पहले से मौजूद युवकों ने उसे एक हेल्पलाइन नंबर देकर कॉल करने को कहा।

पीड़ित ने कॉल की। फोन पर मौजूद युवक ने खुद को बैंककर्मी बताया। उसने पीड़ित से पिन पूछ लिया। काफी कोशिश के बाद भी जब कार्ड नहीं निकला तो पीड़ित कार्ड छोड़कर चला गया। इसके बाद तीनों आरोपियों ने प्लास की मदद से कार्ड निकाल लिया।

आरोपियों ने पिन की मदद से कैश निकाला, शॉपिंग की और करीब 18 हजार रुपए की शराब पी डाली।

कैंट थाना क्षेत्र के स्टैनली रोड निवासी मो. आसिफ खान ने बताया कि 31 मई की शाम करीब साढ़े सात बजे राजापुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में रुपए निकालने गए थे। एटीएम कक्ष में पहले से तीन अज्ञात युवक मौजूद थे। मैंने जब अपना कार्ड मशीन में डाला तो वह अंदर फंस गया। वहां मौजूद युवकों ने मुझको एक कथित टोल फ्री नंबर दिया। कहा कि इस नंबर पर बात करने से कार्ड निकल जाएगा। मैंने अपने मोबाइल से उस नंबर पर कॉल की। बातचीत के दौरान फोन पर बात कर रहे व्यक्ति ने एटीएम का पिन नंबर पूछ लिया।

उसके बताए अनुसार मैंने कार्ड निकालने की काफी कोशिश की, लेकिन कार्ड नहीं निकला। इसके बाद मैं परेशान होकर घर लौट गया। मेरे जाने के बाद बाद आरोपियों ने एटीएम कार्ड निकाल लिया। पिन का उपयोग कर खाते से रकम निकालनी शुरू कर दी।

आसिफ खान ने बताया कि आरोपियों ने सबसे पहले ट्रैफिक चौराहा स्थित यूनियन बैंक के एटीएम से 25 हजार रुपए नकद निकाले। इसके बाद कार्ड स्वाइप कर खरीदारी भी की। स्पीड मोटर्स नामक प्रतिष्ठान पर 8 हजार, 7 हजार, 5 हजार और 10,600 रुपए के ट्रांजेक्शन किए गए। फिर आरोपियों ने संगम ट्रेडर्स शराब की दुकान पर भी कार्ड का इस्तेमाल किया। यहां पहले 10,300 रुपए और फिर 5,150 रुपए की शराब खरीदी। अलग-अलग स्थानों पर किए गए नकद निकासी और कार्ड ट्रांजेक्शन को मिलाकर कुल 71,050 रुपए खाते से निकाल लिए गए। खाते से रकम कटने की जानकारी मिलने पर परिवार को ठगी का पता चला।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में तीन संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि संबंधित सीसीटीवी फुटेज पेन ड्राइव में सुरक्षित रखे गए हैं। पीड़ित की तहरीर पर कैंट थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस एटीएम बूथ, बैंक और जिन प्रतिष्ठानों पर कार्ड का इस्तेमाल किया गया, वहां के सीसीटीवी फुटेज और ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड की जांच कर आरोपितों की पहचान में जुटी है।

## त्रिवेणी क्लब को मिली जीत

**प्रयागराज।** त्रिवेणी क्लब ने न्यू सेंट्रल क्लब को दो रन से हराकर शुआट्स टैलेंट हंट अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी नैनी के मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में त्रिवेणी क्लब ने 25 ओवर में 8 विकेट पर 121 रन (भृगु राज सिंह 25, वेदांश यादव 22, रुद्रपाल 15, सचिन कुमार 2/05, आयुष, शिखर त्रिपाठी व कार्तिकेय कुमार एक-एक विकेट) बनाए।

जवाब में न्यू सेंटर क्लब की टीम 24.4 ओवर में 119 रन (लव सिंह 27, शिखर त्रिपाठी 15, समर्थ 2/22, अंकुश त्रिपाठी 2/17, रूद्र पाल, हिमांशु यादव, युवराज व अंश एक-एक विकेट) पर सिमट गई।

## कैशलेस चिकित्सा सुविधा से शिक्षकों को मिलेगा बड़ा संबल : सीमा द्विवेदी



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों को 'कैशलेस चिकित्सा सुविधा' देने के निर्णय पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष व प्रांतीय संयुक्त महामंत्री अमित सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी से गोनापार में शिष्टाचार मुलाकात की। शिक्षकों ने उन्हें गुलदस्ता व धन्यवाद पत्र भेंट कर आभार जताया। इस अवसर पर आभार स्वीकार करते हुए सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार राष्ट्र निर्माता शिक्षकों के कल्याण और सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री जी ने 2022 के संकल्प पत्र का वादा पूरा कर यह ऐतिहासिक सौगात दी है, जिससे शिक्षकों और उनके परिवारों को आपातकालीन स्वास्थ्य परिस्थितियों में बड़ा संबल मिलेगा। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि योगी सरकार का यह कदम शिक्षकों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी है। इसके लिए हम मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधाकर उपाध्याय, भाजपा जिलामंत्री डॉ देवी प्रकाश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सिंह लोहिया, गौरव सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आशीष नेहरा की जीत में अंशुमान व प्रेरक चमके



अंशुमान सिंह



प्रेरक पाल

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** अंशुमान सिंह के (94 रन, 83 गेंद, 12 चौके) व प्रेरक पाल के (6.2 - 2 - 18 - 6) के बदौलत आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब ने चौधरी अमरनाथ सिंह स्मारक अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को एक तरफा मुकाबले में 137 रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। गुरुवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब ने 35 ओवर में आठ विकेट पर 229 रन (अंशुमान सिंह 94, हिमांशु मिश्र 55, आर्यन तिवारी 17 रन, मो. हमजा खान 2/39, अमन सिंह 1/26, मो. हमदान व मो. हम्माद एक - एक विकेट) पर बनाए। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज की पूरी टीम 23.2 ओवर में महज 92 रन (अभय गौतम 22, अमन सिंह 13 रन, प्रेरक पाल 6/18, उज्जवल मिश्र 3/17, हिमांशु मिश्र 1/24) पर सिमट गई। मैच में हितेश श्रीवास्तव व नितिन मिश्र ने अंपायरिंग और अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

## प्रयाग क्लब की जीत में वाहे का अर्धशतक



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** प्रयाग क्रिकेट क्लब ने संजय मेहरोत्रा स्मारक अंडर - 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में खेलगांव पब्लिक स्कूल को आठ विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में वाहे मिश्र के शानदार (78 रन, 66 गेंद, 11 चौके ) पारी जीत में अहम योगदान दिया। गुरुवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए खेलगांव पब्लिक स्कूल ने 35 ओवर में 187 रन (आयुष्मान सिंह 48, श्रेयांश शर्मा 36, प्रत्याकक्ष 23 रन, निशांत चतुर्वेदी 3/31, अर्नव अग्रवाल 2/41) पर बनाए। जवाब में प्रयाग क्रिकेट क्लब की टीम ने 28.2 ओवर में 188 रन (वाहे मिश्र 78, मो. मुजम्मिल 40, सक्षम जैन 20 रन, अथर्व तिवारी 1/25, प्रीत केशरवानी 1/57) पर बना लिए। मैच में मो. आरिफ व तौसीफ शैख ने अंपायरिंग और गौरव विजय ने स्कोरिंग की।

## विपुल ने भानु प्रताप स्पोर्ट्स क्लब को जिताया



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** विपुल द्विवेदी के हरफनमौला खेल (59 रन नाबाद, 50 गेंद, 11 चौके, एक छक्का एवं 8-0-33-4) की बदौलत भानु प्रताप स्पोर्ट्स क्लब ने इलाहाबाद पब्लिक स्कूल को सात विकेट से हराकर सेंट पीटर्स कप कलर ड्रेस वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल ने 36.1 ओवर में 190 रन (अवि कुमार 64, मुदित कुमार 30, सौरभ प्रताप सिंह 22, विपुल द्विवेदी 4/33, आदित्य केसरवानी 3/30, शिवांग पांडेय, दक्ष पांडेय व श्रेयांश श्रीवास्तव एक-एक विकेट) बनाए।

## ससुराल से मायके आई विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बलुआ घाट में गुरुवार सुबह विवाहिता ने ससुराल से आकर मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना गुरुवार लगभग 9 बजे की है। मोहल्ला बलुवा घाट निवासी पूरन निषाद की पुत्री प्रियंका निषाद का विवाह लगभग 13 साल पूर्व केराकत कोतवाली क्षेत्र के पसेवा गांव निवासी राजकुमार निषाद के साथ हुई थी। सबसे पहले प्रियंका ने एक पुत्र को जन्म दिया वह विकलांग रहा जिसका उपचार वह बराबर कराती हुई चली आ रही थी। इसी बीच उसने दो और पुत्री को जन्म दिया वह दोनों ठीक-ठाक हैं। अपने लड़के की बीमारी को लेकर प्रियंका हमेशा तनाव में रहा करती थी। लगभग एक सप्ताह पूर्व वह अपने ससुराल से पति के साथ मायके आई हुई थी। गुरुवार सुबह वह अपने मायके के दूसरे तल पर जाकर कमरे में लगे पंखे में साड़ी बांधकर गले में फांसी का फंदा लगाकर लटक गई। कुछ देर बाद मायके के लोगों को जैसे ही जानकारी हुई दौड़कर उसे पंखे लटकी हुई प्रियंका को नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विष्णु भगवान और वर्मा क्लब को मिली जीत

**प्रयागराज।** विष्णु भगवान क्लब और वर्मा क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर स्पोर्ट्स जंक्शन ट्रॉफी अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के ध्रुव (59 रन, 46 गेंद, नौ चौके) और अभिनव राज (3-0-18-3) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फाफामऊ क्लब मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने 25 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन (ध्रुव 59, आदित्य सिंह 24 आशीष गुप्ता 13, श्लोक पटेल 2/07, अनुभव, अनिकेत मिश्रा, प्रांजल यादव एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज की पूरी टीम 25 ओवर में 9 विकेट पर 154 रन (रिशु 45, श्लोक पटेल 20 नाबाद, अंकुश कुमार 16, अभिनव राज 3/18, अरुनभ दयाल 3/22, दिव्यांश सिंह व हिमांशु एक-एक विकेट) ही बना सकी। अभिनव राज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने 24.4 ओवर में 109 रन (हिमांशु पांडेय 45, शिवांश यादव 2/14, दिव्यांश मिश्रा 2/20, सार्थक यादव, गौरव यादव व आभास सिंह एक-एक विकेट) बनाए।

# पूर्व प्रधान के बेटे की गोली मारकर हत्या

■ भूमि विवाद में अज्ञात बदमाशों ने की वारदात

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के गोती गांव में पूर्व प्रधान के 19 साल के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक घर के पीछे बाग में बैठा था। तभी बाइक सवार 3 बदमाशों ने उसे गोल मार दी। गोली लगते ही युवक जमीन पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घरवाले उसे अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले में नैनी के एक पूर्व प्रधान को हिरासत में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के गोती गांव निवासी पूर्व प्रधान विनोद कुमार सिंह के दो बेटों में छोटा बेटा कुश कुमार सिंह (19) गुरुवार दोपहर घर से 50 मीटर दूर बाग में बैठा था। इसी दौरान अपाचे बाइक से तीन लोग उसके पास पहुंचे। आरोपियों ने कुश कुमार को गोली मार दी। गोली लगते ही कुश कुमार जमीन पर गिर पड़ा और हमलावर मौके से फरार हो गए।

गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो कुश कुमार खून से लथपथ पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल कुश को तत्काल स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेजा। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुश की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने पूछताछ के लिए नैनी के एक पूर्व प्रधान को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। गांव वालों ने बताया कि विनोद कुमार सिंह जब सपा में थे, तब प्रधानी का चुनाव जीता था। अब वह पूर्व प्रधान हैं और भाजपा में हैं। घटना के बारे में मृतक के बड़े भाई शिवम ने बताया कि कई वर्ष से मुकदमा चल रहा है। 8 बीघा जमीन का दीवानी मुकदमा लगा हुआ था। 2022 में सुरेश यादव के पक्ष से गोली चलाई गई थी। उनके बेटा जो कमल यादव का तमंचा भी पकड़ गया था। वहीं नैनी के रहने वाले बच्चा लाल यादव, पिंटू यादव और गुलाब यादव बिसंभरपुर के रहने वाले हैं। इनसे विवाद चल रहा है। एक प्रधान भी रह चुके हैं। जबकि हमारे पिताजी सन 2000 में प्रधान थे। मेरे बाबा राजेंद्र सिंह रेलवे में थे। मृतक के भाई ने बताया कि सुरेश यादव ने गोली मारने की बात की थी।

## भूमि विवाद में अजय सिंह की हत्या के बाद कौली गांव पुलिस छावनी में तब्दील





**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** बक्शा थाना क्षेत्र के कौली गांव में बुधवार की रात ग्राम समाज की जमीन पर भैंस बांधनें को लेकर हुए खूनी संघर्ष में अजय सिंह की हत्या के बाद गुरुवार सुबह गांव पूरी तरह छावनी में तब्दील रहा। सीओ सदर देवेश सिंह की मौजूदगी में तीन थानाध्यक्ष सहित दर्जनों पुलिस एवं पीएसी के जवान सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह तैनात रहें। रात्रि में मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिलाओं सहित कुल सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करतें हुए तीन महिला एवं एक पुरूष आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया गया। मुकदमा वादी रमेश ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि घटना की शाम भैंस बांधने को लेकर विपक्षी राजेश शर्मा, संगत शर्मा, तेजबहादुर शर्मा, अंगद शर्मा, शशिकला शर्मा, सुनीता शर्मा एवं रमीला शर्मा ने मिलकर लाठी डंडा से भाई अजय सिंह की पीटकर हत्या कर दी। जबकि परिवार के ही अखिलेश सिंह, आकृति सिंह, हिमांशू सिंह एवं शिवम सिंह बुरी तरह घायल हो गए। उधर पुलिस ने आरोपी तेजबहादुर शर्मा, शशिकला, सुनीता एवं रमीला को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## पत्नी की प्रताड़ना से आहत युवक ने जहर खाकर दी जान, मौत से पहले वीडियो में बयां किया दर्द

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** शहर कोतवाली क्षेत्र के हनुमान घाट मोहल्ले से एक बेहद मार्मिक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। पारिवारिक कलह और मानसिक प्रताड़ना से परेशान एक युवक ने कथित रूप से जहर पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। आत्महत्या से पहले युवक द्वारा बनाया गया एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उसने अपनी पत्नी, साली और सास पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक वासु सेठ उर्फ रमन (26 वर्ष) पुत्र महेश सेठ, निवासी हनुमान घाट, थाना कोतवाली, जौनपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसकी शादी लगभग आठ वर्ष पूर्व भदोही जनपद के नवघन ऊज गांव में हुई थी। दंपति के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से अब पिता का साया उठ गया है। वायरल वीडियो में युवक बेहद भावुक और टूटे हुए मन से अपनी पीड़ा व्यक्त करता दिखाई दे रहा है। उसने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी, साली, साले द्वारा लंबे समय से उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके कारण वह यह कठोर कदम उठाने को मजबूर हुआ। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि परिजन इस घटना से स्तब्ध हैं। क्षेत्र में भी शोक और संवेदना का माहौल है। फिलहाल पुलिस की तरफ से कोई आधिकारिक बयान मीडिया को नहीं दिया गया।

## डीएसए गर्ल्स की जीत में नमस्या व समृद्धि चमकी

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** डीएसए गर्ल्स क्लब ने ईश्वर शरण क्लब को सात विकेट से हराकर क्रिकेट स्कूल शगुन स्पोर्ट्स ट्रॉफी अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। डीएसए मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में ईश्वर शरण क्लब ने 21.4 ओवर में 113 रन (आदित्य यादव 34, अध्ययन व आदित्य मिश्रा 10-10, समृद्धि 3/29, गायत्री गुप्ता, वंदना व अनन्या एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में डीएसए गर्ल्स क्लब ने 20.1 ओवर में तीन विकेट पर 114 रन (नमस्या सिंह 51, गायत्री गुप्ता 13, वंश तिवारी, युवराज व आदित्य, हिमांशु एक-एक विकेट) बना लिए। समृद्धि को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# 12 वर्षों में अनेक क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धि

■ पीएम मोदी के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने पर मुविवि में व्याख्यानमाला

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सरस्वती परिसर स्थित तिलक शास्त्रार्थ सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में 11 जून से 21 जून तक विभिन्न शैक्षिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन एक विशेष पर्व के रूप में किया जा रहा है।

इस श्रृंखला में कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 : शिक्षा जगत का एक क्रांतिकारी उद्घोष' विषय पर प्रथम व्याख्यान देते हुए कहा कि विगत 12 वर्षों में भारत ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार, डिजिटल सशक्तिकरण, कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारत की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने का एक दूरदर्शी दस्तावेज है, जो विद्यार्थियों में ज्ञान, कौशल, नवाचार, अनुसंधान एवं नैतिक मूल्यों का समन्वित विकास सुनिश्चित करती है। कुलपति ने डिजिटल इंडिया अभियान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डिजिटल शिक्षण, ई-कंटेंट निर्माण, ऑनलाइन शिक्षा तथा तकनीक आधारित अधिगम के बढ़ते महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने उपस्थित जनसमुदाय का आह्वान किया कि वे शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त बनाएं तथा 'दिव्य भारत, भव्य भारत' एवं 'विकसित भारत-2047' के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में सक्रिय योगदान दें।

नोडल अधिकारी प्रोफेसर संजय सिंह ने प्रारंभ में कुलपति, कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी का स्वागत करते हुए विगत 12 वर्षों में प्रधानमंत्री के विराट कृत्यों को रेखांकित करते हुए दिव्य भारत भव्य भारत की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन डॉ सुनील कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।

जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्र निर्माण, शिक्षा के उन्नयन तथा सामाजिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए आगामी 21 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

## हरे पेड़ काटने से मना करने पर चौकीदार का हाथ पैर काटा

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जर्रो पक्का पोखरा पर कुछ साधु वेषधारी में दबंग लोग आए और वहां भजन कीर्तन करने लगे। इस दौरान वह काफी संख्या में पेड़ काटने लगे। जिसे स्थानीय लोगों ने मना किया। जिसमें चौकीदार का हाथ पैर धार दार आरी से काट दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बता दें की जर्रो का निवासी महेंद्र प्रताप यादव सरायख्वाजा थाना पर चौकीदार हैं और बताया जाता है कि गुरुवार को लगभग 2 बजे पक्का पोखरा पर स्थित आश्रम के आसपास कुछ साधु वेषधारी यहा आकर रुके हुए थे और गुरुवार को वहां बड़े-बड़े पेड़ काटने लगे जिस पर चौकीदार महेंद्र प्रताप उन्होंने मना किया, इस दौरान वहां दबंग भोलानाथ, राजाराम समेत चार लोग इस पेड़ काटने वाली आरी से उनके दाहिने हाथ की उंगलियां और दाएं पैर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया ,जिससे उंगलियों और पैर कट गए ।घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित को स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गए पीड़ित का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजा कला में कराया गया और पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 12 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर चिकित्सकों-अभियंताओं से हुआ संवाद सम्मेलन

■ मैनपुरी में प्रबुद्धजनों से संवाद, सरकार की योजनाओं और बदलावों पर हुई चर्चा

अवधनामा संवाददाता





**मैनपुरी।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केंद्र-प्रदेश सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जन-मानस की जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने हेतु समेकित अभियान के आयोजन के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में प्रबुद्धजनों से संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा, इंजीनियरिंग सेक्टर से जुड़े चिकित्सकों, अभियंताओं का संवाद सम्मेलन आयोजित किया गया, कार्यक्रम में चिकित्सा, इंजीनियरिंग क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करने के उपरांत पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा कि आजादी के बाद इससे पूर्व कई प्रधानमंत्री, कई सरकारें आईं सबने अपने-अपने तरीके से देश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया लेकिन विगत् 12 वर्षों में आतंकवाद, भ्रष्टाचार, नक्सलवाद जैसी तमाम ज्वलंत समस्याओं से निजात मिली, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, इस सपने को साकार करने के लिए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा-पूर्वक करना होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व 90 प्रतिशत से अधिक सैन्य उपकरण विदेश से आते थे, बुलेट प्रूफ जैकेट, ग्लव्स, सर्दी से बचाव हेतु विशेष ड्रेस भी विदेशों से आते थे, लेकिन आज 70 प्रतिशत सैन्य उपकरणों का निर्माण देश में हो रहा है, आज भारत फाइटर जेट बनाने का कार्य कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर में जो ब्रह्मोस मिसाइल प्रयोग की गयी थी, उसका निर्माण लखनऊ में हुआ, स्वदेशी मिसाइल ने दुश्मन देश के ठिकानों को तबाह करने का कार्य किया जल्द ही देश में अपने हवाई जहाज में सफर करने का अवसर मिलेगा, देश में हवाई जहाज निर्माण का कार्य संचालित है। विधायक भोगांव ने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व हमारा देश अर्थव्यवस्था के रूप में 11वें स्थान पर था और आज चौथे स्थान पर पहुंच चुका है, जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने वाला है। उन्होंने कहा कि हर जनपद में एक मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य संचालित है, कई जनपदों में मेडिकल कॉलेज संचालित हो चुके हैं, जनपद में भी पी.पी.टी. मॉडल पर मेडिकल कॉलेज संचालित होगा, मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने से चिकित्सकों की कमी दूर होगी। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद देश के लिए नासूर साबित हो रहा था, बड़ी संख्या में हमारे सैनिक शहीद होते थे, आज नक्सलवाद पूरे देश से लगभग समाप्त हो चुका है, जम्मू कश्मीर जो भारत का मणी मुकुट है, जहां जाने के लिए परमिट लेना पड़ता था, 2014 से पूर्व जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये जाते थे, वहां का झंडा फहराया जाता था लेकिन आज जम्मू-कश्मीर के अंदर हालात पूरी तरह बदल चुके हैं।


## सम्बन्ध विच्छेद

मैं ऋषिपाल पुत्र श्री कटार सिंह निवासी ग्राम दूधला, तहसील एवं ज़िला सहारनपुर सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र सुनील कुमार और पुत्र वधु श्रीमति कोमल देवी हमारे कहने सुनने में नहीं हैं बात बात पर मनमानी और झगड़ा करते रहते हैं और हमें मारने की धमकियां देते हैं विवश होकर मैंने पुत्र एवं पुत्र वधु को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदख़ल कर उनसे सभी संबंध ख़त्म कर लिए हैं भविष्य में अपने कु कृत्यों हेतु दोनों खुद ज़िम्मेदार होंगे।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैने अपने पुत्र नुसरत अली और पुत्र वधू श्रीमती सितारा को उनके गलत आचरण एवं रोज़ रोज़ के लड़ाई झगड़े एवं धमकियों से तंग आकर अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रखा है उक्त दोनों से कुल परिवारिक सम्बन्ध भी हमने वर्ष 2024 से विच्छेद कर रखे हैं भविष्य में उनके कु कार्यों हेतु मैं या मेरा परिवार कदापि जिम्मेदार ना होगा। लियाकत अली पुत्र मौहब्बत अली निवासी मंसूर कालोनी, मुखिया वाली गली, थाना मण्डी, सहारनपुर।

# कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद कन्नौज

पत्रांक : 169/न0पं0स0- ई0नि0सू0 (2026-27) दिनांक : 11-06-2026

## ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से विकास/निर्माण कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये नीचे दिये विवरण के अनुसार https://etender.up.nic.in द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त बेवसाइट तथा पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नवत है, शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 12.06.2026 02.00 PM | 02.07.2025 02.00 PM |
| 2 | Tender Download | 12.06.2026 02.00 PM | |
| 3 | Bid Submission | 12.06.2026 02.00 PM | |
| 4 | Close for Bid | -- | |
| 5 | Technical Bid Opening | 02.07.2025 03.00 PM | |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

लिपिक
नगर पंचायत समधन
जनपद कन्नौज

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत समधन
जनपद कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पंचायत समधन
जनपद कन्नौज

# भारत-नेपाल के बीच डिजिटल लेन-देन हुआ आसान

## बिना झंझट अब ऐसे होगा बॉर्डर पार भुगतान

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच व्यापार करने वाले कारोबारियों और यात्रा करने वाले पर्यटकों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। अब दोनों देशों के बीच पैसे भेजना पहले से कहीं ज्यादा तेज और सुरक्षित हो गया है। छह जून को भारत और नेपाल ने आधिकारिक तौर पर पीयर-टू-पीयर (P2P) क्रॉस-बॉर्डर रेमिटेंस मैकेनिज्म की शुरुआत कर दी है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, इस कदम से दोनों देशों की डिजिटल और आर्थिक साझेदारी को मजबूती मिलेगी।

इस नई व्यवस्था के तहत भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और नेपाल के नेशनल पेमेंट्स इंटरफेस (एनपीआई) को सीधे तौर पर जोड़ दिया गया है। इसकी मदद से दोनों देशों के नागरिक अब अपने मोबाइल बैंकिंग एप और डिजिटल वॉलेट के जरिए तुरंत, सुरक्षित और रियल-टाइम में पैसों का आदान-प्रदान कर सकेंगे।

इस पूरी तकनीकी प्रक्रिया को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ

**खुदरा**

**भारत के यूपीआई और नेपाल के एनपीआई के सीधे लिंक होने से क्रॉस-बॉर्डर मनी ट्रांसफर अब पहले से आसान हो गया है।**

इंडिया की अंतरराष्ट्रीय शाखा, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और नेपाल क्लियरिंग हाउस लिमिटेड (एनसीएचएल) के सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।

इस डिजिटल पेमेंट कॉरिडोर के शुरू होने से दोनों देशों के बीच होने वाले वाणिज्यिक लेन-देन का तरीका पूरी तरह से बदल जाएगा। आम यात्रियों को अब यात्रा के दौरान बड़ी मात्रा में कैश साथ ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके



साथ ही, उन्हें करेंसी बदलने की झंझट और विदेशी मुद्रा शुल्क (फॉरेन एक्सचेंज फीस) से भी पूरी तरह छुटकारा मिल जाएगा। पारंपरिक और धीमी बैंकिंग माध्यमों की तुलना में यह एक अधिक प्रभावी सुविधा है। नेपाल के स्थानीय व्यापारियों को इस डिजिटल सुविधा का सीधा और बड़ा आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्हें बड़ी संख्या में तकनीक का इस्तेमाल करने वाले (टेक-सैवी) भारतीय पर्यटकों का सीधा एक्सेस मिलेगा, जिससे बाजार में लेन-देन की मात्रा (ट्रांजेक्शन वॉल्यूम) में भारी बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा, नकद संभालने में आने वाली लागत कम होगी और रियल-टाइम ट्रांजेक्शन सेटलमेंट की वजह से व्यापारियों के लिए अपने पैसे का प्रबंधन (कैश मैनेजमेंट) ज्यादा सुरक्षित, आसान और किफायती हो जाएगा।

भारत का यूपीआई तेजी से अपनी वैश्विक पहुंच बढ़ा रहा है। नेपाल के अलावा अब दुनिया के आठ अन्य प्रमुख देशों में भी यूपीआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। वर्तमान में सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फ्रांस, मॉरीशस, भूटान, कतर, श्रीलंका और कंबोडिया में भी इसे स्वीकार किया जाता है। इसकी वजह से भारतीय यात्री विदेश में भी अपने जाने-पहचाने प्लेटफॉर्म के जरिए बिना किसी बाधा के आसानी से भुगतान कर पाते हैं।

यूपीआई व एनपीआई के एक-दूसरे से जुड़ने से भारत और नेपाल के बीच वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ी और ऐतिहासिक प्रगति है। यह प्रणाली न सिर्फ सुलभ, सुरक्षित और किफायती क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स के क्षेत्रीय लक्ष्यों को पूरा करता है, बल्कि दोनों देशों के पुराने सामाजिक और मजबूत आर्थिक संबंधों को भी एक नई दिशा प्रदान करती है।

## सेल्सफोर्स ने भारत में इनोवेशन के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया 2030 तक 10 लाख लर्नर्स को स्किल्स सिखाने का वादा किया

**लखनऊ।** सेल्सफोर्स 1 एआई सीआरएम, ने आज घोषणा की कि वह 2030 तक पूरे भारत में 10 लाख लर्नर्स को एआई-फोकस्ड स्किल्स सिखाएगा। यह घोषणा सेल्सफोर्स इंडिया के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के इनोवेशन और ग्रोथ के 10 साल पूरे होने के मौके पर की गई है। असल में, 10 लाख लर्नर्स को स्किल्स सिखाने का यह वादा सिर्फ डिजिटल साक्षरता से कहीं आगे है इसका मकसद भारत के वर्कफोर्स को भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार करना है।



सेल्सफोर्स के मुफ्त डिजिटल लर्निंग इकोसिस्टम, ट्रेलहेड का इस्तेमाल करते हुए, यह वादा कई बड़े और जुड़े हुए रणनीतिक प्रोग्राम्स के ज़रिए पूरा किया जा रहा है। इसमें एकेडमिक संस्थान, इंडस्ट्री लीडर्स और सरकारी एजेंसियां एक साथ मिलकर काम कर रही हैं ताकि भारत के भविष्य के लिए एआई-तैयार वर्कफोर्स बनाया जा सके और अनोखा ट्रेनिंग अनुभव दिया जा सके। इंडियाएआई और भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) जैसे संगठनों के साथ मिलकर सरकारी एआई स्किलिंग प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। इनका मकसद उभरते हुए टैलेंट को एआई-तैयार स्किल्स से लैस करना है ताकि भारत की अगली जेनरेशन एआई स्किल्स के साथ तैयार हो सके। एआईसीटीई के साथ वर्चुअल इंटर्नशिप प्रोग्राम छात्रों को प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट का अनुभव देता है। इससे भारत के छोटे-बड़े शहरों के छात्रों को नौकरी के लिए ज़रूरी सेल्सफोर्स और एआई स्किल्स सीखने में मदद मिलती है। मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई) जैसे संस्थानों के साथ सेल्सफोर्स के एकेडमिक सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस एक मज़बूत और कई स्तरों वाली रणनीति अपनाते हैं। इसका मकसद सेल्सफोर्स और एआई स्किल्स के लिए प्रैक्टिकल अनुभव और आसान पहुंच उपलब्ध कराना है।

सेल्सफोर्स का पार्टनर नेटवर्क जिसमें एक्सेंचर, डिलॉयट, ग्रांट थॉर्नटन, इंफोसिस, पीडब्ल्यूसी और टीसीएस शामिल हैं इन प्रोग्राम्स को आगे बढ़ा रहा है। वे व्यवसायिक ट्रेनिंग कोर्स, मेंटरशिप के ज़रिए लर्निंग और नौकरी के दौरान प्रोजेक्ट का अनुभव देकर सेल्सफोर्स इकोसिस्टम में रोज़गार के सीधे रास्ते बना रहे हैं।

## टीसीएस और एन्थ्रोपिक की ग्लोबल प्रीमियर पार्टनरशिप उद्यमों में एआई के इस्तेमाल को बड़े पैमाने पर बढ़ाएगी

आईटी सेवाएं, कंसल्टिंग और उद्यमों के लिए समाधान प्रदान करने वाली, वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (TCS) (BSE: 532540, NSE: TCS) ने 'क्लॉड' को बनाने वाली अग्रणी एआई कंपनी एन्थ्रोपिक के साथ एक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा आज की है। इस साझेदारी का उद्देश्य ग्राहकों को बड़े पैमाने पर एंटरप्राइज़ एआई अपनाने में मदद करना है। टीएसएस इस प्रोजेक्ट के लिए एक बिल्कुल अलग यूनिट बनाएगी, जो सिर्फ इसी तकनीक पर काम करेगी। टीसीएस को क्लॉड के नए एआई मॉडल्स आम जनता या अन्य कंपनियों से पहले इस्तेमाल करने को मिलेंगे, ताकि वे जल्दी नए टूल्स बना सकें। इस शुरूआती पहुंच का फायदा उठाकर यह टीम तीन मुख्य काम करेगी: ग्राहकों को बेहतरीन और फायदेमंद सर्विस देगी। दोनों कंपनियां मिलकर अलग-अलग उद्योगों के लिए नए एआई टूल्स बनाएंगी। क्लॉड के सभी एआई मॉडल्स पर अपनी तकनीकी पकड़ और विशेषज्ञता को बहुत मज़बूत करेगी। जिन पर कड़े नियम लागु होते हैं ऐसे उद्योगों में एआई के ज़्यादातर प्रोजेक्ट्स सिर्फ शुरूआती ट्रायल तक ही सीमित रह जाते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि इन क्षेत्रों में सटीक काम, जांच-परख की सुविधा और कड़ी निगरानी के नियम बहुत सख्त होते हैं, और यहाँ छोटी सी गलती का नुकसान भी बहुत बड़ा हो सकता है। टीसीएस और एन्थ्रोपिक की यह साझेदारी इसी रुकावट को दूर करने के लिए बनाई गई है। इसके तहत टीसीएस की तीन खूबियों सही नियमों और दिशा-निर्देशों के साथ काम करना, सुरक्षा और नियंत्रण को मज़बूत रखना, तकनीक को सही तरीके से लागू करने का अनुभव की मदद से बड़ी कंपनियां 'क्लॉड' एआई को सिर्फ प्रयोग के लिए नहीं, बल्कि अपने रोज़मर्रा के मुख्य कामकाज में पूरे भरोसे के साथ इस्तेमाल कर सकेंगी।

## हमने बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित किया और मजबूत बाजार हिस्सेदारी वृद्धि के साथ दोहरे अंकों वाली, वॉल्यूम-आधारित वृद्धि हासिल की: मनीष तिवारी

**लखनऊ।** नेस्ले इंडिया के श्री मनीष तिवारी चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में अपने शुरुआती कुछ तिमाहियों के कार्यकाल पर नज़र डालते हुए, मुझे उस प्रगति और गति को लेकर गहरी जिम्मेदारी और विश्वास का अनुभव होता है, जिसे हम मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। इस भूमिका में आपको अपना पहला वार्षिक पत्र साझा करते हुए मुझे सम्मान का अनुभव हो रहा है। मैं अब तक की हमारी उपलब्धियों और उन प्राथमिकताओं के बारे में बताना चाहता हूँ, जो हमें उपभोक्ताओं की बेहतर सेवा करने, ग्राहकों के साथ अपनी साझेदारियों को और मजबूत बनाने, जिन समुदायों तक हमारी पहुंच है वहां साझा मूल्य सृजित करने तथा अपने शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य निर्माण को आगे बढ़ाने में मदद करेंगी। मैं नेस्ले के उत्पादों के साथ बड़ा हुआ हूँ, इसलिए इस भूमिका में आना मेरे



लिए एक बेहद व्यक्तिगत अनुभव जैसा है। मुझे आज भी याद है कि मेरी माँ मुझे हमारे मोहल्ले के किराना दुकानदार राजू की दुकान से मेरी पसंदीदा मिल्कमेड कंडेंस्ड मिल्क का एक टिन लाने के लिए भेजती थीं। रोजमर्रा के वे सरल पल आज भी मेरी यादों में बसे हुए हैं। अपने प्रतिष्ठित सफेद टिन से लेकर आधुनिक री-सीलेबल पाउच तक, मिल्कमेड समय के साथ विकसित हुआ है, लेकिन पीढ़ियों से भारतीय घरों का एक भरोसेमंद हिस्सा बना हुआ है। उत्पाद का स्वरूप बदल सकता है, लेकिन भरोसा समय की कसौटी पर हमेशा खरा उतरता है।लगातार अच्छा प्रदर्शन शायद ही कभी एक साथ बहुत सारे काम करने से हासिल होता है। यह कुछ सही निर्णयों, अनुशासित क्रियान्वयन और निरंतर सुधार की संस्कृति से प्राप्त होता है।उपभोक्ता कारोबार में, किसी भी तिमाही के दौरान ये काम करने के सामान्य तरीके प्रतीत हो सकते हैं। लेकिन समय के साथ ये बिल्कुल भी सामान्य नहीं रहते। इनका प्रभाव लगातार बढ़ता जाता है।पूरे वर्ष के दौरान, हमने बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित किया और मजबूत बाजार हिस्सेदारी वृद्धि के साथ दोहरे अंकों वाली, वॉल्यूम-आधारित वृद्धि हासिल की। आपकी कंपनी की कुल बिक्री 23,071.5 करोड़ रुपये रही।हमने ये परिणाम ऐसे माहौल में हासिल किए, जिसमें बदलावों को समय रहते पहचानकर लगातार खुद को उसके अनुरूप ढालने की आवश्यकता थी। हमारी प्रतिक्रिया यह रही कि जहां जरूरत थी वहां हमने तेजी से कदम उठाए और जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण था, उस पर दृढ़ता से केंद्रित रहे।

वर्ष 2025-26 में भारत में खपत का रुझान बेहतर होती आर्थिक स्थिति और लोगों की अलग-अलग सोच व भावनाओं के बीच प्रभावित रहा।

## उतार-चढ़ाव के बाद नरम पड़ा शेयर बाजार; सेंसेक्स 150 अंक टूटा, निफ्टी 23200 से नीचे



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार और मुद्रा बाजार (करेंसी मार्केट) में गुरुवार को दोनों में ही सुस्ती और निराशा का माहौल देखने को मिला। एक तरफ जहां शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए, वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 150.63 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। इस 0.20% की गिरावट के बाद सेंसेक्स 73,832.55 के स्तर पर आ गया।

वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी इस सुस्ती से अछूता नहीं रहा। निफ्टी में 53.35 अंकों यानी 0.23% की कमजोरी देखी गई, जिसके बाद यह 23,161.60 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार की इस गिरावट के साथ-साथ मुद्रा बाजार में भी भारतीय रुपये को बड़ा झटका लगा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 50 पैसे की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस बड़ी कमजोरी के बाद रुपया डॉलर के मुकाबले 95.75 (प्रोविजनल) के स्तर पर बंद हुआ। आज का दिन भारतीय बाजारों के लिए गिरावट का दिन साबित हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक लाल निशान में बंद हुए, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई बड़ी गिरावट ने बाजार के इस कमजोर प्रदर्शन को और स्पष्ट कर दिया है।

## आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया 'अनमोल अक्षय'

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला कैपिटल की जीवन बीमा सहायक कंपनी और भारत की अग्रणी विविधीकृत वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक, आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एबीएसएलआई) ने आज 'एबीएसएलआई अनमोल अक्षय' लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक बचत-उन्मुख पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस प्लान है, जिसे ग्राहकों को उनके भविष्य के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करने के साथ-साथ उनके परिवारों को जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षित रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है। माई चाइल्डः पॉलिसीधारक अपने बच्चे की शिक्षा के प्रमुख चरणों के अनुरूप माइलस्टोन-आधारित पेआउट का चयन कर सकते हैं। ये भुगतान ग्रेजुएशन, प्रोफेशनल कोर्स, पोस्ट-ग्रेजुएशन और करियर की शुरुआत जैसे महत्वपूर्ण पड़ावों से जुड़े होते हैं। माई सेविंग्सः यह विकल्प उन ग्राहकों के लिए है जो बेटी की शादी, घर खरीदना या रिटायरमेंट जैसी भविष्य की जरूरतों के लिए मध्यम से लंबी अवधि का कोष तैयार करना चाहते हैं, साथ ही अपने परिवार के लिए जीवन बीमा सुरक्षा भी सुनिश्चित करना चाहते हैं। हर इेनिफिट्सः महिलाओं के लिए इस प्लान में भविष्य के लक्ष्यों के लिए बचत के साथ इन-बिल्ट हर इेनिफिट्स शामिल हैं। इसके तहत कॉम्प्लिमेंटरी हेल्थ मैनेजमेंट सर्विसेज प्रदान की जाती हैं, जिनमें मेडिकल कंसल्टेशन, हेल्थ कोचिंग, सेकंड मेडिकल ओपिनियन और पर्सनल मेडिकल केयर मैनेजमेंट शामिल हैं। आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी और सीईओ, कमलेश राव ने कहा, 'आज वित्तीय योजना पारंपरिक रूप से अलग-अलग उत्पादों के बजाय जीवन के लक्ष्यों के इर्द-गिर्द केंद्रित होती जा रही है। बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करने, परिवार के दीर्घकालिक लक्ष्यों और बचत कोष तैयार करने से लेकर महिलाओं की बदलती वित्तीय और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने तक, ग्राहक ऐसे समाधानों की तलाश करते हैं जो जीवन के विभिन्न चरणों में उनका साथ दें। एबीएसएलआई अनमोल अक्षय के साथ हमने एक ऐसा समाधान तैयार किया है जो बचत और सुरक्षा को सार्थक लाभों के साथ जोड़ता है, जिससे ग्राहकों को अधिक आत्मविश्वास और वित्तीय मजबूती के साथ अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलती है। 'एबीएसएलआई अनमोल अक्षय ग्राहकों को वैकल्पिक प्रोटेक्शन एन्हांसमेंट्स के माध्यम से अतिरिक्त लचीलापन प्रदान करता है, जैसे एक्सटेंडेड लाइफ कवर विकल्प, जो ग्राहकों को परिपक्वता के बाद भी 75 या 85 वर्ष की आयु तक जीवन बीमा कवर जारी रखने की सुविधा देता है। इसके अलावा, पॉलिसी कंटीन्यूएंस बेनिफिट निर्धारित शर्तों के तहत बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर तत्काल मृत्यु लाभ प्रदान कर परिवार के दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों की सुरक्षा में मदद करता है।

## सैमसंग ने 'द बिग बिस्पोक एआई फेस्ट' की घोषणा की, घरेलू उपकरणों पर आकर्षक समर ऑफर्स

**गुरुग्राम।** सैमसंग इंडिया ने 'द बिग बिस्पोक एआई फेस्ट' की घोषणा की है, जो 12 जून से 19 जुलाई 2026 तक चलेगा। इस दौरान कंपनी अपने बिस्पोक एआई होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो पर आकर्षक समर ऑफर्स दे रही है। चुनिंदा बिस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और अन्य घरेलू उपकरणों पर ग्राहकों को 20,000 रुपये तक का कैशबैक और एक्सटेंडेड वारंटी जैसे लाभ मिलेंगे, जिससे इस गर्मी में एआई-समर्थित स्मार्ट जीवनशैली अपनाना आसान होगा।ऑफर के तहत, चुनिंदा रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन खरीदने वाले ग्राहक सैमसंग केयर+ के माध्यम से एक वर्ष की एक्सटेंडेड वारंटी खरीदकर अतिरिक्त दो वर्ष की वारंटी निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर पर ग्राहक केवल 99 रुपये में एक वर्ष की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं।चुनिंदा टॉप-लोड वॉशिंग मशीनों के इंस्टॉलेशन के समय ग्राहकों को मुफ्त फिल्टर भी दिया जाएगा, जो मशीन को धूल और जंग से बचाकर उसकी आयु बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा, सैमसंग फाइनेंस+ के माध्यम से खरीदारी करने पर ग्राहकों को 1000 रुपये तक का कैशबैक मिलेगा। यह पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस प्रक्रिया पर आधारित है, जिससे खरीदारी का अनुभव आसान होने के साथ इसकी पहुंच भी बढ़ती है।इसके अलावा, एयर कंडीशनर खरीदने वाले ग्राहकों को 5 वर्ष की कंप्रिहेंसिव वारंटी का लाभ मिलेगा, जो उत्पाद की दीर्घकालिक विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हुए उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त भरोसा देता है।सैमसंग के बिस्पोक एआई अप्लायंसेज एडवांस्ड एआई और स्मार्ट कनेक्टिविटी तकनीक से लैस हैं, जो उपयोगकर्ताओं को अधिक स्मार्ट, सहज और ऊर्जा-कुशल अनुभव प्रदान करते हैं। बिस्पोक एआई एयर कंडीशनर तेज कूलिंग के साथ एयरफ्लो को स्वतः समायोजित करते हैं, जिससे लंबे समय तक आरामदायक वातावरण बना रहता है।

## नेटफ्लिक्स ने अब तक का सबसे जबरदस्त कैप्टिव रियलिटी शो, लॉक-अपः सच या सजा पेश किया

रितेश देशमुख और फराह खान बने हैं जेलर, और उनकी कंट्रोल्ड एवं हाई-प्रेशर जेल में बंद हैं 14 जानी-मानी हस्तियाँ। देखिए लॉक अपः सच या सजा, एक ऐसे कैप्टिव रियलिटी शो का सिलसिला, जो इससे पहले भारतीय रियलिटी एंटरटेनमेंट में कभी नहीं देखा गया है। बाहरी दुनिया से बिल्कुल कटे हुए, हर ऐशो-आराम से दूर और लगातार चुनौतीपूर्ण होते टास्कों के बीच इन मशहूर लोगों को लगातार अपने साथियों को बदलते हुए और मुश्किल फैसले करते हुए आगे बढ़ते रहना होगा। उनका हर कदम रातों-रात हालात को बदल देगा।

छः हफ्ते तक चलने वाले इस ड्रामा में हर रोज अलग-अलग टास्क होंगे, स्टेटस के पायदान होंगे, चार्जशीट लाई जाएगी, सजाएं दी जाएंगी, और टर्मिनेट किया जाएगा। पूरे सफर में उनकी क्षमता और बचे रहने की इच्छा की कड़ी परीक्षा होगी। जैसे-जैसे दबाव बढ़ेगा, रहस्य




सामने आते चले जाएंगे, साथी बदलते जाएंगे और कोई भी अनुमान लंबे समय तक नहीं टिक पाएगा।

नेटफ्लिक्स और एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत लॉक अपः सच या सजा एक हाई-स्केल एंटरटेनमेंट फॉर्मेट है, जो ग्लोबल दर्शकों के लिए बनाया गया है। इसका दिलचस्प प्रोडक्शन डिज़ाईन, पेचीदा गेमप्ले, भावनात्मक दबाव और लगातार असामान्य स्थितियां प्रतियोगियों को परफॉर्मेंस से बाहर आकर बिल्कुल असली प्रतिक्रियाएं देने पर मजबूर कर देते हैं।

रितेश देशमुख ने कहा, ''लॉक अपः सच या सजा एक दिलचस्प फॉर्मेट है। यह उस समय का प्रतिबिंब है, जिसमें हम रह रहे हैं। यह मजेदार और रोमांचक है। हर प्रतियोगी अपनी सच्चाई और एक रणनीति के साथ लॉक अपः सच या सजा में प्रवेश करता है। लेकिन यहाँ हर चीज की कड़ी परीक्षा होती है। फराह और मैं यहाँ पर सबसे आगे बैठकर हर ट्विस्ट, टकराव और खुलासे को देखेंगे। इस जेल में एक बात पक्की है कि यहाँ से कोई भी वैसा बाहर नहीं जाएगा, जैसा वह यहाँ आया था।''

## उम्दा गेंदबाजी की बदौलत नवनीत सहगल इलेवेन बना चैम्पियन



**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट हर्षित पाण्डेय की धारदार गेंदबाजी तीन विकेट के अलावा शेख अहमद और विराज सिंह दो-दो विकेट की बदौलत नवनीत सहगल इलेवेन ने स्वर्गीय कैसर अली मेमोरियल अण्डर-13 क्रिकेट के फाइनल में केएम खान इलेवेन को 64 रन के सस्ते स्कोर पर समेटने के बाद तीन विकेट पर 65 रन बनाकर सात विकेट से उम्दा जीत के साथ खिताब पर कब्जा कर लिया।

सेग क्रिकेट ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए केएम खान इलेवेन 20 ओवर में 64 रन के सस्ते स्कोर पर सिमट गया। निचले क्रम के बल्लेबाज अनुग्रह द्विवेदी 17 रन ही दहाई का आकड़ा पार कर सके। अन्य बल्लेबाज नवनीत सहगल इलेवेन के गेंदबाजों के आगे धराशायी हो गये। सहगल इलेवेन की ओर से हर्षित पाण्डेय को तीन विकेट, शेख अहमद और विराज सिंह को दो-दो विकेट मिले। जवाबी बल्लेबाजी में नवनीत सहगल इलेवेन ने 16.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। सलामी बल्लेबाज हर्ष वर्धन ने 15 रन और रेनित कपूर ने 18 रन के अलावा देवांश राय ने नाबाद 12 रन और कार्तिकेय ने नाबाद 7 रन की विजयी पारी खेली। अनुग्रह द्विवेदी को दो विकेट की सफलता मिली। सेग ग्राउंड पर खिताबी मैच के विशाल समारोह में सीएएल के सचिव केएम खान की मौजूदगी में मुख्य अतिथि सुजय त्रिपाठी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सीएएल, विशेष अतिथि अशोक बांबी, आरिफ उल हसन, मजहर अली अंसारी, कमल कांत कनौजिया, मूसी रज़ा ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किये।

## ऑटोडेस्क ने डिजिटल-फर्स्ट इंडिया में निवेश किया

### देश में क्रिएटर्स और बिल्डर्स की अगली पीढ़ी के लिए ऑटोडेस्क स्टोर को सेल्फ-सर्व स्टोर में अपग्रेड किया

**नई दिल्ली।** भारत में ऑटोडेस्क स्टोर में एक महत्वपूर्ण अपग्रेड किया गया है। ऑटोडेस्क ने इसे एक पूरी तरह से सेल्फ-सर्व प्रोक्योरमेंट प्लेटफॉर्म में बदल दिया है। इससे देश में स्टार्टअप्स, उद्यमियों, फ्रीलांसर और छोटे एवं मध्यम व्यवसायों (एसएमबी) को प्रोफेशनल डिज़ाईन और टेक्नोलॉजी अधिक आसानी से उपलब्ध हो पाएंगे। ऑटोडेस्क स्टोर एक डिजिटल-फर्स्ट गो-टू-मार्केट मॉडल की तरह काम करेगा। इससे ग्राहकों के लिए इसके डिज़ाईन एंड मेक सॉल्यूशंस को खोजना, आजमाना, खरीदना और मैनेज करना आसान हो जाएगा।

इंटरनेट एंड मोबाईल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की लेटेस्ट इंटरनेट इन इंडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 958 मिलियन एक्टिव इंटरनेट यूज़र हैं। यानी भारत दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती हुई डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इतने व्यापक इंटरनेट एडॉप्शन के



कारण ऑटोडेस्क क्रिएटर समुदाय के प्रोफेशनल टेक्नोलॉजी खरीदने के अनुभव में भी बुनियादी परिवर्तन आया है। नए ऑटोडेस्क स्टोर ने प्रोफेशनल ग्रेड टेक्नोलॉजी की उपलब्धता को सरल बना दिया है। खरीद एवं कंज़ंप्शन के नए विकल्प प्रदान किए हैं। ऐसा करने का मकसद हर आकार के बिज़नेस, खासकर उभरते हुए बिज़नेस और पहली बार के यूज़र्स की बाधाओं को कम करना है, ताकि वो विकसित भारत के लिए इनोवेशन, डिज़ाईन और निर्माण कर सकें।

भारत में यह प्लेटफॉर्म साल 2017 में लॉन्च हुआ था। धीरे-धीरे यह भारत में ऑटोडेस्क के सबसे महत्वपूर्ण कस्टमर एक्विज़िशन चैनल्स में से एक बन गया। आज भारत में पहली बार ऑटोडेस्क इस्तेमाल करने वाले 50 प्रतिशत से अधिक ग्राहक स्टार्टअप, फ्रीलांसर और उभरते हुए बिज़नेस हैं। इससे एक तरफ तो भारत में उद्यमियों का विस्तार प्रदर्शित होता है, तो दूसरी तरफ यह भी प्रदर्शित होता है कि नई पीढ़ी के प्रोफेशनल्स के बीच डिजिटल-फर्स्ट प्रोक्योरमेंट किस हद तक महत्वपूर्ण हो चुका है।

यह परिवर्तन पारंपरिक मेट्रो बाजारों से बाहर भी दिखाई दे रहा है। टियर 2 और टियर 3 शहरों में उद्यमियों की बढ़ती गतिविधि और बढ़ते डिजिटल एडॉप्शन से नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। ऑटोडेस्क के ऑनलाईन ग्राहकों में इन शहरों का हिस्सा 20 प्रतिशत से अधिक है। डेटा से प्रदर्शित होता है कि उभरते हुए व्यवसायिक केंद्र भारत में विकास और डिजिटल टेक्नोलॉजी एडॉप्शन के मुख्य इंजन बनते जा रहे हैं।

कामोलिका गुप्ता पेरेज़, वाईस प्रेसिडेंट, ऑटोडेस्क इंडिया और सार्क ने कहा, ''भारत में लगभग एक बिलियन इंटरनेट यूज़र हैं। इस पीढ़ी के लिए डिजिटल एक चैनल नहीं, बल्कि एक जरूरत है।

## फ्लिपकार्ट ग्रुप ने मेटा एफिलिएट पार्टनरशिप शुरू की

**लखनऊ।** भारत के होमग्रोन ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट ग्रुप ने आज फ्लिपकार्ट और मिंत्रा के माध्यम से मेटा एफिलिएट पार्टनरशिप शुरू की। इससे भारत में क्रिएटर पर आधारित कॉमर्स को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही ग्राहकों के लिए प्रोडक्ट की डिस्कवरी और शॉपिंग और अधिक आसान हो जाएगी।यह पार्टनरशिप क्रिएटर्स को फ्लिपकार्ट और मिंत्रा के प्रोडक्ट्स खोजने व टैग करने में समर्थ बनाएगी। जहाँ क्रिएटर एफिलिएट इंटीग्रेशन के माध्यम से अपनी पोस्ट और रील्स में इन प्रोडक्ट्स को टैग कर सकेंगे, तो वहीं ग्राहक एक क्लिक में उन्हें आसानी से खरीद सकेंगे। यह पार्टनरशिप पहले फेसबुक पर शुरू की गई है। लॉन्च के अगले चरण में अन्य मेटा प्लेटफॉर्म्स पर इसे इंस्टाग्राम पर शुरू किया जाएगा।फ्लिपकार्ट ग्रुप ने ग्राहकों का यह बदलता व्यवहार दो साल पहले दर्ज किया था। तब से ही यह ग्रुप क्रिएटर इन्फ्रास्ट्रक्चर, कंटेंट आधारित कॉमर्स और क्रिएटरहुड एवं एफ्लुएंसर जैसे प्लेटफॉर्म्स में निवेश कर रहा है।यह पार्टनरशिप भारत में डिजिटल कॉमर्स के विकास में एक व्यापक परिवर्तन प्रदर्शित करती है। शॉपिंग सर्च पर आधारित होने की बजाय डिस्कवरी और क्रिएटर के सुझाव पर आधारित होती जा रही है। खासकर जेन ज़ी के लिए सोशल प्लेटफॉर्म्स डिस्कवरी के महत्वपूर्ण माध्यम बनते जा रहे हैं। इसलिए फ्लिपकार्ट ग्रुप कंटेंट, क्रिएटर्स, ब्रांड्स, सेलर्स और भरोसेमंद कॉमर्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को एक साथ ला रहा है। शॉपर्स के लिए यह अनुभव सरल होता है। वो क्रिएटर की पोस्ट या रील में प्रोडक्ट देखते हैं, प्रोडक्ट टैग पर टैप करते हैं, और फ्लिपकार्ट या मिंत्रा पर जाकर खरीददारी को पूरा करते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु तैयारियां तेज, डीएम ने विभागों को सौंपे दायित्व

21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम

**कुशीनगर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की उपस्थिति में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई।

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों के सुचारु संचालन के लिए सभी संबंधित विभागों को समय से स्पष्ट आदेश पत्र जारी किए जाएं, ताकि प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य जनपदीय कार्यक्रम महात्मा बुद्ध स्थली में भव्य रूप से आयोजित होगा, जिसमें जनपद के प्रभारी मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की गरिमा एवं व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी को मुख्य आयोजन से पूर्व एक और समन्वय बैठक आयोजित कर सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करने तथा विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को कार्यक्रम में सहभागिता के लिए समय से आमंत्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी ने 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तिथिवार एवं विभागवार कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।

उन्होंने बताया कि योग सप्ताह के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज एवं अन्य विभागों के सहयोग से जनजागरूकता अभियान, योग अभ्यास सत्र, संगोष्ठियां तथा जनसहभागिता आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक पीयूष, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने योग दिवस आयोजन को सफल, व्यवस्थित एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने का आश्वासन दिया।

## बस्ती विकास प्राधिकरण की बैठक में नागरिक सुविधाओं पर हुई चर्चा

**बस्ती।** बस्ती विकास प्राधिकरण सचिव कीर्ति प्रकाश भारती की अध्यक्षता में प्रबुद्ध जनों के साथ एक बैठक आहूत की गई । बैठक में नगर के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद सचिन कीर्ति प्रकाश भारती ने परिसर में पौधरोपण भी किया।बैठक में सचिव कीर्ति प्रकाश भारती ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यक्रमों और नीतियों की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों की सहभागिता आवश्यक है। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून 2026 तक संचालित जन-जागरूकता अभियान के क्रम में शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित बैठक में प्रबुद्धजनों ने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए।

# कर्नलगंज में दिल दहला देने वाला हादसा : घायलों को बचाने दौड़े लोगों पर चढ़ी तेज रफ्तार एसयूवी, अब तक 5 की मौत

एक्सयूवी कब्जे में, मालिक व चालक हिरासत में

अवधनामा संवाददाता




**कर्नलगंज, गोण्डा।** इंसानियत का फर्ज निभाना पांच लोगों को भारी पड़ गया। कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के गोंडा-लखनऊ हाईवे स्थित भलियनपुरवा नारायणपुर मोड़ पर बुधवार रात हुए दर्दनाक हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से सूर्यवंशम पुरवा में मातम पसरा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 9 बजे भलियन पुरवा नारायणपुर मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और घायलों को उठाने लगे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार एसयूवी अनियंत्रित होकर भीड़ में घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोग कई फीट दूर जा गिरे। मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। सभी घायलों को सीएचसी कर्नलगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल 10 वर्षीय अंशुमान को लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस तरह हादसे में मरने वालों की संख्या 5 हो गई है। हादसे में मृतकों के नाम गुलशन 25 वर्ष पुत्र शत्रोहन, निवासी सूर्यवंशम पुरवा, नारायणपुर मांझा, संजय कुमार तिवारी 37 वर्ष पुत्र कृष्णपाल तिवारी, निवासी तरहटा, हसन मोहम्मद 40 वर्ष पुत्र हैदर अली, निवासी भलियन पुरवा नारायणपुर मांझा, इम्तियाज अली 27 वर्ष पुत्र हैदर अली, निवासी भलियनपुरवा नारायणपुर मांझा, अंशुमान 10 वर्ष पुत्र शत्रोहन, निवासी सूर्यवंशम पुरवा नारायणपुर मांझा शामिल हैं। घायलों में अलताफ 22 वर्ष पुत्र हैदर अली, तबरेज आलम 19 वर्ष पुत्र हुसैन अली, विनय प्रताप सिंह उर्फ शनी सिंह 26 वर्ष पुत्र संजय सिंह निवासी करुआ, और परवेज 17 वर्ष पुत्र हसन अली, सभी निवासी सूर्यवंशम पुरवा नारायणपुर मांझा बताये जाते हैं। इनमें से दो की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही कर्नलगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे में शामिल दिल्ली नंबर की एक्सयूवी गाड़ी को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने वाहन मालिक करनैलगंज निवासी शोएब और ड्राइवर आबिद को हिरासत में ले लिया है।

# साइबर सेल की तत्परता से पीड़िता को मिले दो लाख रुपये वापस

अवधनामा ब्यूरो


पीड़िता को वापस रुपये दिलाती साइबर टीम

**कुशीनगर।** साइबर अपराध के शिकार लोगों को राहत दिलाने में कुशीनगर साइबर सेल लगातार प्रभावी भूमिका निभा रही है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी खड्डा वीरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सेल ने एक पीड़िता के खाते में ठगी गई पूरी धनराशि वापस कराने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार एक अज्ञात साइबर ठग ने यूपीआई के माध्यम से पीड़िता के खाते से 2,01,179.94 रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। घटना की शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित किया और पूरी धनराशि पीड़िता के खाते में वापस करा दी। धनराशि वापस मिलने पर पीड़िता ने कुशीनगर पुलिस और साइबर सेल की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

इस सफलता में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार टंडन, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल विजय कुमार चौधरी, कांस्टेबल अखिलेश कुमार गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता तथा प्रशान्त मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कुशीनगर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा निकटतम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# लंबित राजस्व वादों के निस्तारण में लापरवाही पर सख्त हुए डीएम

अवधनामा ब्यूरो

जून माह के भीतर सभी समय-सीमा पार मामलों के निस्तारण के निर्देश, कार्रवाई की चेतावनी

**कुशीनगर।** जनपद में धारा-34 के अंतर्गत लंबित राजस्व वादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी तहसीलदारों, तहसीलदार (न्यायिक) एवं नायब तहसीलदारों को समयबद्ध ढंग से मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा है।

आरसीसीएमएस पोर्टल के अनुसार जनपद में धारा-34 के कुल 1,23,316 राजस्व वादों में से 1,18,037 का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि 5,279 मामले अभी भी लंबित हैं। इनमें 1,374 वाद निर्धारित समय-सीमा के बाद भी लंबित पाए गए हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने गंभीर चिंता जताई है। डीएम ने कहा कि राजस्व वादों के लंबित रहने से आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होती है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का गुण-दोष के आधार पर नियमानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयावधि से अधिक समय से लंबित सभी वादों का निस्तारण जून 2026 के भीतर हर हाल में किया जाए। इसके लिए न्यायालयवार समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि निर्देशों के पालन में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक 4399 दिन के सर्वाधिक कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा बस्ती ने सभी 26 मंडलों में किया विशेष पूजन

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार सर्वाधिक 4399 दिन का स्वर्णिम कार्यकाल पूर्ण करने के ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बस्ती द्वारा जिले के सभी 26 मंडलों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिले के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन, हवन, प्रार्थना सभाओं एवं सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र की निरंतर समृद्धि की कामना की गई।

कप्तानगंज स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विशेष पूजन-अर्चन एवं प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा कप्तानगंज मंडल अध्यक्ष गौरव मणि तिवारी ने की। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री के सतत नेतृत्व के लिए प्रार्थना की।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने अपने संदेश में कहा। 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ऐतिहासिक कार्यकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय है। यह उपलब्धि केवल किसी व्यक्ति की राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता के विश्वास, आशा और आकांक्षाओं की विजय है। पीएम मोदी ने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना और दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है।' कहा कि आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास और भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार-प्रसार ने देशवासियों के आत्मगौरव को नई ऊंचाई दी है। प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि और हर घर जल जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया है। सदर विधानसभा के सांऊघाट मंडल अंतर्गत कडर मंदिर में भी एक विशेष पूजन-अर्चन एवं प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट सड़क सुधार कार्यों तथा यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर साइन बोर्ड स्पीड ब्रेकर रोड पैच सुधार रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग के कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं तथा जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में स्कूली वाहनों एवं बसों की नियमित जांच फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ड्रिंक एंड ड्राइव बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई कर दृश्यता बढ़ाने टोल प्लाजा पर कांटा क्रेन कटर व एम्बुलेंस की उपलब्धता तथा प्रमुख चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था संकेतक एवं चेतावनी बोर्ड दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया।

# ऑटो का टायर पंक्चर होने से वाहन नाले में फंसा, सात घायल, पांच रेफर

नगर पंचायत मथौली स्थिति एक गैस एजेंसी के पास हुई घटना

अवधनामा संवाददाता


नाले में फंसा ऑटो

**मथौली, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर गुरुवार सुबह एक सवारी ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऑटो के अगले टायर की हवा अचानक निकल जाने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने नाले में जा फंसा। हादसे में चालक समेत सात लोग घायल हो गए, जिनमें पांच की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे हाटा की ओर से आ रहा एक रिजर्व ऑटो मथौली नगर पंचायत स्थित एक गैस एजेंसी के पास पहुंचा था। तभी ऑटो के अगले टायर की हवा अचानक निकल गई। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ऑटो सड़क की दूसरी लेन में जाने के बाद नाले से टकराकर उसमें फंस गया। दुर्घटना के समय ऑटो में चालक समेत सात लोग सवार थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली पहुंचाया गया। घायलों की पहचान महावीर साहनी (60), आशा देवी (45) निवासी करमाजीपुर थाना गौरी बाजार, कौशल्या देवी (50) निवासी चौरीचौरा, धर्मेंद्र साहनी (38), हेवंती देवी (58), रामकिशन (68) तथा चालक रमेश (46) निवासी खैरिया, जनपद देवरिया के रूप में हुई। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महावीर साहनी, आशा देवी, कौशल्या देवी, धर्मेंद्र साहनी और चालक रमेश की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रविंद्र नगर रेफर कर दिया। जबकि हेवंती देवी और रामकिशन का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली में जारी है। बताया गया कि सभी लोग अपने गांव से एक धार्मिक स्थल के दर्शन के लिए रिजर्व ऑटो से जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त ऑटो को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मुबारकपुर थाना से सठियांव तक यातायात पुलिस की सक्रियता


**मुबारकपुर, आजमगढ़।** यातायात रूट संख्या-6 पर सठियांव से मुबारकपुर थाना तक यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं जाम मुक्त बनाए रखने के लिए मुबारकपुर यातायात पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण, ठेला-गाड़ी एवं अव्यवस्थित पार्किंग को हटवाकर मार्ग को साफ रखने का कार्य लगातार किया जा रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े। यातायात पुलिस केवल यातायात संचालन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का भी महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। नियमित वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। यातायात कर्मी लोगों को समझाते हैं कि हेलमेट और सीट बेल्ट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक हैं।

## विधायक दूधराम ने किया खम्हरिया मार्ग का शुभारंभ



**बस्ती।** महादेवा विधायक दूधराम ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया से पठानपुर तक प्रस्तावित नवनिर्मित सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी। विधायक दूधराम ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 5 ट्रकों पर लदी अवैध लकड़ी बरामद



**आजमगढ़ ।** वन विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सेंहदा टोल प्लाजा पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच ट्रकों पर लदी अवैध लकड़ी बरामद की है। कार्रवाई बुधवार देर रात 12 से 1 बजे के बीच की गई। जांच में पता चला कि चार ट्रक सुल्तानपुर और एक ट्रक प्रतापगढ़ जिले से आया था। ट्रक चालकों से लकड़ी कटान और परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। वन विभाग के अनुसार ट्रकों में आम, महुआ और गूलर जैसी प्रतिबंधित प्रजातियों की लकड़ी लदी थी, जिनके लिए न तो कोई अनुज्ञा पत्र था और न ही परिवहन संबंधी दस्तावेज। इसके बाद सभी पांच ट्रकों को कब्जे में लेकर भारतीय वन अधिनियम की धारा 52, 66 एवं 69 के तहत विभागीय कार्रवाई की गई। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी, आकांक्षा जैन ने बताया कि अवैध लकड़ी के परिवहन में प्रयुक्त वाहन भी वन अपराध की श्रेणी में आते हैं ।

## राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला सम्पन्न, एमआरएफ टायर कंपनी ने 77 युवाओं का किया चयन

**आजमगढ़ ।** राजकीय आईटीआई, लालगंज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें गुजरात की कंपनी एम0आर0एफ0 टायर उपस्थित हुई, जिसने यहां पर उपस्थिति लगभग 230 बेरोजगारों का साक्षात्कार लिया, जिसमें से 77 अभ्यर्थियों को चयनित किए गया। कंपनी द्वारा इन बेरोजगार अभ्यर्थियों को तत्काल प्रभाव से नौकरी ज्वाइन करने के लिए ट्रैवल एलाउंस देने का वादा किया, साथ ही डिप्लोमा और स्नातक बच्चों को 19,500 आईटीआई किए हुए बच्चों के लिए 17,000 तथा सामान्य इंटर एवं हाई स्कूल के बच्चों को 15,000 के वेतन पर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर संस्थान प्रभारी/प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई लालगंज रितेश कुमार सिंह, सहायक निदेशक सेवायोजन राम मूर्ति आदि ने अपना योगदान दिया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में अमेठी डिपो ने अर्जित की 28 लाख से अधिक आय

63 से 67 फीसदी तक रहा लोड फैक्टर

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** उत्तर परिवहन निगम पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर काफी सजग रहा,अभ्यर्थियों को हरसंभव यातायात सुविधा मुहैया कराने के इंतजाम किए गए। पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान अमेठी डिपो ने 28.16लाख की आय अर्जित की। अमेठी डिपो का 7 जून से 10जून के बीच लोड फैक्टर 63 से 67 फीसदी तक रहा है। पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों का आधा किराया माफ किया गया था। पुलिस भर्ती परीक्षा 8 जून को शुरू हुई है। 7 जून से ही बसों में अभ्यर्थियों की भीड़ बनी रहीं।आठ जून को अमेठी से 25 बसें अयोध्या होते हुए अभ्यर्थियों को लेकर गोरखपुर भेजी गई थीं।

आठ जून को डिपो की 73 में से 70 बसें आन रोड थीं। मंगलवार को गोरखपुर के लिए 35 बसें भेजी गई है। सुल्तानपुर शटल सेवा के लिए दस बसें चलाई गई। 7 जून को लोड फैक्टर 67 था।

सात जून को डिपो की आय 6.14 लाख रही। 8 जून को लोड फैक्टर 63 और आय 5.54 लाख रही। दोनों दिन बसों ने कुल 19320 किमी का सफर तय किया है। मंगलवार को क्षेत्रीय प्रबंधक काशी प्रसाद ने अमेठी डिपो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन अधीक्षक राकेश कुमार वर्मा से पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों के सुरक्षित आवागमन के बारे में जानकारी ली। रोडवेज कर्मचारी शीतला प्रसाद शुक्ल भी मौजूद रहे। मंगलवार को अमेठी डिपो की 63 बसें संचालित हुई। 8771यात्री बसों पर सवार हुए। 35 बसें अमेठी से अयोध्या होते हुए गोरखपुर के लिए भेजी गईं। लोड फैक्टर 64 रहा। स्टेशन अधीक्षक राकेश कुमार वर्मा अपने स्टाफ के साथ दिन भर कड़ी धूप में काम करते हुए बसों का संचालन करते देखे गए। 10 जून को अमेठी डिपो से 62 बसें संचालित हुई। 9810 यात्री बसों पर सवार हुए।लोड फैक्टर 62 प्रतिशत रहा।834910 रु की आय हुई है।

# भारत सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** भारत सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' विषयक जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार में प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार द्वारा मुख्य अतिथि विवेकानंद मिश्र को बुके भेंट कर स्वागत करते हुए किया गया। इसी क्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश शुक्ला का भी बुके देकर स्वागत किया गया।स्वागत संबोधन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में देश शिक्षा, सुशासन और सामाजिक विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सरकार की योजनाओं से गरीब, युवा एवं महिलाएं सशक्त हो रही हैं तथा आमजन का शासन व्यवस्था पर विश्वास बढ़ा है। उन्होंने स्लाइड शो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। इसमें विद्यालयों के कायाकल्प, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, शिक्षक प्रशिक्षण तथा 'लर्निंग बाय डूइंग' जैसी नवाचारी शिक्षण पद्धतियों पर विशेष प्रकाश डाला गया।मुख्य अतिथि विवेकानंद मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि विगत 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन और विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। डिजिटल इंडिया, विकसित भारत, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस-वे, पर्यावरण संरक्षण तथा सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण जैसी अनेक योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र जब जनविश्वास और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ता है, तब विकास इतिहास बन जाता है। भाजपा नेता जगदीश शुक्ला ने कहा कि शिक्षक सदैव समाज में शिक्षा एवं संस्कार के संवाहक रहे हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# दुष्कर्म आरोपी के बचाव में आए ग्रामीण

- चौकी पर हंगामा पुलिस को करना पड़ा लाठी चार्ज
- हाफ एनकाउंटर कार्यवाही पर उठ रहे सवाल

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद में बृहस्पतिवार को उस समय अपरा तफरी मच गई जब एक साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के आरोपी के बचाव में ग्रामीणों ने थाना खुटार क्षेत्र की चांदपुर चौकी पर हंगामा कर दिया , ग्रामीणों ने हंगामा इस कदर किया कि पुलिस को मजबूरन महिलाओं पर तक लाठी चार्ज करना पड़ा इसके बावजूद ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ रोष देखने को मिल रहा है ग्रामीण पुलिस के हाफ एनकाउंटर पर सवाल उठा रहे हैं और आरोपी को निर्दोष बता रहे हैं पूरा मामला शाहजहांपुर जनपद के थाना खुटार क्षेत्र का है जहां एक साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गुड्डू शर्मा को गिरफ्तार किया था आरोप था उसने एक साल की मासूम के साथ दुष्कर्म किया है थाना खुटार पुलिस ने इस मामले में मासूम का डॉक्टरी परीक्षण भी कराया था चांदपुर चौकी का घेराव कर रहे ग्रामीणों का आरोप है कि गुड्डू शर्मा को गलत तरीके से मामले में फसाया गया है वहीं कुछ ग्रामीण रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला के चरित्र पर भी सवाल उठा रहे हैं ग्रामीण जब चांदपुर चौकी पर सैकड़ो की संख्या में हंगामा काट रहे थे तो माहौल इतना बिगड़ गया है की स्थिति पुलिस के कंट्रोल से बाहर हो गई आनन-फानन में अन्य थाने से पुलिस फोर्स बुलाई गई और वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने प्रदर्शनकारी महिला और पुरुषों पर लाठी चार्ज भी किया माहौल इतना खराब था कि महिलाएं भी अपने हाथ में डंडा लेकर प्रदर्शन में आई थी जो वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है इस संबंध में जब पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर सौरभ दीक्षित से अधिक जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया एक व्यक्ति को दुष्कर्म के मामले में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है जिसके पैर में गोली लगी है ग्रामीण उसके बचाव में हंगामा कर रहे हैं पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है जब पुलिस अधीक्षक से पूछा गया कि हंगामा कर रहे ग्रामीणों पर क्या कार्रवाई की जाएगी तो उन्होंने कहा इसकी जानकारी सीनियर पुलिस अधिकारी मीडिया सेल पर देंगे फिलहाल गांव में तनाव की स्थिति देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात है और पुलिस पूरे मामले पर निगरानी कर रही है उधर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भवरे ने बताया हरनाई के ग्राम प्रधान और उसके कुछ साथियों ने ग्रामीणों को गुमराह कर प्रदर्शन करवाया था उन पर थाना खुटार में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जिले का माहौल खराब करने वालों की तत्काल गिरफ्तारी हो : शकील

**सुल्तानपुर।** चांदा थाना क्षेत्र के परमापुर गांव में दो मुस्लिम युवकों के साथ कथित मारपीट और जबरन धार्मिक नारा लगवाने के वायरल वीडियो को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अंसारी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिले की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक और निंदनीय घटना है। किसी विशेष समुदाय को निशाना बनाकर भय और नफरत का माहौल बनाना संविधान और कानून दोनों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का नाम मर्यादा, प्रेम और न्याय का प्रतीक है, उनके नाम पर किसी व्यक्ति को अपमानित करना जबरन नारे लगवाना और मारपीट करना किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे तत्व समाज का माहौल खराब करने का काम कर रहे हैं। शकील अंसारी ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि 24 घंटे के भीतर इस घटना में शामिल सभी आरोपियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।

# काकोरी ट्रेन महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं अमर क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बिस्मिल पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल स्मारक पर भी पुष्प अर्पित कर देश की स्वतंत्रता के लिए दिए गए उनके अद्वितीय योगदान को याद किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पंडित राम प्रसाद बिस्मिल का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, साहस और बलिदान का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने देश को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका संघर्ष और बलिदान आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों के आदर्शों को आत्मसात कर ही राष्ट्र के विकास और प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा देशहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे महान क्रांतिकारियों के बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा एवं स्मारक पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके आदर्शों एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर कवि डॉ0 इंदु अजनबी, डॉ0 अवधेश मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# ट्रक और रोडवेज की आपस में भिड़ंत बस चालक की मौत

- हादसे में परिचालक सहित पांच घायल

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद में बीती रात्रि लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोडवेज और ट्रक की भिड़ंत में बस चालक की मौत हो गई वहीं परिचालक सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं बताया जाता है ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे से आ रही रुहेलखंड डिपो की रोडवेज बस ट्रक से टकरा गई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बरेली निवासी रोडवेज बस चालक प्रमोद की मृत्यु हो गई। जबकि परिचालक, दंपती व उनके पुत्र सहित पांच यात्री घायल हो गए बताया जाता है मृतक बुधवार रात बरेली से बस लेकर सीतापुर के लिए रवाना हुए थे। लगभग दो बजे धनेली पलटू गांव के पास पहुंचे तो आगे चल रहे गत्ते से लोड ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगा देने से तेज गति में आ रही बस पीछे से उसमें जा घुसी, जिसमें प्रमोद सहित सात लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां कुछ देर बाद प्रमोद की मृत्यु हो गई हादसे में फर्रुखाबाद निवासी परिचालक मुनेश, बस यात्री सीतापुर निवासी मुकेश कुमार उनकी पत्नी प्रीति, पुत्र सार्थक को हालत गंभीर होने पर राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।

जिनका वहां इलाज जारी है पुलिस के मुताबिक हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है।

## सगीर खान एडवोकेट जिला अल्पसंख्यक अधिवक्ता बार एसोसिएशन के संयोजक नामित



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** सिविल कोर्ट में अब्दुल नगीन खान एडवोकेट के चेम्बर पर जिला अल्पसंख्यक अधिवक्ता बार एसोसिएशन फिरोजाबाद का नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें जिला अल्पसंख्यक अधिवक्ता बार एसोसिएशन फिरोजाबाद के सयोंजक एडवोकेट सगीर खान ( ।सपह. ) को नामित किया गया।

सीनियर एडवोकेट नौशाद उद्दीन शेख को जिला अध्यक्ष सर्व सम्मती से बनया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता व वरिष्ठ अधिवक्ता नूर मोहम्मद साहब ने की।

प्रोग्राम में उपस्थित फीरोज आदिल एडवोकेट, अख्तर हुसैन एडवोकेट, आरिफ इकबाल एडवोकेट, अब्दुल नगीन खान एडवोकेट, अंसार अली मंसूरी एडवोकेट,शाह आलम अंसारी एडवोकेट, फरीद अहमद खान एडवोकेट, जाकिर अली एडवोकेट, फरमान कुरैशी एडवोकेट, शहनाज एडवोकेट, इब्राहीम एडवोकेट, आबिद अली एडवोकेट, अजहर अंसारी एडवोकेट, सद्दाम अली एडवोकेट, दानिश कुरैशी एडवोकेट, खुशहाल, नजर आदि उपस्थित रहे।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजन में समाधान योजना पर चर्चा

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** आयुक्त राज्य कर द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में अपर आयुक्त ग्रेड वन इटावा एच पी राव दीक्षित एवं संयुक्त आयुक्त कार्यपालक श्रीमती रोली निगम के मार्गदर्शन में 10 जून 2026 को राज्यकर विभाग फिरोजाबाद द्वारा आर जे सिटी प्लाजा टूंडला में व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिला, समाधान योजना, मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना, जीएसटी 2.0 सुधारों के लाभ और अन्य व्यापारिक समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सुश्री सृष्टि जैनए सहायक आयुक्त खंड.2 फिरोजाबाद ने रिटर्न दाखिला एवम रिफंड प्रक्रिया के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। राधा स्वामी मौर्य सहायक आयुक्त खंड.3 फिरोजाबाद ने जीएसटी् 2.0 के सुधारों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना का लाभ उठाने के लिए व्यापारियों को जागरूक किया। पुनीत द्विवेदी राज्यकर अधिकारी खंड-1 फिरोजाबाद द्वारा पंजीयन प्रक्रिया व नियम 14 के अंतर्गत त्वरित पंजीयन व्यवस्था की जानकारी दी गई। श्रीमती भावना तिवारी राज्य कर अधिकारी खंड.3 दारा समाधान योजना पर चर्चा की गई। संवाद कार्यक्रम के दौरान उक्त कार्यक्रम में व्यापारियों द्वारा प्राप्त सुझावों एवम समस्याओं का समाधान करते हुए राज्य कर विभाग फिरोजाबाद द्वारा उनके उचित निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम विभाग व व्यापारियों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने में उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन टूडंला व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दीपक चौधरी ने किया। कार्यक्रम में अनिल मैनेजर जिलाध्यक्ष्य व्यापार मंडल, विनोद गुप्ता एसतेंद्र जैन, मुन्ना लाला अग्रवाल, प्रशांत गुप्ताए राजू लावानिया, मनीष गुप्ता, सुनील जैन प्रदीप जैन, विनोद जैन, राजू उपाध्याय आजाद जैन, मनोज धाकरे, नरेंद्र गुप्ता, नरेंद्र शर्मा, विवेक, सतीश, पंकज जैन, संदीप जैन आदि व्यापारी एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महाकाल आश्रम से पूज्य मौनी महाराज ने किया चक्रवर्ती दंडवत परिक्रमा का शुभारंभ

- श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** आध्यात्मिक नगरी सुल्तानपुर में भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब शिव योगी पूज्य मौनी महाराज जी ने महाकाल आश्रम, सीता कुंड धाम से चक्रवर्ती दंडवत परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए तथा पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा। पूज्य मौनी महाराज जी दंडवत परिक्रमा करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। यात्रा महाकाल आश्रम से प्रारंभ होकर दीवानी चौराहा, डाकखाना चौराहा, शाहगंज चौराहा तथा चौक घंटाघर होते हुए रामलीला मैदान स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंची। यात्रा मार्ग के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने महाराज जी का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। रामलीला मैदान स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंचने के पश्चात पूज्य मौनी महाराज जी ने भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया तथा जनकल्याण एवं विश्व शांति की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## सड़क पर धान की बुवाई कर जताया विरोध, जर्जर सड़क से लोगों में आक्रोश

**सुलतानपुर।** अयोध्या-प्रयागराज राज्यमार्ग स्थित कटका बाजार में सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। सड़क की बदहाल स्थिति से नाराज स्थानीय लोगों ने गुरुवार को सड़क पर धान की बुवाई कर विरोध प्रदर्शन किया और जिम्मेदार विभागों का ध्यान समस्या की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि कटका बाजार की सड़क लंबे समय से गड्ढों में तब्दील है। आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मिनाजिव अजीम वारसी पुत्र हमीद खां, निवासी गली नं. 7/3, शीतल खां, जनपद फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश-283203 (आयु लगभग 40 वर्ष) का निवासी हूँ।

मेरे पिता का पूर्व नाम अब्दुल हमीद था, जिसे मेरे पिताजी ने परिवर्तित कर अपना नाम हमीद खां रख लिया है। अब्दुल हमीद एवं हमीद खां एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य में मेरे पिताजी को हमीद खां के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह समाचार प्रकाशन के निर्धारित समय के भीतर संबंधित पक्ष के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा बाद में किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी०एण्डडब्ल्यू० लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 289–Mech-CWUpLaundryLKO26 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 06.07.2026, 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| कार्य का नाम | सेटिंग अप आफ इन्फ्रास्ट्रक्चर फार लिनेन मैनेजमेन्ट फैसिलिटीज ऐट लखनऊ कोचिंग डिपो एन आर। | | |
|---|---|---|---|
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 06.07.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 15.06.2026 |
| प्री बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | 6,43,35,024.10 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी०एण्डडब्ल्यू० |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | %एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रु.) | 12,86,700.00 | आफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 120 Days from the date of handing over of clear site to the contractor by the Railways. |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 22.06.2026 | | |

सं.: 289-Mech-CWUpLaundryLKO26 दिनांकः– 11.06.2026 1995/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय : जिलाधिकारी, लखनऊ।

पत्र संख्या : 369/अ0जि0अ0(भू0अ0)/न0म0पा0-1, लखनऊ दिनांक : 04 जून 2026

**{ नियम-3 का उपनियम (1) }**

**सामाजिक समाधात निर्धारण की प्रारंभिक अधिसूचना**

**एस0आई0ए0 अधिसूचना**

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 (भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली 2016 के नियम 3 (1) के अधीन राज्यपाल सर्वसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित करते है कि नीचे अनुसूची में उल्लिखित भूमि को लोक प्रयोजन अर्थात लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ से संचालित वरूण विहार आवासीय योजना भाग-5 हेतु ग्राम सकरा की प्रस्तावित भूमि स्थाई रूप से आवश्यकता है।

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के प्रावधान के अन्तर्गत भूमि अर्जन की कार्यवाही से पूर्व चयनित एजेन्सी द्वारा लोक हित में सामाजिक समाघात आंकलन (Social Impact Assessment) व सामाजिक प्रबन्धन योजना तैयार किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

- अपेक्षक निकाय का नाम — लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ
- प्रस्तावित भूमि के अर्जन का उद्देश्य — लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ की वरूण विहार योजना का सम्पूर्ण विकास
- संगठन जिसके द्वारा अध्ययन किया जायेगा — गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश
- संगठन का संपर्क विवरण — रजिस्ट्रार, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश; ई-मेल आई.डी. registrar@gbu.ac.in; फोन नं. 01202344213
- भूमि का विवरण

| क्र. सं. | जिला | तहसील | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | अर्जन हेतु प्रस्तावित कुल क्षे. (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 864 | 0.2020 |
| 2 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 865 | 0.0310 |
| 3 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 866 | 0.7190 |
| 4 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 867 | 0.1070 |
| 5 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 870 | 0.0690 |
| 6 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 871 | 0.0760 |
| 7 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 872 | 0.6000 |
| 8 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 873 | 0.0190 |
| 9 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 874 | 2.0280 |
| 10 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 876 | 0.1280 |
| 11 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 877 | 0.1290 |
| 12 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 878 | 0.2710 |
| 13 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 880ख | 0.0890 |
| 14 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 880स | 0.2530 |
| 15 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 880स | 0.2530 |
| 16 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 880स | 0.3790 |
| 17 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 880स | 0.0820 |
| 18 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 881 | 0.2530 |
| 19 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 882 | 0.1320 |
| 20 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 883 | 0.7080 |
| 21 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 884मि | 0.2340 |
| 22 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 884मि0 | 0.0630 |
| 23 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 884स | 0.0860 |
| 24 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 884स | 0.0460 |
| 25 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 884स | 0.1210 |
| 26 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 885 | 0.2340 |
| 27 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 886स | 0.9360 |
| 28 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 887स | 0.3980 |
| 29 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 888 | 0.0130 |
| 30 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 889क | 0.0380 |
| 31 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 889स | 0.0130 |
| 32 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 889स | 0.7140 |
| 33 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 890 | 0.0060 |
| 34 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 890क | 0.1390 |
| 35 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 891 | 0.2840 |
| 36 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 892 | 0.0090 |
| 37 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 893क | 0.2530 |
| 38 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 894 | 0.0090 |
| 39 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 895स | 0.0190 |
| 40 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 897 | 0.0090 |
| 41 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 898मि0 | 0.4430 |
| 42 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 898स | 0.0380 |
| 43 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 98स | 0.0760 |
| 44 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 898स | 0.2240 |
| 45 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 898स | 0.2250 |
| 46 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 898स | 0.2670 |
| 47 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 898स | 0.3170 |
| 48 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 898स | 0.3950 |
| 49 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 898स | 0.4010 |
| 50 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 899 | 1.4670 |
| 51 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 900 | 0.3790 |
| 52 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901 | 0.3490 |
| 53 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901मि | 0.7590 |
| 54 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901मि0 | 0.1900 |
| 55 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901स | 0.5190 |
| 56 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901स | 0.9840 |
| 57 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901स | 0.0380 |
| 58 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901स | 0.0820 |
| 59 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901स | 0.2440 |
| 60 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901स | 0.2530 |
| 61 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901स | 0.2820 |
| 62 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 901स | 0.3470 |
| 63 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 902 | 0.0820 |
| 64 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 903स | 0.2190 |
| 65 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 903स | 0.2450 |
| 66 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 903स | 0.0600 |
| 67 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 903स | 0.4350 |
| 68 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 905 | 0.0130 |
| 69 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 906क | 0.0250 |
| 70 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 906स | 0.0250 |
| 71 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 907क | 0.2530 |
| 72 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 907स | 0.3760 |
| 73 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 908 | 0.0310 |
| 74 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 909 | 0.1700 |
| 75 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 910 | 0.1260 |
| 76 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 912मि0 | 0.3160 |
| 77 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 912स | 0.2870 |
| 78 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 912स | 0.4220 |
| 79 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 913 | 0.1070 |
| 80 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 914 | 0.0700 |
| 81 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 915 | 0.2320 |
| 82 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 917 | 0.3070 |
| 83 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 917ख | 0.4680 |
| 84 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 918 | 0.0010 |
| 85 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 919 | 0.0020 |
| 86 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 920 | 0.0010 |
| 87 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 921 | 0.3390 |
| 88 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 924 | 0.0250 |
| 89 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 925स | 0.6320 |
| 90 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 925स | 0.3100 |
| 91 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 925स | 0.3100 |
| 92 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 926 | 0.0440 |
| 93 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 927 | 0.1520 |
| 94 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 928 | 0.7820 |
| 95 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 929 | 0.1070 |
| 96 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 930क | 0.1260 |
| 97 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 930स | 0.4510 |
| 98 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 931क | 0.0590 |
| 99 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 932 | 0.0510 |
| 100 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 933 | 0.0130 |
| 101 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 934 | 0.6180 |
| 102 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 935 | 0.2360 |
| 103 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 936 | 0.5880 |
| 104 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 937 | 0.0910 |
| 105 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 938 | 0.2210 |
| 106 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 939 | 0.1850 |
| 107 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 941 | 0.3790 |
| 108 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 942 | 0.3530 |
| 109 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 943 | 0.8790 |
| 110 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 945 | 0.0130 |
| 111 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 947 | 0.0060 |
| 112 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 949 | 0.0190 |
| 113 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 951 | 0.3670 |
| 114 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 955 | 0.1960 |
| 115 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 956 | 0.1260 |
| 116 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 958स | 0.1960 |
| 117 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 959 | 0.0250 |
| 118 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 960ख | 1.1070 |
| 119 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 960क | 0.1260 |
| 120 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 961 | 0.0660 |
| 121 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 962स | 0.0510 |
| 122 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 966ख | 0.1390 |
| 123 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 966क | 0.1400 |
| 124 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 966ग | 0.2800 |
| 125 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 967 | 0.0060 |
| 126 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 967क | 0.0060 |
| 127 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 968 | 0.0380 |
| 128 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 968 | 0.0570 |
| 129 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 969 | 0.0250 |
| 130 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 969 | 0.2280 |
| 131 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 970 | 0.0380 |
| 132 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 971ख | 0.0040 |
| 133 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 971क | 0.0050 |
| 134 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 972 | 0.0018 |
| 135 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 975 | 0.2690 |
| 136 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 976 | 0.1770 |
| 137 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 977 | 0.2690 |
| 138 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 978 | 1.0980 |
| 139 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 980स | 0.8510 |
| 140 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 980स | 0.1610 |
| 141 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 981 | 0.0310 |
| 142 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 982 | 0.0310 |
| 143 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 983स | 0.0480 |
| 144 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 983स | 0.1700 |
| 145 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 983स | 0.1550 |
| 146 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 983स | 0.2750 |
| 147 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 983स | 0.4460 |
| 148 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 984 | 0.2780 |
| 149 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 985ख | 0.0250 |
| 150 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 985क | 0.0950 |
| 151 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 986 | 0.0130 |
| 152 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 988 | 0.0130 |
| 153 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 989 | 0.0910 |
| 154 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 990 | 0.1640 |
| 155 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 991 | 0.0510 |
| 156 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 992 | 0.0310 |
| 157 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 993 | 0.0130 |
| 158 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 994 | 0.0440 |
| 159 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 995 | 0.0090 |
| 160 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 996 | 0.2530 |
| 161 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 997ख | 0.3160 |
| 162 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 997क | 0.0790 |
| 163 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 997स | 0.4290 |
| 164 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 998 | 0.2560 |
| 165 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 999क | 0.2530 |
| 166 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 1000 | 0.0270 |
| 167 | लखनऊ | सरोजनीनगर | सकरा | 1002 | 0.2170 |
| कुल योग हेक्टेयर में | | | | | 39.5588 |
| कुल योग एकड़ में | | | | | 97.7519 |

1. प्रस्तावित योजना, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ से संचालित वरूण विहार आवासीय योजना के सम्पूर्ण विकास से सम्बन्धित है।
2. उक्त योजना हेतु प्रस्तावित भूमि का अर्जन, लखनऊ विकास प्राधिकरण के पक्ष में जनपद लखनऊ के सुनियोजित विकास हेतु किया जा रहा है।
3. अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित भूमि, परियोजना के प्रस्ताव के लिए नितान्त आवश्यक है तथा अन्य कोई विकल्प विस्थापन विकल्प उपलब्ध नहीं है।
4. सामाजिक समाघात का निर्धारण अधिकतम 50 दिनों के अन्दर पूर्ण कराया जाना है।

**टिप्पणी :** उक्तयोजना सम्बन्धी विस्तृत विवरण कार्यालय अपर जिलाधिकारी (भूमि अर्जन), नगर महापालिका- प्रथम, 6 जगदीश चन्द्र बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ में सभी कार्य दिवसों में देखा जा सकता है।

**कलेक्टर**
**लखनऊ।**
**(भूमि अर्जन प्रयोजनार्थ)**

UPID-252403 Dated-10-06-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था की बैठक



■ जुलूस मार्गों पर साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, बैरिकेडिंग व अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थायें सुनिश्चित : अनुनय झा

■ मोहर्रम के दौरान संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी : अशोक कुमार मीणा

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद सभागार में आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मोहर्रम के अवसर पर सभी आयोजन परंपरागत एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग तथा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही विद्युत विभाग को ढीले तारों एवं अन्य संभावित खतरों को समय से दूर करने के लिए कहा गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि मोहर्रम के दौरान संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। बैठक में उपस्थित ताजियादारों एवं धर्मगुरुओं ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता एवं आपसी सद्भाव का भी संदेश देता है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करें ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम, हरदोई।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बिलग्राम कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी विजय कुमार ने की।

जिसमें नगर के ताजियादारों, मोहर्रम कमेटियों के पदाधिकारियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मोहर्रम जुलूसों के मार्ग, समय, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजकों से जुलूस के उठने के स्थान, निर्धारित रूट, समय तथा अनुमानित भीड़ की जानकारी ली गई, ताकि प्रशासन द्वारा समुचित सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जा सकें। कोतवाल विजय कुमार ने सभी कमेटी पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों के युवाओं को जागरूक करें और उन्हें अनुशासन एवं कानून व्यवस्था का पालन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, विवादित गतिविधि या माहौल खराब करने वाली हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से भी बचने की सलाह दी गई। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि मोहर्रम के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे और सभी जुलूस परंपरागत तरीके से शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाएंगे। बैठक में मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# पत्नी का फोन नहीं उठाया तो खुला राज, किराए के कमरे में मृत मिले ग्राम पंचायत अधिकारी

■ फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत के कारणों का खुलासा



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मराठीपुरा में उस समय सनसनी फैल गई जब विकास खंड मौदहा में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी राजू सिंह पटेल का शव उनके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों एवं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजू सिंह पटेल मूल रूप से प्रयागराज जनपद के नैनी क्षेत्र के निवासी थे तथा वर्ष 2018 से विकास खंड मौदहा में तैनात थे। वह वर्तमान में ग्राम पंचायत कुनहेटा, हिमौली एवं लदारपारा सहित अन्य ग्राम पंचायतों का कार्य देख रहे थे। वह नगर के मोहल्ला मराठीपुरा में किराए के मकान में अकेले रहते थे। बताया जाता है कि उनकी पत्नी ने कई बार फोन किया, लेकिन संपर्क न होने पर उन्होंने सहायक ग्रीस चंद्र को सूचना दी। सहायक जब कमरे पर पहुंचे तो काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। अंदर जाकर देखा गया तो राजू सिंह का शव प्लास्टिक की रस्सी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई।

मामले को उस समय और रहस्यमयी माना जाने लगा जब घटनास्थल पर सीलिंग फैन नीचे रखा मिला, जबकि शव उसी हुक से लटका था जहां पहले पंखा लगा हुआ था। इस परिस्थिति को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी, कोतवाली पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

मृतक अपने पीछे पत्नी और एक पुत्र को छोड़ गए हैं। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

# 12 वर्षों में भारत ने विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं: सरिता भदौरिया

**वहाज अली 'निहाल'**

■ इटावा के अंगोछा, बेडशीट एवं खीरमोहन जैसे स्थानीय उत्पादों को भी नई पहचान मिली है



**इटावा।** सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक संचालित व्यापक जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत उद्यमी संवाद कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं और आने वाले समय में विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर और अधिक सशक्त होकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश के अनेक स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान मिली है। बनारस की साड़ी, फिरोजाबाद की चूड़ियों की तरह इटावा के अंगोछा, बेडशीट एवं खीरमोहन जैसे स्थानीय उत्पादों को भी नई पहचान मिली है, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि सेवायोजन विभाग, कौशल विकास विभाग तथा अन्य सरकारी योजनाएं युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विधायक ने कहा कि आज ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते अवसर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। सरकार ने कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए हैं। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 5, 805 लाभार्थियों को कुम्हार, हलवाई, राजमिस्त्री, दर्जी, बढ़ई एवं लोहार ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। ओडीओपी वित्त पोषण योजना के अंतर्गत 392 लाभार्थियों को 40 करोड़ 58 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 270 युवाओं को 25 करोड़ 82 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत पिछले 18 माह में 1, 937 युवाओं को 74 करोड़ 55 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले एक दशक में उद्यमिता को व्यापक बढ़ावा मिला है तथा युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। उद्योग विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाएं युवाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने से निवेश एवं उद्योगों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है।

जिलाधिकारी ने कहा कि भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति है, जिसे कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षित कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से नवीन विचारों एवं नवाचार के साथ आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि केवल दूसरों की नकल करने के बजाय नए विचारों के साथ कार्य करने पर सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया। साथ ही एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी)योजना के तहत लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की गई, जिससे वे अपने कौशल को विकसित कर रोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसर प्राप्त कर सकें। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लाभार्थियों से योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, हरि नारायण बाजपेई, जनप्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, मोहित मनोहर सिंह संस्कृत पर्यटन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग आत्मदेव शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रमेश यादव ने कथा वाचक का किया सम्मान



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** रमेश यादव जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगला प्राण में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ मधुर सरस कथा वाचक आचार्य सुभाष भाई को अंग वस्त्र भेंट कर फूल माला व पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। भूतपूर्व सैनिक के लोगो ने भी आचार्य जी का सम्मान करके संतो का आशीर्वाद पाया। श्री श्री 1008 श्री महांत गोपाल दास जी, बाबा श्री गोपाल शरण जी, बाबा श्री निर्मल दास जी संतो ने कहा देश व प्रदेश के हित में भगवान की कथाएं व हवन होते रहे। प्रधानमंत्री व प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से अनुरोध है कि जनहित में कार्य करते हुए महंगाई पर रोक लगाए। विदेशों में जो युद्ध चल रहे है, उस पर भारत को भी शांतिपूर्वक सहयोग कराना चाहिए। तभी भारत विश्व गुरु वन सकता है महंगाई पर रोक लग सकती है। इस शुभ अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## राजेंद्र भसीन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष राजेंद्र भसीन का जन्मदिन केक काटकर एवं अंगवस्त्र व माला पहनाकर साई आर्ट्स एवं स्पोर्ट्स निकट शास्त्री चौराहा पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान,जिला मीडिया प्रभारी/जिला उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कनौजिया, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के महामंत्री वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मिश्रा, जिला संगठन मंत्री चन्द्र मोहन सिंह राजावत आदि के द्वारा उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया। श्री भसीन के जन्मदिन पर दिन भर बधाइयों देने वालों का ताँता लगा रहा, उनके शुभ चिंतको ने सोशल मीडिया पर भी खूब बधाई दी।

## दिव्यांग छात्र की पीड़ा सुन भावुक हुए जिलाधिकारी

**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के समक्ष मानवता और संवेदनशीलता का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। जनसुनवाई में प्राथमिक विद्यालय बंजरिया के छात्र रवि पटेल पुत्र कमलेश पटेल ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग है तथा कक्षा-5 की छात्रवृत्ति की धनराशि अभी तक उसे प्राप्त नहीं हुई है। दिव्यांग छात्र की स्थिति को देखकर जिलाधिकारी गौड़ ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारियों को छात्र को तुरंत ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से रवि पटेल को ट्राइसाइकिल प्रदान की। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि छात्र की लंबित छात्रवृत्ति की धनराशि का तत्काल सत्यापन कर उसे उसके बैंक खाते में प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी की इस संवेदनशील एवं मानवीय पहल से छात्र रवि तथा उसके परिजनों के चेहरे पर खुशी झलक उठी।

# राज्य स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल में परखी गई आपदा प्रबंधन की तैयारियां

**अवधनामा संवाददाता**

■ बाढ़ राहत, बचाव और चिकित्सा व्यवस्थाओं का हुआ सफल प्रदर्शन



**हमीरपुर।** जनपद में संभावित बाढ़ आपदा से निपटने के लिए गुरुवार को राज्य स्तरीय बाढ़ मॉक एक्सरसाइज-2026 का सफल आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देशन में आयोजित इस अभ्यास में विभिन्न विभागों की तैयारियों, संसाधनों की उपलब्धता और आपसी समन्वय क्षमता का परीक्षण किया गया।

अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं इंसीडेंट कमांडर राकेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान केसरिया का डेरा क्षेत्र में बाढ़ का पानी घुसने की काल्पनिक सूचना पर पूर्व चेतावनी प्रणाली को सक्रिय कर प्रभावित परिवारों की सुरक्षित निकासी का प्रदर्शन किया गया। राजस्व, पुलिस, होमगार्ड तथा आपदा मित्रों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य संचालित कर लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया।

इसी क्रम में बेतवा पुल के नीचे एक व्यक्ति के डूबने की काल्पनिक सूचना पर पुलिस, पीएसी बाढ़ राहत दल, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गोताखोरों एवं आपदा मित्रों ने संयुक्त खोज एवं बचाव अभियान चलाया। रेस्क्यू टीम ने व्यक्ति को सुरक्षित निकालकर सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार दिया और बाद में उसे फील्ड हॉस्पिटल भेजा गया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुछेछा में स्थापित फील्ड हॉस्पिटल में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों के पंजीकरण, ट्रायेज, प्राथमिक उपचार, औषधि वितरण और रेफरल व्यवस्था का प्रदर्शन किया। राहत शिविर में प्रभावित लोगों के पंजीकरण, भोजन, पेयजल, राहत सामग्री वितरण और स्वच्छता प्रबंधन की व्यवस्थाएं भी प्रदर्शित की गईं। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अस्थायी बाढ़ कैम्प स्कूल तथा पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा एवं राहत शिविर का संचालन किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान स्टेजिंग एरिया में जेसीबी, एम्बुलेंस, जनरेटर और पेयजल टैंकर सहित विभिन्न संसाधनों की उपलब्धता का प्रदर्शन किया गया। साथ ही ड्रोन सर्विलांस, संचार व्यवस्था, मीडिया समन्वय एवं सूचना प्रसारण प्रणाली की कार्यक्षमता भी परखी गई।

समापन पर आयोजित डी-ब्रीफिंग सत्र में विभिन्न विभागों की स्थिति रिपोर्ट की समीक्षा कर आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के सुझावों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने सभी विभागों, अधिकारियों, कर्मचारियों, आपदा मित्रों एवं स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभ्यास वास्तविक आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी राहत-बचाव कार्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# सुहासिनी संघ की गतिविधियों की समीक्षा



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल के प्रवास के दौरान उत्तरा महिला क्लब की अध्यक्षा सीमा कौशिक ने सुहासिनी संघ की विभिन्न गतिविधियों एवं जनकल्याणकारी पहलों की समीक्षा की तथा महिला क्लब की सामान्य सभा (जनरल बॉडी मीटिंग) की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उनका स्वागत निशी सिन्हा, प्रभारी, वेलफेयर विंग, सुहासिनी संघ तथा महिला क्लब की वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया। अपने दौरे के दौरान कौशिक ने सुहासिनी संघ द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता की सराहना की। उनके सम्मान में सुहासिनी संघ, बाल भवन एवं वेलफेयर विंग के सदस्यों द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ एक भावपूर्ण गीत-संगीत प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर आयोजित पट्टचित्र कार्यशाला के प्रतिभागियों को भी सीमा कौशिक द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, उत्साह एवं भारतीय पारंपरिक कला के संरक्षण हेतु उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में सुहासिनी संघ की सतत प्रतिबद्धता का एक प्रेरणादायी उदाहरण रहा।

# एनटीपीसी विंध्याचल में संस्कृति, संगीत और आत्मीयता से सजी यादगार संध्या

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल के उमंग भवन में 10 जून 2026 को क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एवं सीईओ (एनएसपी सीएल) दिवाकर कौशिक तथा उत्तरा महिला क्लब की अध्यक्ष सीमा कौशिक के सम्मान में एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के आत्मीय स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर किशोर कुमार होता, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) सहित ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा), देबव्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (टीएस एवं प्रोजेक्ट्स), रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), एसएमसी सदस्य तथा लेडीज़ क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान जेम 2026 की चार सप्ताह की यात्रा, उपलब्धियों और भावनात्मक पलों पर आधारित एक विशेष फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और पूरे समारोह को प्रेरणादायी स्वर प्रदान किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत सुहासिनी संघ के वेलफेयर विंग द्वारा प्रस्तुत बंगाली थीम पर आधारित स्वागत नृत्य से हुई। इसके बाद मुकेश कश्यप, अपर महाप्रबंधक (एमजीआर), टी. आर. राधिश, अपर महाप्रबंधक (सतर्कता), सौरव कुमार साहू, प्रबंधक (सी एंड आई) तथा रविन्द्र मिश्रा, सहायक (मानव संसाधन) ने अपनी मधुर गायकी से समां बांध दिया। वहीं सौरभ बनौधा, उप महाप्रबंधक (आईटी) की मनमोहक बांसुरी वादन प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में वीवा क्लब की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य एवं वीवा क्लब के सदस्यों द्वारा प्रदर्शित ऊर्जावान स्केटिंग डांस भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।अपने संबोधन में दिवाकर कौशिक ने सभी कलाकारों एवं आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी के जीवन की वास्तविक आत्मा उसकी टाउनशिप और सामुदायिक संस्कृति में बसती है। कार्यक्रम को और भी यादगार बनाते हुए उन्होंने स्वयं एक मधुर गीत प्रस्तुत किया तथा अपने पुत्र श्री राघव कौशिक, जो मुंबई स्थित एक संगीत कलाकार हैं, की अप्रकाशित संगीत रचना भी श्रोताओं को सुनाई। मानव संसाधन, टीएडी एवं आईटी विभागों के उत्कृष्ट समन्वय से आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या संगीत, संस्कृति और सामुदायिक एकता का अनुपम उत्सव बन गई, जिसकी मधुर स्मृतियां लंबे समय तक सभी के मन में बनी रहेंगी।

# ई. रिक्शा व बाइक मे सीधी टक्कर से बाइक में लगी आग

**अवधनामा संवाददाता**

**बाइक चालक झुलसा**

**मौदहा (हमीरपुर)।** मुस्करा थाना क्षेत्र के हुसैना गांव के पास गुरुवार सुबह ई-रिक्शा और बाइक में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इस घटना में बाइक के नीचे दबकर युवक गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से घायल को सीएचसी मुस्करा लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।ई-रिक्शा चालक को भी हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। उमरी गांव निवासी गोविंद 25 वर्ष हुसैना गांव में चल रहे यज्ञ में जा रहा था। तभी गांव से पहले सामने से आ रहे ई-रिक्शे से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा और बाइक दोनों में आग लग गई। बाइक के नीचे दब जाने से बाइक चालक बुरी तरह से झुलस गया। उसकी कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह से जल गया है। जबकि ई-रिक्शा चालक कपिल यादव निवासी हुसैना को भी हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक सवार गोविंद को तत्काल सीएचसी मुस्करा पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद परिजन उसे मेडिकल कॉलेज उरई लेकर जा रहे थे, लेकिन डॉक्टरों के अनुसार गोविंद की हालत गंभीर होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। मुस्करा थाना प्रभारी ने बताया कि डायल-112 के माध्यम से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि इमिलिया-हुसैना मार्ग पर ई-रिक्शा एवं मोटरसाइकिल के मध्य सड़क दुर्घटना हो गई है। सूचना प्राप्त होते ही पीआरबी एवं मुस्करा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जहां ई-रिक्शा चालक कपिल पुत्र रामखिलावन निवासी ग्राम हुसैना थाना मुस्करा तथा मोटरसाइकिल चालक गोविंद प्रजापति पुत्र झंडू निवासी ग्राम उमरी, थाना बिवांर दुर्घटना में घायल हो गए थे। दुर्घटना के परिणामस्वरूप मोटरसाइकिल में आग लग जाने से वह पूर्णतः जल गई तथा ई-रिक्शा का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया।पुलिस द्वारा गंभीर घायल गोविंद प्रजापति को परिजनों के सहयोग से एंबुलेंस द्वारा उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा भिजवाया गया। जहां से उसे रिफर किया गया है।

# एनटीपीसी विंध्याचल की सुहासिनी संघ ने दिव्यांगजनों और बच्चों के जीवन में भरी नई उम्मीद

**अवधनामा संवाददाता**




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल की समावेशी एवं संवेदनशील सामुदायिक विकास की प्रतिबद्धता के तहत एक सार्थक नैगम सामाजिक दायित्व पहल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तरा महिला क्लब की अध्यक्षा सीमा कौशिक, सुहासिनी संघ वेलफेयर विंग की प्रभारी निशी सिन्हा, सुहासिनी संघ की महासचिव शिल्पा कोहली तथा लेडीज़ क्लब की वरिष्ठ सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (DDRC) का भ्रमण किया, जहां विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों को आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से एक ट्राइसाइकिल, दो श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) तथा एक कृत्रिम अंग (आर्टिफिशियल लिम्ब) वितरित किए गए। कार्यक्रम में कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा माहताब आलम, उप महाप्रबंधक (सीएसआर/आर एंड आर) भी उपस्थित रहे।

इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने एनटीपीसी विंध्याचल के सहयोग से संचालित ओपन शेल्टर का भी दौरा किया। यह पहल वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। इसके माध्यम से बच्चों को शिक्षा, कौशल विकास, डे-केयर सहायता, जीवन कौशल प्रशिक्षण, नैतिक मूल्यों एवं समग्र देखभाल का लाभ प्रदान किया जाता है, जिससे वे सामाजिक एवं आर्थिक बाधाओं को पार कर मुख्यधारा से जुड़ सकें।

भ्रमण के दौरान अतिथियों ने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया तथा उन्हें चॉकलेट वितरित कर खुशियों की सौगात दी। बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने इस पहल को और अधिक भावनात्मक एवं प्रेरणादायी बना दिया।

ऐसी मानवीय एवं संवेदनशील सीएसआर पहलों के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास और सम्मान की रोशनी पहुंचाने के अपने संकल्प को निरंतर साकार कर रहा है। संस्था समावेशी, सशक्त एवं संवेदनशील समाज के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है, जहां हर व्यक्ति को गरिमा, अवसर और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो।

# यूपी में 3 दिन आंधी, वज्रपात और भारी बारिश का अलर्ट

■ प्रयागराज समेत इन जिलों में 80 किमी/घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के लिए प्रभाव आधारित मौसम पूर्वानुमान एवं चेतावनी जारी करते हुए अगले तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश, आंधी, वज्रपात तथा कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और भारी वर्षा की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 11 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

12 जून को दोनों क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है, जबकि 13 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं बारिश होने का अनुमान है। विभाग ने 11 जून के लिए राज्य के कई जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने तथा झोंकों में इसकी गति 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की चेतावनी जारी की है।

इसके अलावा कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और भारी वर्षा की भी आशंका व्यक्त की गई है। जिन जिलों में 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है उनमें प्रयागराज, कौशांबी, चित्रकूट, फतेहपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, बरेली, रामपुर, पीलीभीत, झांसी तथा ललितपुर सहित अनेक जिले शामिल हैं। वहीं मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और पीलीभीत में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है।

मौसम विभाग ने 12 जून को भी प्रदेश के कई हिस्सों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने तथा वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही आगरा, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, फिरोजाबाद, झांसी और आसपास के क्षेत्रों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है।

13 जून को बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, जौनपुर, गाजीपुर, सहारनपुर, बुलंदशहर, आगरा, झांसी और आसपास के क्षेत्रों में मेघगर्जन के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं।

### मौसम विभाग ने लोगों को दी यह सलाह

मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान घरों के भीतर रहने, पेड़ों के नीचे शरण न लेने, अनावश्यक यात्रा से बचने तथा बिजली के उपकरणों को सुरक्षित रखने की सलाह दी है। साथ ही नदियों, तालाबों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने तथा गड्ढों एवं पोखरों में स्नान न करने की अपील की गई है। कृषि क्षेत्र के लिए जारी सलाह में किसानों से फसलों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करने, तेज हवाओं के दौरान कीटनाशकों का छिड़काव न करने तथा बागवानी एवं सब्जी फसलों को सहारा देने के उपाय अपनाने को कहा गया है।

# जनता को न लगाने पड़ें सरकारी दफ्तरों के चक्कर : सुरेंद्र दिलेर

■ योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति पर की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो




### सुशासन को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम

बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों और लंबित मामलों की जानकारी प्रस्तुत की गई। समीक्षा के दौरान कार्यों में तेजी लाने, समन्वय बढ़ाने तथा जनसेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निर्देश जारी किए गए। बैठक में राजस्व परिषद, राहत आयुक्त कार्यालय, चकबंदी विभाग, भू-अध्याप्ति निदेशालय और अन्य संबंधित इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**लखनऊ।** प्रदेश में राजस्व विभाग को अधिक प्रभाव और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को एनेक्सी भवन में राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के राज्यमंत्री (राजस्व) सुरेंद्र दिलेर ने की। इस दौरान विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में भूमि संबंधी विवादों, चकबंदी कार्यों, भू-अध्याप्ति परियोजनाओं, राजस्व अभिलेखों के अद्यतन, लंबित प्रकरणों के निस्तारण और आमजन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यमंत्री सुरेंद्र दिलेर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाएं। राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राजस्व विभाग को तकनीक-सक्षम, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने के लिए निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। हमारी कोशिश है कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और प्रत्येक राजस्व सेवा निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध हो।

# शहीद पथ पर लुलु मॉल के पास बनेगा 100 मीटर लंबा स्काई वॉक

■ शहर वासियों को आईकॉनिक अर्बन स्पेस देगा यह फुट ओवरब्रिज

■ अर्बन स्पेस के रूप में होगा विकसित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) शहीद पथ पर लुलु मॉल के पास स्काई वॉक (फुट ओवरब्रिज) बनाएगा। 100 मीटर लंबा व पांच मीटर चौड़ा यह फुट ओवरब्रिज लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन देगा। साथ ही अपनी आईकॉनिक डिजाइन से एक बेहतरीन अर्बन स्पेस के रूप में सामने आएगा।

गुरुवार को एलडीए ने पीपीपी मोड पर फुट ओवरब्रिज के निर्माण के लिए एक निजी कंपनी के साथ करार किया है। इसके निर्माण में लगभग 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे जो कंपनी द्वारा किया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की अध्यक्षता में हुई एक अहम बैठक में परियोजना का प्रेजेंटेशन दिया गया। इसमें फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए हरी झंडी दी गई।

उपाध्यक्ष ने बताया कि शहीद पथ पर लुलु मॉल के पास आधुनिक फुट ओवरब्रिज के निर्माण की कार्ययोजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। इससे शहीद पथ जैसे व्यस्त मार्ग पर पैदल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं बाधारहित आवागमन उपलब्ध होगा। फुट ओवरब्रिज में यात्रियों की सुविधा के लिए सीढ़ियों के अलावा लिफ्ट का भी प्रावधान किया गया है। इससे वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग एवं महिलाओं को विशेष सुविधा होगी। लोक निर्माण विभाग, ट्रैफिक पुलिस, लेसा व लुलु मॉल प्रबंधन के साथ बैठक करके निर्माण प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

## भूमि सब्सिडी प्रतिपूर्ति हेतु 3.99 अरब मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के माध्यम से प्रदेश को देश के अग्रणी औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में औद्योगिक निवेश एवं रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने हेतु उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) को 3,99,36, 22,551 रूपये (रूपये तीन अरब निन्यानबे करोड़ छत्तीस लाख बाईस हजार पांच सौ इक्यावन मात्र) की फ्रंट एंड लैंड सब्सिडी प्रतिपूर्ति के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति दो प्रमुख औद्योगिक इकाइयों को आवंटित भूमि पर दी गई 75 प्रतिशत छूट की प्रतिपूर्ति के लिए प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत एसेंट-के सर्किट्स प्राइवेट लिमिटेड को अनुमन्य 55.28 करोड़ रूपये तथा अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को अनुमन्य 344.08 करोड़ की राशि शामिल है।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी में स्कॉलर समिट 2026 का समापन

■ सीयूसीईटी स्कालरशिप प्राप्त करने वाले यूपी, बिहार व झारखंड के छात्रों को किया गया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** देश की पहली एआई ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में दो दिवसीय सीयू स्कॉलर समिट 2026 का आयोजन किया गया। इस समिट में 1500 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इनमें मुख्यतः उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड के विद्यार्थी शामिल हैं।

दरअसल, यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित सीयूसीईटी (चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) के माध्यम से 50 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप देने की घोषणा की थी। इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप मिली है। इन्हीं प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान करने के लिए सीयू स्कॉलर समिट का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि को तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय शामिल हुए। इस अवसर पर विशेष तौर पर राज्यसभा सांसद व चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू, प्रो. (डॉ.) विनीत कुमार नायर, वाइस चांसलर, सीयू यूपी समेत चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी के प्रो वाइस चांसलर प्रो डॉ टीपी सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री, योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में आकर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। यह केवल एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को खोजने, उन्हें तराशने और राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने का एक उत्कृष्ट केंद्र है। आज यहां विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों और शोध मॉडलों को देखकर मैं निःशब्द हूं। फुटप्रिंट्स से बिजली उत्पादन जैसे अभिनव विचार यह दर्शाते हैं कि भारत का युवा केवल सीख नहीं रहा, बल्कि भविष्य के समाधान भी तैयार कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मूल उद्देश्य शिक्षा को तकनीक, रोजगार और संस्कार से जोड़ना है, और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी इस विज़न को प्रभावी ढंग से साकार कर रही है। यहां के विद्यार्थियों में मैंने तकनीक के साथ राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना भी देखी है। राष्ट्रभक्ति केवल सीमा पर देश की रक्षा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने ज्ञान, नवाचार और कर्म के माध्यम से देश को आगे बढ़ाना भी राष्ट्रसेवा है। संधू जी और उनकी टीम इसी भावना के साथ युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कर रही है। आज उत्तर प्रदेश देश का उभरता हुआ उच्च शिक्षा हब बन रहा है और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी जैसी विश्वस्तरीय संस्थाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन को नई गति दे रही है। मुझे विश्वास है कि यहां के विद्यार्थी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे और अपने ज्ञान, अनुसंधान तथा नवाचार से भारत को वैश्विक नेतृत्व की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# खाद्य प्रसंस्करण से बढ़ेगी किसानों की आय: केशव मौर्य

■ यूपी में फूड प्रोसेसिंग निवेश को मिलेगी रफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा युवाओं के लिए व्यापक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एक प्रभावी माध्यम सिद्ध होगा।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास एवं हरित ऊर्जा को समान प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। सौर ऊर्जा आधारित औद्योगिक मॉडल भविष्य की आवश्यकता है, जो उद्योगों को लागत में राहत देने के साथ आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

उप मुख्यमंत्री मौर्य ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध प्रोत्साहनों, अनुदानों एवं निवेश सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी प्रदेश में निवेश के लिए आगे आएं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके।

इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी.एल. मीणा की अध्यक्षता में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में गठित एप्रेजल समिति की बैठक आयोजित की गई।

## समाजवादी पार्टी का भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप

# आरक्षण छीनकर युवाओं का भविष्य किया अंधकारमय

■ भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं का निजीकरण और आउटसोर्सिंग कर युवाओं का हक मार रही है

■ सपा सरकार बनने पर जातिगत जनगणना, शिक्षक भर्ती का समाधान होगा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा सरकार पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के खिलाफ आरक्षण घोटाले का गंभीर आरोप लगाया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने और किसी भी भर्ती परीक्षा को पारदर्शी तरीके से पूरा कराने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी विभागों में जानबूझकर संवैधानिक आरक्षण के नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे पीडीए समाज के छात्र-छात्राओं को उनका वास्तविक अधिकार नहीं मिल पा रहा है। जो वर्ग आर्थिक और सामाजिक रूप से पहले से ही पिछड़े हैं, उन्हें सरकार और अधिक पीछे धकेलकर उनके भविष्य को पूरी तरह अंधकारमय बनाने का काम कर रही है। सरकार नियमित सरकारी नौकरियों को समाप्त कर आउटसोर्सिंग के जरिए भर्तियां कर रही है, जो युवाओं के साथ धोखा है और इससे केवल सरकारी खजाने को भरने का काम किया जा रहा है।

?इस दौरान जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने कहा कि आरक्षण व्यवस्था को परोक्ष रूप से समाप्त करने के लिए देश और प्रदेश की अधिकांश सरकारी संस्थाओं का धड़ल्ले से निजीकरण किया जा रहा है, ताकि युवाओं को आरक्षण की मांग करने का अवसर ही न मिले। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि अब समय आ गया है जब पीडीए समाज को पूरी तरह एकजुट होना होगा और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर सामाजिक न्याय के राज्य की स्थापना करनी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सपा की सरकार बनने पर ही हर वर्ग को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का वास्तविक लाभ मिल सकेगा। उन्होंने एलान किया कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के महज 90 दिनों के भीतर 69000 शिक्षक भर्ती के मामले का न्यायसंगत समाधान किया जाएगा और 90 दिनों के अंदर ही प्रदेश में जातिगत जनगणना कराकर सबको आनुपातिक हिस्सेदारी दी जाएगी। इस प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष टी0बी0 सिंह, अनिल पासी, ललिता राजपूत लोधी, अरविन्द गौतम, रितु अग्रवाल, बचान सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, चन्द्रशेखर यादव, अजय कुमार रावत, सोनीश कुमार मौर्या, बी0के0टी0 चेयरमैन गनेश रावत, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल, महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव एवं पूर्व पार्षद वीना रावत ने भी उपस्थित रहकर अपने विचार साझा किए।

# बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष आयोजन आज

अवधनामा ब्यूरो

■ 2027 तक यूपी को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12 जून 2026 (शुक्रवार) को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों के शिक्षा, सुरक्षा एवं समग्र विकास के अधिकारों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की उपस्थिति प्रस्तावित है। इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मुन्नू लाल कोरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव, श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग एम. के. शन्मुगा सुन्दरम तथा श्रमायुक्त मार्कण्डेय शाही सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में लगभग 800 प्रतिभागियों के सम्मिलित होने की संभावना है।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के माध्यम से वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने के लक्ष्य के प्रति जनसहभागिता को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही बाल श्रम निषेध से संबंधित विधिक प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे बाल श्रम के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में सक्रिय सहयोग करें तथा किसी भी बच्चे को श्रम में संलग्न न होने देने के लिए सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें। विभाग ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य उपलब्ध कराना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

# हिंदी उर्दू साझी विरासत का अहम हिस्सा

अवधनामा ब्यूरो



■ भारत जनकल्याण फाउंडेशन की जानिब से उर्दू अकादमी गोमती नगर लखनऊ में शानदार मुशायरा कवि सम्मेलन का आयोजन

**लखनऊ।** समाजी संस्था,,भारत जनकल्याण फाउंडेशन द्वारा,,उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ में, , आल इंडिया मुशायरा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देश प्रदेश के विख्यात शायरों, कवियों व शायरात ने शिरकत की.. जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर इम्तियाज सर्जन ने की और खूबसूरत निज़ामत युथ नाजिम आसिम काकोरवी ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित अभिनव नाथ, डॉक्टर मोहिउद्दीन खान, वरिष्ठ समाज सेविका फरह नाज, जैनब सिद्दीक़ी, त्रिपाठी, हम्माम वहीद, उपस्थित हुए। गुफरान चुलबुल ने अपने हास्य से लोगों का दिल जीत लिया। इस प्रोग्राम में अपनी रचनाएं पेश करने वाले मशहूर शायर चांदनी शबनम, अकमल बलरामपुरी, गुले सबा फतेहपुरी, निकहत मुरादाबादी, शाहिद बस्तवी, अरमान कुरेशी, ब्रह्मदेव शास्त्री, वसीम मज़हर, अलाउद्दीन सिद्धार्थनगरी के अलावा और भी लोगों ने अपनी कविताओं व शायरी के द्वारा लोगों का मन मोह लिया।

अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर इम्तियाज सर्जन ने कहा कि मुशायरा कवि सम्मेलन उर्दू के फरोग में अहम किरदार अदा कर रहे हैं और ये हमारी साझी विरासत का हिस्सा हे उन्हों ने कार्यक्रम के आयोजक को मुबारकबाद पेश की और कहा कि ये सफ़र जारी रहना चाहिए रिजवान बिल्डर ने बताया की हिंदी व उर्दू साहित्य का आपस में बहुत ही गहरा रिश्ता है और यह बिल्कुल सच है कि साहित्य ने हमेशा समाज के हर समुदाय के दिलों को जोड़ने का काम किया है यही वजह है की जो भी एक बार साहित्य से जुड़ता है वह जिंदगी भर साहित्य की सेवा करता रहता है।

उन्होंने ने यह भी बताया कि आज पूरे समाज के हर समुदाय के दिलों को जोड़ना है तो कहीं ना कहीं साहित्य का सहारा लेना ही पड़ेगा और इस तरह के साहित्यिक प्रोग्राम से भारत की अखंडता को, भारत की गंगा जमुनी तहजीब को मजबूती मिलती है।

रिजवान बिल्डर ने आए हुए तमाम मेहमानों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में अफजल खान, फैजान खान, चंदन गुप्ता, सिराज अंसारी, मुजीब खान असलम अहम रोल रहा।

इस मौके पर समाज सेवी सईद हाशमी, सत्यम रौशन,जैनब सिद्दीक़ी, डॉक्टर मसीहुद्दीन खान, अनवर, फरह नाज, सहित दर्जनों लोगों को विशेष सम्मान से नवाजा गया इस कवि सम्मेलन व मुशायरे में सरफराज जाहिद, आसिफ रिज़वी, डॉक्टर अब्दुल रहीम, अखिलेश चौहान, देवेन्द्र प्रताप सिंह, बिलाल खान, राम कुमार, चौधरी सलमान क़ादिर, हाफिज सय्यद वसी, अब्दुल हफीज सिद्दिकी, आदि मौजूद रहे।

## जलसाए शोहदाए ईरान आज

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ईरान के शहीदों और रहबर-ए-इंकलाब क़ो याद करते हुए मदरसा कुरआनो इतरत, हैदरी मस्जिद, मुफ़्तीगंज लखनऊ में एक विशेष ताज़यती जलसे का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 12 जून शुक्रवार को रात 7:30 बजे आयोजित होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत-ए-कुरआन पाक से होगी। इसके बाद मदरसे के तोलबा एवं बच्चे तकरीरें एवं ताज़यती तराना पेश करेंगे। कार्यक्रम में उलमा-ए-किराम भी शोहदाए ईरान के जीवन, कुर्बानियों और इस्लामी मूल्यों की रक्षा में उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

आयोजन के दरमियान मजलिस-ए-अज़ा भी आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में मोमिनीन की शिरकत की गुज़ारिश है। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर शहीदों को खि़राज-ए-अकीदत पेश करने की अपील की है।

# ईदे मुबाहिला पर जगह-जगह सजीं महफिलें

■ शायरों ने पेश किये कलाम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ईद मुबाहिला के मौके पर बृहस्पतिवार को इमामबाड़ों, रौजों, कर्बलाओं और मस्जिदों में महफिल-मीलाद और नज्र का आयोजन किया गया, जिसमें उलमा व जाकिरों ने मुबाहिला के महत्व पर रोशनी डालते हुए पंजेतन पाक की अजमत व फजीलत बयान की। मस्जिद मलका किश्वर कश्मीरी मोहल्ला में आल इंडिया जश्ने गदीर व मुबाहिला का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। महफिल का आगाज कारी मुबारक जैदी ने तिलावते कुराने पाक से और संचालन नय्यर मजीदी ने किया। इस मौके पर शायर-ए-अहलेबैत जर्रार अकबराबादी, एजाज़ जैदी, नासिर जरवली, शकील उतरौलवी, नायाब हल्लौरी, हिलाल नक़वी, नजफ उतरौलवी, ज़र्मरूद कानपुरी, फरीद मुस्तफा, हबीब शारबी, बक़ार सुल्तानपुरी, हसन मीरपुरी, ज़की भारती, सलमान तबिश, अफरोज़ दत्यावी, अज़हर मोहानी, कंबर नक़वी, फरमान लखनवी, आरिफ अकबराबादी और फैज़ान जाफर आदि ने अपने कलाम पेश किये। महफिल के बाद कुरआंदाज़ी (लॉटरी सिस्टम) के जरिए मौजूद लोगों के बीच 100 कुर्ते-पजामे और अन्य उपहार वितरित किये गये। अंजुमन रजाए हुसैन की ओर से कर्बला दियानुतदौला में आयोजित महफिल को मौलाना गुलाम हुसैन सदफ जौनपुरी ने ख़िताब किया। इस मौके पर हसन आबिद ने मुबाहिला पर अपने कलाम पेश किये।

### इमामबाड़ा अमीर महल में इस्तक़बाल ए अजा आज से

**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों की याद में इमामबाड़ा अमीर महल साहिबा रस्सी बटान मौलवीगंज में शुक्रवार से 16 जून तक पांच दिवसीय मजलिसों का आयोजन किया जायेगा। इन मजलिसों को मौलाना सैयद मोहम्मद अस्करी मशहदी रात 9 बजे ख़िताब करेंगे। मजलिसों का आयोजन अंजुमन कदीम आले एबा ने किया है।